राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 18 मई 2026
वर्ष 07, अंक 222, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

यूपी में अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय बढ़कर हुआ 17 हजार......03

राजधानी एक्सप्रेस अग्निकांडः 15 मिनट में सभी यात्रियों को निकाला बाहर?...12

# गंगा में नॉनवेज फूज वेस्ट फेंकने से आहत हो सकती हैं हिंदुओं की भावनाएं... हाई कोर्ट

● गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान मांसाहारी भोजन करने और बचा हुआ कचरा नदी में फेंकने के मामले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है. जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला और जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की पीठ ने कहा कि ऐसा कृत्य हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकता है।



वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान मांसाहारी भोजन करने और बचा हुआ कचरा नदी में फेंकने के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है. हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसा कृत्य हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकता है. जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला और जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की पीठ ने वाराणसी की घटना से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इस बीच हाई कोर्ट ने वाराणसी में गंगा की लहरों पर इफ्तार करने वाले आठ आरोपियों की अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें सशर्त जमानत दे दी. उनके खिलाफ गंगा की बीच धारा में नाव पर रमजान के महीने में इफ्तार कर मांस खाने के बाद हड्डियां गंगा में फेंककर लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है. जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला की एकलपीठ ने पांच और जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकलपीठ ने तीन आरोपियों की अलग-अलग याचिकाओं पर यह आदेश दिया है. अपने हलफनामे में आरोपियों ने माफी मांगी है. इस आधार पर उन्हें यह राहत दी गई है।

**कोर्ट ने क्यों दी जमानत?**

जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला ने कहा कि यह मामला मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी से संबंधित है. इस पार्टी के दौरान भोजन करते समय, मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने मांसाहारी भोजन का सेवन किया, जिसके अवशेष उन्होंने गंगा नदी में फेंक दिए. कोर्ट की निष्पक्ष राय में, यह तथ्य हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला सिद्ध हुआ है. हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि उनके पश्चाताप व्यक्त करने को जमानत देने के लिए विचारणीय माना जा सकता है. इसमें कहा गया है कि न केवल आरोपियों ने, बल्कि उनके परिवारों ने भी 'समाज को हुई पीड़ा' के लिए खेद व्यक्त किया है.

**आरोपियों की दलीलें पश्चाताप को दर्शाती है**

जस्टिस ने आगे यह भी कहा कि कोर्ट इस बात को भी समझता है कि किसी आपराधिक मामले में अभियोजन का सामना करते समय, आरोपी की ओर से हलफनामा दायर करने वाला व्यक्ति अपने अपराध को स्पष्ट रूप से स्वीकार नहीं कर सकता; इसके अलावा, जब कोर्ट जमानत देने पर विचार कर रहा हो, तो कथित अपराध को स्वीकार करना अनुचित होता है. हालांकि, कोर्ट के समक्ष जमानत याचिकाओं के समर्थन में दायर किए गए हलफनामे और साथ ही आवेदकों के वकील द्वारा दी गई दलीलें किए गए कृत्यों के प्रति वास्तविक पश्चाताप को दर्शाते हैं।

**नाव मालिक के आरोप संदेह के घेरे में**

वहीं कोर्ट ने यह भी पाया कि आरोपियों के खिलाफ शुरू में लगाए गए किसी भी अपराध के लिए अधिकतम सजा सात वर्ष से अधिक कारावास की नहीं है. इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने नाव मालिक के इस आरोप के संबंध में संदेह व्यक्त किया कि आरोपी ने उसकी नाव पर जबरन कब्जा कर लिया था. यह कहना ही काफी होगा कि मामला दर्ज होने से पहले, उक्त नाविक ने अपने साथ हुई कथित जबरन वसूली के संबंध में कोई रिपोर्ट या शिकायत दर्ज नहीं कराई थी. हाई कोर्ट की प्रथम दृष्ट्या राय में, नाविक अनिल साहनी द्वारा जबरन वसूली के आरोपों को सामने लाने में की गई देरी, उसकी कहानी की सत्यता पर संदेह पैदा करती है।

# उपभोक्ता संरक्षण कानून की सवैधानिक वैधता को चुनौती

● दिल्ली हाई कोर्ट ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की कुछ धाराओं की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि ये धाराएं राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (NCDRC) को महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न तय करने का अधिकार देती हैं, जो केवल संवैधानिक अदालतों के पास होना चाहिए।



दिल्ली हाई कोर्ट ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की कुछ धाराओं की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने केंद्र सरकार और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय को छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर 2026 को होगी। याचिकाकर्ता एन. प्रियंवदा और अन्य की ओर से दायर की गई है, जिसमें उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 51(2), 51(3) और 51(4) के साथ-साथ उपभोक्ता आयोग प्रक्रिया विनियम, 2020 के विनियम 12 को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इन प्रविधानों के जरिए राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) को महत्वपूर्ण विधिक प्रश्न तय करने और उस पर फैसला देने का अधिकार दिया गया है, जबकि ऐसा अधिकार संवैधानिक रूप से केवल हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जैसे न्यायालयों के पास होना चाहिए। याचिका में कहा गया कि धारा 51(2) के तहत दूसरी अपील केवल उन मामलों में स्वीकार की जाती है जिनमें महत्वपूर्ण विधिक प्रश्न शामिल हों। वहीं धारा 51(3) और 51(4) एनसीडीआरसी को ऐसे प्रश्न तैयार करने और उन पर निर्णय देने का अधिकार देती हैं। याचिकाकर्ताओं के अनुसार यह व्यवस्था सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 100 के तहत हाई कोर्ट को प्राप्त अधिकारों जैसी है, लेकिन इसमें वैसी न्यायिक सुरक्षा और संवैधानिक संरचना मौजूद नहीं है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि मौजूदा कानून के तहत तकनीकी या गैर-न्यायिक सदस्यों वाली पीठें भी महत्वपूर्ण विधिक प्रश्नों पर फैसला दे सकती हैं। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों में स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार के न्यायिक अधिकार केवल संवैधानिक अदालतों के पास होने चाहिए।

**NCDRC के आदेशों के खिलाफ वैधानिक अपील का प्रविधान नहीं**

याचिका में कहा गया कि एनसीडीआरसी के आदेशों के खिलाफ आगे किसी वैधानिक अपील का प्रविधान नहीं होने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। याचिकाकर्ताओं ने ऐसे मामलों का भी हवाला दिया, जिनमें गैर-न्यायिक सदस्यों वाली पीठों ने यह कहते हुए दूसरी अपील खारिज कर दी कि उसमें कोई महत्वपूर्ण विधिक प्रश्न नहीं बनता। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि विवादित प्रविधान संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करते हैं, क्योंकि वे न्यायिक स्वतंत्रता और संस्थागत सुरक्षा के अभाव वाला मनमाना न्यायिक ढांचा तैयार करते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सैलून मैनेजर आत्महत्या प्रकरणः लखनऊ में बिल्डर के ऑफिस पर बुलडोजर



**लखनऊ।** शहीद पथ स्थित शालीमार वन वर्ल्ड में सैलून मैनेजर रतना सिंह आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने आरोपितों पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की मदद से शनिवार को आरोपित बिल्डर के आफिस का अवैध हिस्सा बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। निर्माणाधीन अपार्टमेंट व आफिस को सील करने के लिए एलडीए को पत्र लिखा है। बिल्डर समेत चारों आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। आरोपितों की तलाश में पुलिस बाराबंकी, गोरखपुर, देवरिया समेत पांच जिलों में दबिश दे रही है। उधर, इंस्पेक्टर गोमती नगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट लेने की भी तैयारी है। पुलिस उपायुक्त(डीसीपी) पूर्वी डा. दीक्षा शर्मा ने बताया कि गोरखपुर के कैंट क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय रतना सिंह मानसून सैलून में मैनेजर थीं। उन्होंने सोमवार रात (11 मई) शालीमार वन वर्ल्ड स्थित अपने फ्लैट में आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले रतना ने वीडियो बनाकर बिल्डर एवं होटल संचालक शरद सिंह, उनकी पत्नी पल्लवी, मंगलनाथ यादव, वैशाली समेत अन्य लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया था। पिता ने बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को गोमती नगर विस्तार पुलिस ने शरद सिंह से जुड़े विरासत होटल, सैलून और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सील किया था। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर शनिवार को स्विफ्ट कार (यूपी 32 ईयू 0777), स्कार्पियो एन (यूपी32 एनपी 0777) और वोल्वो (यूपी32 केएल 0777) को केस प्रापर्टी बनाकर दाखिल कर दिया है। डीसीपी ने बताया कि फरार आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित कर दबिश दी जा रही है। आरोपित बिल्डर से जुड़े निर्माणाधीन अपार्टमेंट, बिल्डिंग और उसके आफिस की जांच के लिए एलडीए को पत्र लिखा गया है। एलडीए की टीम निर्माण कार्यों से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। गोमती नगर विस्तार पुलिस ने फरार आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराया है।

# छोटे भाई ने बड़े भाई के पूरे परिवार को काटा, आंगनबाड़ी ड्रेस से मिला सूटकेस में बंद चार लाशों का सुराग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना-** बिहार के कैमूर में एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है। यहां छोटे भाई विकास गुप्ता ने साथियों संग मिलकर अपने बड़े भाई, भाभी और दो मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी। शवों के टुकड़े कर सूटकेस और बोरियों में अलग-अलग नदी-नहरों में फेंक दिया। बिहार के कैमूर में रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात को एक भाई ने अंजाम दिया था। रामगढ़ के डहरक गांव में छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई कृष्ण मुरारी गुप्ता, उनकी पत्नी और दो बच्चों की धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या की ये वारदात इतनी वीभत्स थी कि आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने के लिए सभी चारों शवों के सिर धड़ से अलग किए। फिर धड़ को सूटकेस और बोरियों में भरकर नदी में फेंक दिया। इसका खुलासा तब हुआ जब पुलिस को नदी और नहर से सिर कटी लाशें बरामद हुईं। मुख्य आरोपी भाई को मध्य प्रदेश से दबोचा गया। छोटे भाई को पुलिस ने मध्य प्रदेश से पकड़ा सूटकेस और बोरियों से खुला खौफनाक राज इस सनसनीखेज वारदात की शुरुआत 10 मई को हुई, जब चौसा-मोहनियां एनएच-319ए पर स्थित पनसेरवा दुर्गावती नदी से दो सूटकेस मिले, जिनमें सिर कटे शव भरे थे। इसके ठीक दो दिन बाद अभैदे विश्वकर्मा पंप नहर की पुलिया के पास दो बोरियों में शवों के अन्य हिस्से बरामद हुए। एक साथ चार सिर कटी लाशें मिलने से कैमूर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए तुरंत एसआईटी (SIT), डॉग स्क्वायड और एफएसएल (स्नस्रु) की टीमों को तफ्तीश में लगाया गया।

**मासूम की आंगनबाड़ी ड्रेस से मिला सुराग**

तफ्तीश के दौरान शवों के पास से एक बच्ची की आंगनबाड़ी ड्रेस मिली, जो जांच में सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई। छानबीन में पता चला कि डहरक गांव के कृष्ण मुरारी गुप्ता की बेटी कृति 6 मई से आंगनबाड़ी नहीं आ रही थी। एसपी हरिमोहन शुक्ला और एसडीपीओ प्रदीप कुमार की मौजूदगी में जब कृष्ण मुरारी के बंद घर का ताला तोड़ा गया।

जब पुलिस घर के अंदर घुसी तो खून के धब्बे और बदबू फैली हुई थी।

**कृष्ण मुरारी गुप्ता का भाइयों से था विवाद**

ग्रामीणों के मुताबिक, मृतक कृष्ण मुरारी गुप्ता चार भाइयों में सबसे बड़े था और उसका स्वभाव काफी विवादित था। उसका अपने भाइयों से अक्सर झगड़ा होता रहता था और वो कथित तौर पर अपने भाइयों की शादी भी नहीं होने दे रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, कृष्ण मुरारी का खुद का आपराधिक इतिहास था। वो साल 2020 में अपने ही साले सूरज गुप्ता की हत्या के आरोप में जेल भी जा चुका था। यही पारिवारिक रंजिश और पुराना विवाद इस नरसंहार की मुख्य वजह बना।

**मध्य प्रदेश से आरोपी भाई गिरफ्तार**

मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मोबाइल सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी भाई विकास कुमार गुप्ता को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ के बाद अकोढ़ी के पास



दुर्गावती नदी किनारे से एक महिला और एक पुरुष का कटा हुआ सिर बरामद कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों का मानना है कि इस जघन्य हत्याकांड को विकास ने तीन-चार साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया है, जिसकी तह तक जाने के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है। बाकी दो बच्चों के सिर की मोबाइल सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी भाई विकास कुमार गुप्ता को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ के बाद अकोढ़ी के पास दुर्गावती नदी किनारे से एक महिला और एक पुरुष का कटा हुआ सिर बरामद कर लिया गया है।

# लखनऊः राजू बनकर आमिर ने युवती से की दोस्ती, दुष्कर्म के बाद बनाया मतांतरण का दबाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में मुस्लिम युवक ने राजू नाम बताकर युवती को प्रेम जाल में फंसाया। फिर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। आरोपिक का धर्म पता चलने पर पीड़िता ने दूरी बनायी तो उसने ब्लैकमेल करते यौन शोषण किया। शादी की बात करने पर मतांतरण करने का दबाव बनाया। इनकार पर वीडियो डिलीट करने के एवज में 25 हजार ऐंठ लिए। मुकरने पर पीड़िता ने विरोध किया तो परिवार संग मिलकर पीटा। डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा के आदेश पर चिनहट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**यह है पूरा मामला-** चिनहट निवासी 20 वर्षीय युवती ने बताया कि राजू शादी के नाम पर यौन शोषण करता रहा। इस दौरान आरोपित ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। कुछ दिन बाद पीड़िता को पता चला कि आरोपित राजू मुस्लिम है। उसका असली नाम आमिर है। पीड़िता ने दूरी बनाने का प्रयास किया तो आरोपित ने दबाव बनाना शुरु कर दिया। पीड़िता का वीडियो व फोटो मोबाइल पर दिखायी। ब्लैकमेल करते हुए उसने यौन शोषण का दबाव बनाया। पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपित ने मतांतरण की बात कही। बोला कि मतांतरण करने पर निकाह कर लेगा। इनकार करते हुए पीड़िता ने वीडियो डिलीट करने की मांग की। इसपर आरोपित ने 10 मई को उसे बुलाया। वीडियो डिलीट करने के एवज में 25 हजार रुपये की मांग की। व्यवस्था कर पीड़िता रुपये लेकर आरोपित के घर गयी। रुपये देने के बाद पीड़िता ने वीडियो डिलीट करने को कहा तो आरोपित ने उसकी पिटाई कर दी। चीखपुकार मचने पर आरोपित के माता, पिता, भाई व बहन आए। गाली-गलौज करते हुए सभी ने पीड़िता को बेरहमी से पीटा। जिसमें वह चोटिल हो गयी। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है।

# झील में डूबने से किशोर की मौत, अवैध खनन पर सवाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** किसान पथ स्थित साहू कालोनी के किनारे बनी झील में शनिवार दोपहर एक किशोर अपने भाई और दो दोस्तों के साथ नहाने गया, जहां वह डूब गया। स्थानीय लोगों ने किशोर को खोजने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पीजीआइ थाने की पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय गोताखोरों ने काफी देर तक खोजबीन की, जिसके बाद किशोर को झील से बाहर निकाला गया, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी खनन के कारण झील की गहराई बढ़ गई है। रायबरेली रोड स्थित सभा खेड़ा निवासी राकेश, जो पीजीआइ में संविदा पर सफाईकर्मी हैं, का 13 वर्षीय बेटा जितेंद्र अपने छोटे भाई मनीष और दोस्तों पुनीत तथा हिमांशु के साथ झील में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख उसके दोस्तों ने शोर मचाया और आसपास के लोग भी पहुंचे, लेकिन तब तक जितेंद्र डूब चुका था। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी की गहराई के कारण कोई सफलता नहीं मिली। पीजीआइ पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों ने किशोर की खोजबीन शुरू की। एक घंटे की तलाश के बाद किशोर को अचेत अवस्था में झील से बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसे एसजीपीजीआइ की इमरजेंसी में पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से परिवारजन गहरे सदमे में हैं। पीजीआइ थाने के इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि परिवार ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ वर्षो पहले तक यह झील करीब 36 बीघे में फैली थी। किसान पथ के निर्माण के दौरान बड़े पैमाने पर यहां से मिट्टी का खनन हुआ। अवैध खननकर्ताओं ने भी इसका फायदा उठाया और काफी मिट्टी बेच डाली। नतीजतन झील काफी गहरी हो गई।

# बिहारः कटिहार में एक साथ गरजे 10 बुलडोजर... 8 एकड़ जमीन कब्जा मुक्त, भारी पुलिस बल तैनात

● बिहार के कटिहार में जिला प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर 8 एकड़ से अधिक सरकारी जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई. लगभग 10 बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला, जिसका लोगों ने भारी विरोध किया. कई परिवारों के आशियाने टूटे, जिससे तनाव और भावुक क्षण देखने को मिले. प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिहार के कटिहार जिले में जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8 एकड़ जमीन कब्जा मुक्त कराया है. कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन की टीम करीब 10 बुलडोजर के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी. इस दौरान लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. हालांकि, कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही. इस दौरान अपने आशियाने को टूटता देख लोगों की आंखें नम हो गई।

कटिहार में कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने बड़ा बुलडोजर अभियान चलाया. वर्षों से बसे लोगों के घर देखते ही देखते मलबे में बदल गए. नगर थाना क्षेत्र के गामी टोला में प्रशासनिक टीम करीब 10 बुलडोजर और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और 8 एकड़ 56 डिसमिल जमीन को खाली कराया. जमीन विवाद मामले में महंत मदन कुमार दास के पक्ष में कोर्ट का फैसला आने के बाद यह कार्रवाई की गई।

**बुलडोजर एक्शन से लोगों में नाराजगी**

बुलडोजर चलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने विरोध शुरू कर दिया. कई परिवार अपने टूटते आशियाने देख रो पड़े. इस दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई. हालात बिगड़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया, विरोध के बावजूद प्रशासन कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कार्रवाई में जुटा रहा. घंटों चले अभियान के बाद पूरी जमीन खाली करा ली गई. फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात है.

**भारी पुलिस फोर्स तैनात**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स के साथ कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है. यहां रहने लोगों को पहले से ही नोटिस दिया जा चुका है. इसके बाद भी लोग जगह खाली करने को तैयार नहीं थे. उन्होंने कहा कि हम कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे हैं।

# होमगार्ड भर्ती पेपर लीक मामला; कानपुर के बीएनएसडी कॉलेज के प्रधानाचार्य समेत 5 शिक्षक निलंबित

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2025 में गड़बड़ी के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआइओएस) ने बड़ी कार्रवाई की है। बीएनएसडी इंटर कालेज, चुन्नीगंज के प्रधानाचार्य समेत पांच शिक्षकों के निलंबन करने का आदेश जारी किया है। सभी पर परीक्षा केंद्र संचालन में लापरवाही, अनियमितता और तथ्यों को छिपाने के आरोप हैं। इस खबर को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से उठाया था, जमानत मिलने के बाद सभी आरोपितों के विद्यालय पहुंचने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। डीआइओएस डा. संतोष कुमार राय की ओर से जारी आदेश के अनुसार 25 अप्रैल को बीएनएसडी इंटर कालेज में बने केंद्र संख्या-53005 पर आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली में हुई आपराधिक घटना के बाद यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना कर्नलगंज में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में परीक्षा संचालन और पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही सामने आने पर एक मई को विद्यालय प्रबंधन ने प्रशासनिक समिति और प्रबंध समिति की बैठकों में संबंधित शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया था। इसके बाद निलंबन अनुमोदन के लिए प्रस्ताव डीआइओएस कार्यालय भेजा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष हरिकेश तिवारी ने अपने संगठन का किया विस्तार



**शुकुल बाजार अमेठी।** भारतीय किसान यूनियन भानू, ब्लॉक शुकुल बाजार की संगठन विस्तार बैठक पांडेगंज चौराहा पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों में राजकिशोर पाल को ब्लॉक उपाध्यक्ष, मनीष तिवारी को ब्लॉक महामंत्री, संत कुमार दुबे को ब्लॉक मंत्री, बद्री विशाल तिवारी को ग्राम पंचायत अध्यक्ष तेंदुआ, विकास शुक्ला को ग्राम पंचायत अध्यक्ष एक्कताजपुर, विजय साहू को वाहन प्रमुख, बृजेश शुक्ला को ग्राम पंचायत अध्यक्ष बूबूपुर, बृजेश पांडे को ग्राम पंचायत अध्यक्ष उरेरमऊ तथा किरण पासी को महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया।बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हरिकेश तिवारी युवा जिला अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा ब्लॉक सरक्षक डॉ ओंकार नाथ सिंह ब्लॉक प्रभारी बद्री तिवारी की उपस्थिति रही। इस दौरान एक दर्जन किसानों ने भारतीय किसान यूनियन भानू की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।बैठक में किसानों के अधिकार, सम्मान एवं हितों की रक्षा हेतु निरंतर संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। ब्लॉक अध्यक्ष हरिकेश तिवारी ने कहा कि किसानों के हित के लिए लगातार संघर्ष जारी रहेगा।

### प्यार या पागलपन ? बुर्का पहनकर टावर पर चढ़ी युवती, मचा हड़कंप



**बस्ती।** बस्ती जिले की एक मुस्लिम महिला बार-बार प्रशासन को गुमराह करके ड्राइवर पर चढ़ जाती है और अपने आशिक को बुलाने के लिए दबाव बना रही है ताजा मामला रुधौली थाना क्षेत्र के हनुमानगंज चौकी के पास मुड़ाडीहा उर्फ भोपालपुर गांव में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बुर्का पहनी एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई, देखते ही देखते मौके पर हजारों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक यही युवती दो दिन पहले वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पड़िया चौराहे पर भी टावर पर चढ़ चुकी है. घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पुलिस टीम युवती को समझाने और सुरक्षित नीचे उतारने में जुटी रही।सवाल उठ रहे हैं कि प्रशासन के समझाने के बाद भी युवती बार-बार ऐसा क्यों कर रही है। लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने और दबाव बनाने के लिए अब लोग जान दांव पर लगाने लगे हैं। इस घटना से कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बच्चों-युवाओं में गलत संदेश जा रहा है। पुलिस का कहना है कि युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है. पूरे मामले की जांच की जा रही है और युवती से पूछताछ के बाद ही वजह साफ हो पाएगी। फिलहाल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे खतरनाक स्टंट से बचें अगर समय रहते सख्ती नहीं हुई तो यह ट्रेंड बन सकता है।

### शर्मनाक: रिश्ते का मामा भांजी संग फरार

**रिश्तेदार युवक पर मुकदमा दर्ज**

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री के लापता होने एवं रिश्तेदारी के युवक पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 15 मई की सुबह करीब 8 बजे जीजीआईसी स्कूल तालबेहट पढ़ने गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने संभावित स्थानों एवं रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि उसका भांजा अभिषेक कुशवाहा पुत्र मुन्नीलाल निवासी गेदौरा थाना बार जनपद ललितपुर कथित रूप से छात्रा को स्कूल से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर पर लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला

● मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आये मरीजों की हुई नि:शुल्क जांच एवं मरीजों को वितरित की गई नि:शुल्क दवाइयां

● शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगता है मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र से आये हुए सभी प्रकार के मरीजों का इलाज हुआ । मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में सभी प्रकार की जांच नि:शुल्क होती है और सभी प्रकार की दवाइयां सभी मरीजों को नि:शुल्क वितरित की जाती है ।प्रदेश सरकार के आदेशानुसार मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक लगता है । उसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला सुबह 10 बजे से शुरू हुआ । स्वास्थ्य मेला में मरीजों की लम्बी कतार लगी हुई थी । मरीजों का नि:शुल्क जांच हुआ और हर प्रकार की दवाइयां मरीजों को नि:शुल्क वितरित की गई । डा0 प्रभाकर चौधरी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला में आये हुए मरीजों को अन्य रोगों के बारे में जानकारी दी तथा रोगों से बचाव हेतु उपचार के बारे में भी जानकारी दी गई । डा0 प्रभाकर चौधरी ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही मानव का सबसे बड़ा धन है जब शरीर ही स्वस्थ नही है तो सब कुछ बेकार है । मुख्यमंत्री जन आरोग्य जन स्वास्थ्य मेला गरीब व असहाय मरीजों के लिए रामबाण औषधि की तरह लाभदायक है क्योंकि पहले रविवार को प्रत्येक सरकारी अस्पताल बन्द रहता था और मरीजों को इलाज के लिए इधर उधर भटकना पड़ता था लेकिन अब रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला लगने के कारण मरीजों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है और आसानी से चिकित्सा सुविधाएं मिल रही है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में लगभग 30 मरीजों ने नि:शुल्क जांच एवं इलाज कराया । मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला के दौरान डा0 प्रभाकर चौधरी, एल टी अभय कुमार पाण्डेय, फार्मासिस्ट चन्द्र प्रकाश , वार्ड ब्याय महेन्द्र चौधरी , वार्ड ब्याय राजदेव समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## ग्राम पंचायत मुड़बरा में तालाब सफाई के नाम पर फर्जी मास्टर रोल जारी सरकारी धन की हो रही है लुट

● ग्राम पंचायत मुड़बरा में हो रहे मनरेगा भ्रष्टाचार को रोकना बीडीओ विनय कुमार द्विवेदी

● मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर वाह - वाही लूट रही रोजगार सेवक सुनीता वर्माएपीओ मनरेगा , सचिव एवं टीए ( जेई ) ग्राम पंचायत मुड़बरा के बने मनरेगा भ्रष्टाचार के खेवनहार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड हरैया की ग्राम पंचायत मुड़बरा में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। तालाब खुदाई व सफाई के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायतों ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में कागजों पर ही कार्य दिखाकर मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है, जबकि वास्तविकता में मौके पर काम नगण्य या बिल्कुल नहीं हुआ। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका और भी गहरा गई है। बताया जा रहा है कि तालाब खुदाई और सफाई जैसे कार्यों में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं, जिससे मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पूरे प्रकरण में ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र चौधरी की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं रोजगार सेवक सुनीता वर्मा पर भी मजदूरों की उपस्थिति फर्जी तरीके से दर्ज कर भुगतान प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना कार्य कराए ही भुगतान निकालने का खेल लंबे समय से चल रहा है, जिससे वास्तविक लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।सूत्रों की मानें तो इस कथित फर्जीवाड़े में संबंधित विभाग के कुछ अन्य कर्मियों की मिलीभगत की भी चर्चा है। इसमें मनरेगा से जुड़े एपीओ, ग्राम सचिव तथा तकनीकी सहायक (जेई) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कमीशनखोरी के चलते विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता को दरकिनार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जिन कार्यों के लिए लाखों रुपये के भुगतान का उल्लेख किया गया है, वे कार्य जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। इससे ग्राम पंचायत के समुचित विकास पर भी असर पड़ रहा है और लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले को लेकर जब खण्ड विकास अधिकारी हरैया विनय कुमार द्विवेदी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती हैं तो जांच कराकर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और जांच के बाद क्या सच्चाई सामने आती है। यदि समय रहते इस प्रकार की अनियमितताओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो शासन की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित होकर रह जाएंगी और ग्रामीणों का विश्वास भी डगमगा सकता है ?

## व्यापारी बंधुओं के साथ थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने की गोष्ठी

● सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर दिया विशेष जोर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष विवेक वर्मा द्वारा स्थानीय व्यापारी बंधुओं के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़े दर्जनों व्यापारियों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं व सुझावों को खुलकर रखा।गोष्ठी के दौरान थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने शासन द्वारा जारी नवीनतम आदेशों एवं निर्देशों की विस्तृत जानकारी व्यापारियों को दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सुरक्षा को लेकर सतर्कता अत्यंत आवश्यक है, ऐसे में सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन उपकरण रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने की सलाह दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।थानाध्यक्ष ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय ही मजबूत कानून व्यवस्था की आधारशिला है। इसी उद्देश्य से इस प्रकार की गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, ताकि आपसी संवाद बना रहे और समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके।बैठक में मौजूद व्यापारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कुछ सुझाव दिए।गोष्ठी के अंत में थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था कायम रखी जा सके। इस अवसर पर पुलिस स्टाफ के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## श्री सिंह वाहिनी माता मंदिर पतरुआ धाम

● भव्य सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला सिद्धनपुरा वार्ड नंबर-1 स्थित श्री श्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मंदिर, हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर पतरुआ धाम में रविवार को धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। यहां श्री सिंह वाहिनी संकीर्तन मंडली द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी बाबा प्राण किशन दास जी महाराज द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कराई गई। पूजन के उपरांत श्री सिंह वाहिनी संकीर्तन मंडली ने भगवान का आवाहन करते हुए श्रद्धा और भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। पाठ पूर्ण होने के बाद मंडली द्वारा भव्य भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिसमें मौजूद श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम के समापन पर आरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त किया और मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

## जाली नोटों के नेटवर्क पर बस्ती पुलिस का बड़ा प्रहार, गैंगस्टर एक्ट में तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना पुलिस ने भारतीय जाली करेंसी नोटों के मुद्रण, परिवहन और परिचालन से जुड़े गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत नें बताया कि भारतीय जाली करेंसी नोटों के अवैध कारोबार से जुड़े मामले में थाना छावनी पर पहले से मुकदमा दर्ज था। इसी मामले में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मु0अ0सं0 98/2026 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में जगबहादुर पटेल निवासी करनपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर, शिव कुमार कनौजिया निवासी गरगड़वा थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर तथा राजकुमार गुप्ता निवासी महुली बाजार थाना महुली जनपद संतकबीरनगर शामिल हैं। पुलिस ने जगबहादुर पटेल और शिव कुमार कनौजिया को जेएनवीटी अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया, जबकि राजकुमार गुप्ता को ग्राम महदेवा के समीप सड़क किनारे से दबोचा गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी शिव कुमार कनौजिया के खिलाफ पहले भी कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें मारपीट, धोखाधड़ी, जालसाजी और एससी/एसटी एक्ट से जुड़े आरोप शामिल हैं। इस पूरी कार्रवाई को थाना छावनी पुलिस टीम ने अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है तथा मामले से जुड़े अन्य बिंदुओं की भी जांच जारी है।

## फर्जी इलाज के खेल पर मुण्डेरवा पुलिस का बड़ा प्रहारमहिला की मौत मामले में दो आरोपी दबोचे गए

● अवैध चिकित्सा गतिविधियों में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी से मचा हड़कंप थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिखाई सक्रियता, मुकदमे में वांछित दोनों अभियुक्त गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुण्डेरवा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक डा.यशवीर सिंह के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी रूधौली कुलदीप सिंह यादव के कुशल मार्गदर्शन में थाना मुण्डेरवा पुलिस ने महिला की संदिग्ध मौत के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गोदमवा मोड़ मुण्डेरवा क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया गया कि मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के लोहदर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी को शरीर में खुजली की शिकायत होने पर अमृत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था,जहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ द्वारा बिना चिकित्सकीय परामर्श के लगातार इंजेक्शन लगाए गए। तीसरा इंजेक्शन लगते ही महिला की हालत बिगड़ गई और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। आरोप है कि हालत गंभीर होने के बाद अस्पताल कर्मियों ने महिला को अस्पताल से बाहर कर दिया। परिजन आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना को गंभीरता से लेते हुए मुण्डेरवा पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और बेहद कम समय में दोनों आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस की इस तेज कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस की सतर्कता और सक्रियता से अवैध चिकित्सा कार्यों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्तों में बिहार के गोपालगंज जनपद निवासी कमलेश यादव तथा गोविन्द कुमार शर्मा शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय रवाना कर दिया है,जबकि मामले में अन्य वांछित अभियुक्तों की तलाश लगातार जारी है। पूरे प्रकरण में मुण्डेरवा पुलिस टीम की तत्परता, सूझबूझ और प्रभावी कार्यशैली की आमजन द्वारा खुलकर प्रशंसा की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन, उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार, अमेठी।** विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम सभा मवैया रहमतगढ़ के पूरे शुक्लन में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ के समापन अवसर पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग एवं सौजन्य से किया गया, जिसमें पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कथा के दौरान कथा व्यास निरमेश जी महाराज ने नौ दिनों तक भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और धर्म के प्रति उनके समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया। उनके मुखारविंद से निकली कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और जीवन में राम के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी।कथा के समापन के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा अमेठी के मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, पत्रकार दीपक पाठक, विकास शुक्ला, अरुण शुक्ला, सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी ने शांति एवं श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। ग्रामवासियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजकों की सराहना की।

## पुलिस मुठभेड़ में गौतस्कर गिरोह का पर्दाफाश, 8 आरोपी गिरफ्तार, अवैध तमंचा और चार गोवंश बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्तीजिले के परसरामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में कथित गौतस्करी गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि कुल आठ आरोपियों को दबोचते हुए चार गोवंश, अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत नें सी ओ हरैया स्वर्णिमा सिंह के मौजूदगी में बताया कि 16 मई 2026 को परसरामपुर थाना और एसओजी टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पचवारा बाग के पास कुछ लोग गोवंश तस्करी की तैयारी में जुटे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सात आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजेश यादव, शहबान उर्फ छोटू, आयुष प्रताप सिंह, शहजाद हुसैन, रामअवतार यादव, मुल्ली सोनकर और असलम शामिल हैं। इनके कब्जे से चार गोवंश बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान पुलिस को गिरोह के मुख्य आरोपी सदाम पुत्र मोहम्मद अफजल के बारे में जानकारी मिली। पुलिस जब उसकी तलाश में जुटी तो 17 मई को नटवापुल के पास आरोपी दिखाई दिया। पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई और मुठभेड़ के दौरान सदाम के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसरामपुर भेजा गया, जहां उसका इलाज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी सदाम एक पेशेवर गौतस्कर है, जो बस्ती, गोंडा और संतकबीरनगर समेत कई जिलों में सक्रिय गिरोह के माध्यम से गोवंश की तस्करी कर उन्हें बिहार तक पहुंचाने का काम करता था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मुख्य आरोपी सदाम पर हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, गोतस्करी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं। अन्य आरोपियों के खिलाफ भी अलग-अलग थानों में आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। इस कार्रवाई को एसओजी प्रभारी विकास यादव और थानाध्यक्ष परसरामपुर विश्वमोहन राय व पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को 25000 इनाम देने की घोषणा की गई

# नियंत्रित अनिश्चितता के दौर में अमेरिका और चीन

वैश्विक राजनीति के वर्तमान दौर में अमेरिका और चीन के बीच बीजिंग में आयोजित हुई उच्च स्तरीय बैठक को एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व एक जटिल और अभूतपूर्व दौर से गुजर रहा है, जहां क्षेत्रीय संघर्ष, ऊर्जा क्षेत्र की अस्थिरता, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितताएं और तकनीकी क्षेत्र में वर्चस्व की होड़ ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर भारी दबाव पैदा कर दिया है। ऐसी परिस्थितियों में दुनिया की 2 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष नेताओं का एक मंच पर आना और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना अपने आप में एक बड़ा संदेश देता है। हालांकि, यदि इस बैठक के वास्तविक और व्यावहारिक परिणामों का मूल्यांकन किया जाए, तो वे जनसाधारण और विश्लेषकों की अपेक्षाओं से काफी सीमित रहे हैं। दोनों पक्षों ने वैश्विक समुदाय को यह दिखाने का पूरा प्रयास किया कि वे सीधे सैन्य या राजनीतिक टकराव के बजाय संबंधों में स्थिरता और एक नियंत्रित प्रतिस्पर्धा के ढांचे के भीतर काम करना चाहते हैं। इस वार्ता के दौरान बातचीत का लहजा भले ही कूटनीतिक शिष्टाचार से परिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रहा हो, लेकिन जब बात बुनियादी रणनीतिक मतभेदों और दीर्घकालिक विवादों पर ठोस सहमति बनाने की आई, तो वहां कोई बड़ा बदलाव या ऐतिहासिक मोड़ देखने को नहीं मिला। यही कारण है कि इस पूरी कूटनीतिक कवायद को एक बड़े बदलाव की शुरुआत मानने के बजाय वैश्विक संतुलन को बनाए रखने का एक अस्थायी प्रयास माना जा रहा है। इस पूरी वार्ता के केंद्र में दोनों महाशक्तियों के बीच के आर्थिक और व्यापारिक संबंध रहे, जो पिछले कई वर्षों से गंभीर तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। दोनों देशों के नेतृत्व ने इस यथार्थ को पूरी गंभीरता से स्वीकार किया कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक ढांचे की स्थिरता इन दोनों के आपसी संबंधों पर टिकी है। अमेरिका और चीन जैसी 2 विशाल आर्थिक शक्तियों के बीच व्यापारिक संबंधों का पूरी तरह से टूट जाना न तो इन दोनों देशों के हित में होगा और न ही शेष विश्व इसके आर्थिक झटके को झेलने में सक्षम है। इसी समझ के आधार पर बैठक के दौरान कुछ सीमित आर्थिक संकेतों और समझौतों पर चर्चा आगे बढ़ी, जिनमें मुख्य रूप से कृषि उत्पादों की बड़े पैमाने पर खरीद, ऊर्जा व्यापार में सहयोग की संभावनाएं और विमानन उद्योग से जुड़े कुछ संभावित सौदे शामिल रहे। कुछ कूटनीतिक विवरणों से यह भी संकेत मिले कि चीन आने वाले समय में अमेरिकी कृषि उत्पादों और नागरिक उड्डयन क्षेत्र को 1 बड़ा क्रय प्रस्ताव देने पर विचार कर सकता है। लेकिन इन तमाम सकारात्मक चर्चाओं के बावजूद यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ये सभी कदम अभी बेहद शुरुआती और प्रारंभिक स्तर पर हैं। इन्हें किसी औपचारिक, व्यापक या दीर्घकालिक व्यापार समझौते का रूप नहीं दिया जा सका है, जो दोनों देशों के व्यापारिक असंतुलन को स्थाई रूप से दूर कर सके। व्यापारिक स्तर पर सहयोग की इस धीमी सुगबुगाहट के समांतर सबसे जटिल और विवादित विषय सीमा शुल्क और तकनीकी प्रतिबंधों का बना रहा। दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रहे व्यापार युद्ध और एक-दूसरे के उत्पादों पर लगाए गए भारी करों को कम करने की दिशा में इस बैठक से कोई ठोस और स्पष्ट कार्ययोजना सामने नहीं आ सकी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस उच्च स्तरीय बैठक का प्राथमिक उद्देश्य किसी नए या आदर्श वैश्विक व्यापार ढांचे की स्थापना करना था ही नहीं, बल्कि इसका तात्कालिक लक्ष्य मौजूदा आर्थिक तनाव को एक सीमा से अधिक बढ़ने से रोकना था। इस दृष्टिकोण से विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि यह वार्ता कूटनीतिक मोर्चे पर एक प्रकार के अस्थायी विराम की तरह काम कर रही है, जिसमें दोनों पक्ष अपने-अपने राष्ट्रीय और आर्थिक हितों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सीधे आर्थिक महायुद्ध से



बचने का मार्ग तलाश रहे हैं। इस पूरी बीजिंग वार्ता का सबसे संवेदनशील, जटिल और रणनीतिक रूप से खतरनाक विषय ताइवान का मुद्दा रहा। चीन ताइवान को अपनी मुख्य भूमि का अटूट हिस्सा और अपने संप्रभु क्षेत्र का एक अनिवार्य अंग मानता है, जबकि इसके विपरीत अमेरिका ताइवान के साथ मजबूत रणनीतिक, कूटनीतिक और रक्षा संबंध बनाए हुए है। इस मुद्दे पर चीनी पक्ष की ओर से अत्यंत कड़े और स्पष्ट शब्दों में यह संदेश दिया गया कि यदि ताइवान को लेकर स्थिति में कोई भी नकारात्मक बदलाव हुआ या अंतरराष्ट्रीय शक्तियों द्वारा स्थापित सीमाओं का उल्लंघन किया गया, तो दोनों महाशक्तियों के संबंध एक अत्यंत गंभीर संकट में फंस सकते हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी कूटनीति ने भी अपनी पारंपरिक नीति में किसी बड़े या क्रांतिकारी बदलाव का संकेत नहीं दिया। अमेरिका ने स्थिति को जानबूझकर रणनीतिक रूप से खुला रखने और अपनी पुरानी स्थिति पर अडिग रहने का दृष्टिकोण अपनाया। यह परस्पर विरोधी रुख साफ तौर पर यह दर्शाता है कि ताइवान का मुद्दा आने वाले समय में भी संपूर्ण एशिया प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा का सबसे बड़ा संकट बना रहेगा और निकट भविष्य में इसका कोई शांतिपूर्ण या सर्वमान्य समाधान निकलने की संभावना बेहद कम है। आधुनिक युग की महाशक्ति बनने की दौड़ में तकनीकी क्षेत्र का नियंत्रण एक निर्णायक कारक साबित हो रहा है, और इस बैठक में भी तकनीकी प्रतिस्पर्धा का तनाव पूरी तरह उभरकर सामने आया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक उद्योग, उन्नत चिप निर्माण तकनीक और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर दोनों पक्षों के बीच गहन चर्चा तो हुई, लेकिन किसी भी विषय पर कोई ठोस, लिखित या दीर्घकालिक समझौता नहीं हो सका। वैश्विक तकनीकी बाजार और वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से ही इन दोनों शक्तिशाली देशों की प्रतिबंधात्मक नीतियों, निर्यात नियंत्रणों और सुरक्षा कानूनों से गहराई से प्रभावित हैं। इस बैठक के परिणामों से यह साफ है कि आने वाले समय में उन्नत तकनीकों के विकास और उनके बाजार पर कब्जे को लेकर यह होड़ थमने वाली नहीं है, बल्कि इसके और अधिक तीव्र होने की पूरी आशंका है। इस बीजिंग बैठक का एक और महत्वपूर्ण आयाम यह है कि इसे केवल 2 देशों के द्विपक्षीय संबंधों के चश्मे से नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसके गहरे वैश्विक संदर्भ और निहितार्थ हैं। वर्तमान में कच्चे तेल के बाजार और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों का प्रतिकूल प्रभाव पहले से ही दिखाई दे रहा है। ऐसे संवेदनशील समय में यदि अमेरिका और चीन के बीच का तनाव किसी भी स्तर पर अनियंत्रित होता है, तो वह वैश्विक स्तर पर महंगाई, मुद्रास्फीति और आर्थिक मंदी को अत्यधिक बढ़ा सकता है। यही कारण है कि दोनों देशों के जिम्मेदार नेताओं ने दुनिया को यह आश्वस्त करने का प्रयास किया कि वे एक विनाशकारी संघर्ष के बजाय एक नियम-आधारित और संतुलित प्रतिस्पर्धा को प्राथमिकता देंगे। हालांकि इस संपूर्ण कूटनीतिक कवायद के पीछे का एक कड़वा यथार्थ यह भी है कि दोनों महाशक्तियों के बीच आपसी विश्वास का स्तर ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुका है। गहरी आर्थिक अंतर्निर्भरता के बावजूद रणनीतिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर मतभेद इतने गहरे और मौलिक हैं कि किसी भी बड़े या स्थाई समझौते तक पहुंचना व्यावहारिक रूप से असंभव प्रतीत होता है। यही कारण है कि कूटनीतिक मामलों के जानकार इस बैठक को किसी स्थाई शांति समझौते के रूप में नहीं, बल्कि केवल एक अस्थाई स्थिरता लाने के प्रयास के रूप में देखते हैं। वैश्विक राजनीति में यह स्थिति एक नई प्रवृत्ति को रेखांकित करती है, जहां सहयोग और टकराव दोनों समानांतर रूप से चलते हैं और कोई भी पक्ष अपने मूलभूत हितों से पीछे हटने को तैयार नहीं होता। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी वास्तविकता यह है कि अब वैश्विक शक्ति का संतुलन एकध्रुवीय नहीं रह गया है।

पिछले 1 या 2 दशकों में चीन का आर्थिक, सैन्य और रणनीतिक प्रभाव अभूतपूर्व गति से बढ़ा है, जबकि अमेरिका अभी भी वैश्विक वित्तीय प्रणाली और पारंपरिक सैन्य शक्ति के मामले में दुनिया में अग्रणी स्थान पर बना हुआ है। इस कारण दोनों देशों के बीच की यह प्रतिस्पर्धा केवल व्यापारिक मुनाफे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक गहरी वैचारिक और रणनीतिक वर्चस्व की लड़ाई है। चूंकि इस समय दोनों में से कोई भी पक्ष दूसरे पर एकतरफा या निर्णायक बढ़त बनाने की स्थिति में नहीं है, इसलिए इस प्रकार की उच्च स्तरीय वार्ताएं अक्सर बेहद सीमित और प्रतीकात्मक परिणामों पर ही समाप्त होती हैं। अंततः इस बैठक का निष्कर्ष यही निकाला जा सकता है कि यह किसी नए युग का सूत्रपात नहीं है, बल्कि यह मौजूदा तनावपूर्ण संतुलन को सावधानीपूर्वक बनाए रखने का एक गंभीर प्रयास है ताकि दुनिया को किसी बड़े संकट से बचाया जा सके।

**महेन्द्र तिवारी**

# हर हाल में रोकना होगा अमेरिका-ईरान युद्ध

संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला



अमेरिका ईरान युद्ध रुकते दिखाई नहीं दे रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपनी चीन की यात्रा से खाली हाथ वापस आ गए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी जिन बातों को लेकर चीनी राष्ट्रपति से मिले थे उसमें उनको निराशा ही हाथ लगी है। दुनियां अब महंगाई तथा एक बहुत ही खतरनाक युद्ध के मुहाने पर बैठी है। सोचिए अब जब युद्ध दुबारा शुरू होगा तब क्या होगा। अभी तक दोनों देशों ने एक-दूसरे का बहुत ही नुकसान किया है। लेकिन यहां सबसे ज्यादा नुक्सान मानव सभ्यता का हो रहा है। दुनियां में मंहगाई इस क़दर बढ़ चुकी है कि हर देश इसकी मार सह रहा है। पेट्रोल, गैस के लिए दुनियां में त्राहि-त्राहि मची हुई है। इसके महंगे होने से हर चीज महंगी हो रही है। अगर यह युद्ध अभी नहीं रुका तो क्या होगा? 2026 में अमेरिका-ईरान तनाव अब सिर्फ धमकियों तक सीमित नहीं है। अगर यह टकराव लंबा खिंचता है, तो इसके असर सिर्फ तेहरान और वॉशिंगटन तक नहीं रहेंगे। अब मिडिल ईस्ट में आग फैलेगी, प्रॉक्सी वॉर तेज होगाः हिज़बुल्लाह लेबनान से इज़राइल पर, हूती विद्रोही लाल सागर में जहाजों पर, और इराक-सीरिया में शिया मिलिशिया अमेरिकी बेसों पर हमले बढ़ा देंगे। खाड़ी देश भी इसकी चपेट में आएंगेः सऊदी अरब, यूएई, कतर में मौजूद अमेरिकी बेस ईरान के मिसाइल निशाने पर हैं। सऊदी के तेल प्लांट्स पर 2019 जैसा हमला दोबारा हो सकता है। इज़राइल का सीधा कूदना इसको और भयावह बना सकता है : इज़राइल ईरान के परमाणु ठिकानों पर बड़ा हवाई हमला करेगा। जवाब में ईरान तेल अवीव-हाइफा पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागेगा। डर इस बात का है कि कहीं न्यूक्लियर वार न शुरू हो जाए। तेल की कीमतों ने दुनियां में हाहाकार मचा रखा है, तेल की कीमतें 200 पार जा सकती हैं। हॉर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का 21% तेल गुजरता है। ईरान ने धमकी दी है कि युद्ध बढ़ा तो वो इसे बंद कर देगा। एक हफ्ते में असर : कच्चा तेल .120-.150 प्रति बैरल हो चुका है और अभी इसके और बढ़ने की उम्मीद बनी हुई है। यदि एक महीने में असर देखा जाए तो ग्लोबल मंदी का खतरा बढ़ गया है। भारत जैसे तेल आयातकों में पेट्रोल 150 रुपये लीटर, महंगाई 9-10% तक जा सकती है। लाल सागर पहले से हूती हमलों से परेशान है। हॉर्मुज बंद हुआ तो यूरोप-एशिया का 60% व्यापार रुक जाएगा। अमेरिका के लिए 'दूसरा अफगानिस्तान' का रिस्क बन गया है। जमीनी जंग मुश्किलः ईरान का क्षेत्रफल इराक से 4 गुना बड़ा है और भूगोल पहाड़ी है। 80 मिलियन आबादी वाला देश। अमेरिका के लिए फुल-स्केल इनवेज़न 2003 के इराक से कहीं ज्यादा महंगा और खूनी होगा। अमेरिकी चुनावी साल में लंबे युद्ध से जनता में नाराजगी बढ़ेगी। मिलिट्री भर्ती पहले से कम है। युद्ध के कारण साइबर वॉर का ख़तरा पैदा हो गया है ईरान के हैकर अमेरिकी पावर ग्रिड, बैंक, वाटर सिस्टम पर हमले कर सकते हैं। 2023 में अमेरिकी कैसीनो पर हुए हमलों से ये साबित हो चुका है। सबसे बड़ा डर परमाणु हथियारों की रेस शुरू होने का है। अगर ईरान को लगा कि उसका अस्तित्व खतरे में है, तो वो एनपीटी से बाहर निकलकर हफ्तों में बम बना सकता है। इंटेलिजेंस एजेंसियां मानती हैं कि ईरान के पास 60% संवर्धित यूरेनियम पहले से है। बम बना तो सऊदी अरब, तुर्की, मिस्र भी परमाणु प्रोग्राम शुरू कर देंगे। मिडिल ईस्ट का 'न्यूक्लियर बैलेंस' पूरी तरह बदल जाएगा। चीन-रूस की एंट्री और वर्ल्ड ऑर्डर का भी खतरा शुरू हो रहा है। चीन के हिसाब से देखा जाए तो ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। वो ईरान को हथियार, ड्रोन और आर्थिक मदद देगा, लेकिन सीधी जंग से बचेगा। उसकी कोशिश होगी कि अमेरिका मिडिल ईस्ट में फंसा रहे ताकि ताइवान पर दबाव कम हो। रूस यूक्रेन से ध्यान हटाने के लिए अमेरिका को दूसरे फ्रंट पर उलझाना चाहेगा। ईरान को स-400, सुखोई जेट दे सकता है। भारत समेत कई देश दोनों तरफ बैलेंस करने में फंसेंगे। ह सिक्योरिटी काउंसिल पैरालाइज्ड हो जाएगी। सबसे खतरनाक सीनारियोः मिसकैलकुलेशन इतिहास बताता है कि युद्ध प्लान से नहीं, गलती से बढ़ते हैं। अमेरिका का कोई जहाज डूबा, या ईरान का कोई टॉप कमांडर मारा गया, तो दोनों तरफ 'बदला' लेने का दबाव बनेगा। एक मिसाइल जो बेस की जगह शहर पर गिर गई, वो फुल-स्केल रीजनल वॉर शुरू कर सकती है। यह अब छोटा युद्ध नहीं रहेगा। ये तेल, व्यापार, परमाणु हथियार और महाशक्ति टकराव का कॉकटेल बन जाएगा। डिप्लोमेसी फेल हुई तो 2020ह्य का सबसे बड़ा भू-राजनीतिक संकट सामने होगा।

# माँ की भाषा, देश की भाषा, दुनिया की भाषाः नई शिक्षा दिशा

**[ तीन भाषाएँ, तीन आयामः मस्तिष्क, संस्कृति और भविष्य ]**

**[ तीन भाषाएं, एक विजनः भारत का बौद्धिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण ]**

किसी भी राष्ट्र की दिशा उसकी शिक्षा तय करती है। इसी सोच से सीबीएसई ने 1 जुलाई 2026 से कक्षा 9 में तीन भाषा फॉर्मूला (आर-1, आर-2, आर-3) अनिवार्य किया है। एनईपी 2020 और एनसीएफ-एसई 2023 के अनुसार हर छात्र के लिए कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा। तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं होगी, मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। निर्णय के बाद देशभर में बहस हुई। कुछ ने इसे सुधार कहा, कई ने इसे अतिरिक्त बोझ माना। कक्षा 9 पहले ही प्रतियोगिता और बोर्ड तैयारी का कठिन चरण है। ऐसे में तीन भाषाएं, एआई शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और गणित-विज्ञान के दो स्तर चुनौतियां बढ़ा रहे हैं। फिर भी हर बड़ा परिवर्तन शुरुआत में कठिन लगता है, पर उसका प्रभाव भविष्य को मजबूत बनाता है। भाषा केवल संवाद नहीं, मस्तिष्क विकास की आधारशिला है। शोध बताते हैं कि बहुभाषी छात्र तेज स्मरण, मजबूत तर्क और बेहतर विश्लेषण क्षमता रखते हैं। उनकी समस्या समाधान क्षमता अधिक प्रभावी होती है। भाषा सोच को दिशा देती है, इसलिए कई भाषाएं सीखने से कल्पनाशक्ति और निर्णय क्षमता बढ़ती है। यूनेस्को मातृभाषा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देता है, क्योंकि बच्चा अपनी भाषा में ज्ञान को सरलता से समझता है। भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषाई विविधता कमजोरी नहीं, बल्कि शक्ति है। यदि विद्यार्थी केवल एक भाषा तक सीमित रहे, तो वह संस्कृति और समाज की व्यापक समझ से वंचित रहेगा। तीन भाषा फॉर्मूला छात्रों को उनकी जड़ों से जोड़ते हुए उन्हें वैश्विक स्तर पर सक्षम बनाने का प्रयास है। नई नीति का मुख्य प्रश्न इसके चरणबद्ध लागू होने को लेकर है। कई लोग इसे निचली कक्षाओं तक सीमित रखना चाहते थे। लेकिन शिक्षा सुधारों में देरी परिवर्तन रोक देती है। 'अगले बैच' का इंतजार सुधारों को निष्क्रिय कर देता है। आज का कक्षा 9 छात्र अगले 8-10 वर्षों में उच्च शिक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बनेगा। यदि अभी बहुभाषिक आधार नहीं मिला, तो अवसर सीमित हो सकते हैं। 1968 की तीन भाषा नीति इसका उदाहरण है, जो क्रियान्वयन के अभाव में दस्तावेजों तक सीमित रह गई। इसलिए सीबीएसई इसे घोषणा नहीं, समयबद्ध क्रियान्वयन बना रहा है। ओएसिस पोर्टल पर भाषा विकल्प अद्यतन अनिवार्य किया गया है। नीति के साथ छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की चिंताएं भी जुड़ी हैं। विद्यार्थी पहले से ही भारी पाठ्यक्रम, कोचिंग दबाव और प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे हैं। बढ़ता मानसिक तनाव स्थिति को और कठिन बनाता है। ऐसे में तीन भाषाओं का अतिरिक्त भार कई परिवारों के लिए चिंता है। गैर-हिंदी राज्यों के छात्रों के लिए नई भाषा सीखना कठिन हो सकता है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चुनौती बढ़ जाती है। कुछ अभिभावकों को आशंका है कि विदेशी भाषाओं की जगह क्षेत्रीय भाषाओं या संस्कृत पर जोर देने से वैश्विक अवसर सीमित हो सकते हैं। यदि स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक और संसाधन नहीं मिले, तो यह सुधार दबाव बन सकता है। इसलिए इसकी सफलता संतुलित क्रियान्वयन पर निर्भर है। चिंताओं के बीच सीबीएसई ने नीति को संतुलित करने के लिए राहतें दी हैं। सबसे बड़ी राहत यह है कि तीसरी भाषा में बोर्ड परीक्षा नहीं होगी, जिससे अंक दबाव कम रहेगा। उद्देश्य अंक आधारित प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भाषा सीखने की सहज प्रक्रिया है।

संक्रमण व्यवस्था में कक्षा 6 की एनसीईआरटी पुस्तकें और स्थानीय साहित्य उपयोग की अनुमति दी गई है, ताकि सीखना सरल हो। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों और विदेश स्थित सीबीएसई स्कूलों को छूट दी गई है। नीति चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है। सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह के अनुसार आर-3 की शुरुआत कक्षा 6 से हो रही है और पूर्ण क्रियान्वयन 2030-31 तक होगा। इससे स्पष्ट है कि बदलाव योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन केवल भाषा नीति नहीं, बल्कि शिक्षा की सोच का पुनर्निर्माण है। सीबीएसई का उद्देश्य रट्टा प्रणाली से हटकर व्यावहारिक और समग्र विकास को बढ़ावा देना है। एआई शिक्षा, कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण और गणित-विज्ञान के दो स्तर इसी बदलाव का हिस्सा हैं। बदलती दुनिया में केवल याद करने वाला छात्र पर्याप्त नहीं है। उसे तकनीकी समझ के साथ संवाद कौशल, सांस्कृतिक बोध और बहुभाषिक क्षमता भी चाहिए। भाषा सभी विषयों की नींव है—मजबूत भाषाई आधार विज्ञान, गणित, इतिहास और तकनीक की समझ को गहरा करता है। बहुभाषिक विद्यार्थी विभिन्न समाजों से बेहतर संवाद कर पाते हैं। इसलिए तीन भाषा फॉर्मूला केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सोच को विस्तृत करने की दिशा है। हर बड़े बदलाव के साथ असहमति और भ्रम स्वाभाविक है, और नई शिक्षा नीति पर भी यही स्थिति है। पर आज की वैश्विक व्यवस्था में केवल एक भाषा और सीमित कौशल पर्याप्त नहीं रहे। दुनिया उन युवाओं को महत्व दे रही है जो तकनीक के साथ बहुभाषिकता और सांस्कृतिक समझ रखते हैं। भारत की युवा शक्ति उसकी सबसे बड़ी संपदा है, लेकिन बिना समयानुकूल शिक्षा सुधार के यह शक्ति अवसर खो सकती है। इसलिए केवल आलोचना नहीं, समाधान जरूरी है। सरकार को शिक्षक प्रशिक्षण, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और संसाधनों पर ध्यान देना होगा। विद्यालयों को पढ़ाई को दबाव नहीं, बल्कि सरल और रुचिकर बनाना चाहिए। हर बड़ा बदलाव शुरुआत में प्रश्न उठाता है, पर वही आगे चलकर दिशा बदल देता है। तीन भाषा फॉर्मूला को केवल बोझ मानना उचित नहीं है। यह नीति आने वाली पीढ़ी को अधिक सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने का प्रयास है।

चुनौतियाँ रहेंगी, लेकिन सुधार हमेशा कठिन परिस्थितियों में ही सफल होते हैं। यदि अभिभावक, शिक्षक, विद्यालय और नीति-निर्माता मिलकर प्रयास करें, तो यह व्यवस्था नए अवसर दे सकती है। भविष्य में वही विद्यार्थी आगे बढ़ेंगे जो अनेक भाषाओं में सोच सकें, विविध संस्कृतियों को समझ सकें और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इसलिए यह तीन भाषा फॉर्मूला केवल आज की शिक्षा नीति नहीं, बल्कि भविष्य के भारत की मजबूत बौद्धिक और सांस्कृतिक नींव है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# डबल इंजन की सरकार साइकिल पर हुई सवार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेट्रोल-डीजल बचत करने की अपील के बाद भाजपा दल के वो नेता जो अब तक सपा दल के साइकिल के प्रतीक पर कई प्रकार तंज कस्ते थे आज वही अपने-आप को डबल इंजन वाली सरकार कहने वाले नेता पट्रोल-डीजल की बचत करने के लिए उसी साइकिल पर सवार होकर अपने अपने दफ्तर जाते नजर आ रहे है। सोशल मीडिया से लेकर समाचार चैनलों तक नेताओं की साइकिल यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिन राजनीतिक दलों और नेताओ ने पहले साइकिल के प्रतीक का विरोध किया था। वही आज पर्यावरण संरक्षण और ईधन की बचत नाम पर साइकिल का समर्थन करते के नजर आ रहे हैं साथ ही जनता से भी पर्यावरण संरक्षण एवं ईधन की बचत के लिए जनता को भी साइकिल का प्रयोग करने की सलाह दे रहे हैं और भाजपा नेताओं का यह भी कहना है कि साइकिल चलाना केवल पेट्रोल डीजल की बचत लिए ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है। उनका तर्क है कि यदि देश का हर नागरिक छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करे तो प्रदूषण कम होगा और ईधन की बचत होगी। अंततः वही साइकिल 'फिट इंडिया' और 'ग्रीन इंडिया' अभियान का हिस्सा बनती दिखाई दे रही है। हालाँकि जनता के बीच असली सवाल अभी भी पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर बना हुआ है। लोगों का कहना है कि केवल साइकिल चलाने की अपील से समस्या का समाधान नही होगा बल्कि सरकार को पेट्रोल-डीजल के लिए ठोस कदम उठाना होगा।

**हर्षिता यादव**

# दैनिक राशिफल




**मेष राशि** कल का दिन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में रुका धन मिलने के संकेत हैं। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। **शुभ रंगः** लाल **शुभ अंकः** 9

**वृषभ राशि** धैर्य और समझदारी से काम लेने का दिन है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में थोड़ी थकान महसूस हो सकती है। **शुभ रंगः** सफेद **शुभ अंकः** 6

**मिथुन राशि** कल का दिन लाभदायक रहेगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग हैं। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। दोस्तों के साथ समय अच्छा बीतेगा। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 5

**कर्क राशि** भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। पारिवारिक मामलों में संयम जरूरी रहेगा। नौकरी में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लाभ देगा। **शुभ रंगः** क्रीम **शुभ अंकः** 2

**सिंह राशि** भाग्य का साथ मिलेगा। लंबे समय से रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। **शुभ रंगः** सुनहरा **शुभ अंकः** 1

**कन्या राशि** कल सावधानी बरतने की आवश्यकता है। किसी भी दस्तावेज पर बिना पढ़े हस्ताक्षर न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 7

**तुला राशि** साझेदारी के कार्यों में लाभ होगा। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। **शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ अंकः** 6

**वृश्चिक राशि** विरोधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, लेकिन परिणाम अच्छे मिलेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। **शुभ रंगः** मैरून **शुभ अंकः** 8

**धनु राशि** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। **शुभ रंगः** पीला **शुभ अंकः** 3

**मकर राशि** घर-परिवार के मामलों में व्यस्तता बढ़ सकती है। संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी में पदोन्नति के संकेत हैं। **शुभ रंगः** नीला **शुभ अंकः** 10

**कुंभ राशि** संचार और बातचीत से लाभ मिलेगा। नए लोगों से संपर्क भविष्य में फायदेमंद साबित होंगे। छोटी यात्रा के योग हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। **शुभ रंगः** आसमानी **शुभ अंकः** 4

**मीन राशि** आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। निवेश करने के लिए समय अच्छा हो सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। **शुभ रंगः** पीला **शुभ अंकः** 12

# 2047 तक नशामुक्त भारत का संकल्प : जिहादी ड्रग्स, अंतरराष्ट्रीय तस्करी और युवाओं के भविष्य को बचाने की निर्णायक लड़ाई

भारत ने वर्ष 2047 तक 'नशामुक्त भारत' का जो लक्ष्य तय किया है, वह केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का राष्ट्रीय संकल्प है। देश जब आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब एक ऐसे भारत की कल्पना की जा रही है जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ नशे जैसी घातक बुराई से भी मुक्त हो। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत मादक पदार्थों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है और अब लक्ष्य केवल ड्रग्स पकड़ना नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क को जड़ से समाप्त करना है। आज ड्रग्स का कारोबार केवल अपराध तक सीमित नहीं रह गया है। यह आतंकवाद, हथियारों की तस्करी, हवाला नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से गहराई से जुड़ चुका है। यही कारण है कि भारत सरकार ने मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई को राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के रूप में देखना शुरू किया है। हाल ही में 182 करोड़ रुपये मूल्य की जिहादी कैप्टागन ड्रग्स की जब्ती ने सुरक्षा एजेंसियों को भी चौंका दिया। 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत हुई यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि भारत अब अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट्स के निशाने पर है और विदेशी नेटवर्क देश को ट्रांजिट रूट तथा बाजार दोनों के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। कैप्टागन एक एम्फेटामिन आधारित नशीला पदार्थ है, जिसे कई युद्धग्रस्त क्षेत्रों में आतंकी संगठनों द्वारा इस्तेमाल किए जाने के कारण 'जिहादी ड्रग' कहा जाता है। माना जाता है कि इसका सेवन करने से व्यक्ति में आक्रामकता बढ़ती है, डर कम होता है और लंबे समय तक जागे रहने की क्षमता पैदा होती है। मध्य पूर्व के संघर्षों में सक्रिय कई आतंकी गुटों के लड़ाकों द्वारा इसका उपयोग किए जाने की खबरें पहले भी सामने आती रही हैं। भारत में इतनी बड़ी मात्रा में इसकी जब्ती ने यह संकेत दिया है कि ड्रग्स का यह खतरनाक नेटवर्क अब एशियाई देशों की ओर तेजी से फैल रहा है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि नशे का यह जाल युवाओं को निशाना बना रहा है। स्कूल, कॉलेज और महानगरों के साथ-साथ छोटे शहर भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने ड्रग्स तस्करों के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं। अब नशे का कारोबार केवल सीमाओं पर नहीं होता, बल्कि ऑनलाइन नेटवर्क, डार्क वेब और डिजिटल भुगतान के माध्यम से भी संचालित हो रहा है। तस्कर युवाओं को पहले 'फैशन', 'एडवेंचर' या 'तनाव से राहत' के नाम पर नशे की ओर आकर्षित करते हैं और बाद में उन्हें इसकी लत में धकेल देते हैं। एक बार जब युवा इसकी गिरफ्त में आ जाता है, तब उसका शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन धीरे-धीरे बर्बाद होने लगता है। मादक पदार्थों का सबसे बड़ा खतरा यह है कि यह व्यक्ति से उसकी सोचने-समझने की क्षमता छीन लेता है। नशे की लत केवल शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि परिवारों को तोड़ देती है। कई युवा अपराध, हिंसा और अवसाद की ओर बढ़ जाते हैं। समाज में चोरी, लूट, हत्या और घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं में भी वृद्धि होती है। यही कारण है कि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि




मादक पदार्थों की तस्करी केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। भारत की भौगोलिक स्थिति भी इस चुनौती को जटिल बनाती है। देश के आसपास ऐसे क्षेत्र मौजूद हैं जो अंतरराष्ट्रीय ड्रग उत्पादन और तस्करी के लिए कुख्यात रहे हैं। समुद्री रास्तों, सीमावर्ती इलाकों और हवाई मार्गों का उपयोग कर तस्कर भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। कई बार ड्रग्स को वैध व्यापारिक सामान के भीतर छिपाकर भेजा जाता है। सुरक्षा एजेंसियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे इन नेटवर्कों की पहचान करें और उन्हें समय रहते नष्ट करें। इसी खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने बहुस्तरीय रणनीति तैयार की है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल, तटरक्षक बल, राज्य पुलिस, खुफिया एजेंसियां और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा संगठन मिलकर संयुक्त अभियान चला रहे हैं। 'ऑपरेशन रेजपिल' जैसी कार्रवाई यह दिखाती है कि भारत अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय रणनीति अपनाने लगा है। विदेशों से खुफिया जानकारी जुटाने और उसका विश्लेषण करने वाली एजेंसियां अब ड्रग नेटवर्क की आर्थिक और डिजिटल गतिविधियों पर भी नजर रख रही हैं। सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का अर्थ है कि किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी। चाहे तस्कर कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी मात्रा में ड्रग्स की जब्ती, संपत्तियों की कुर्की और अंतरराष्ट्रीय गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई इस नीति की गंभीरता को दर्शाती है। लेकिन केवल सरकारी कार्रवाई से समस्या का पूर्ण समाधान संभव नहीं है। समाज की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। नशामुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा जब परिवार, स्कूल, धार्मिक संस्थाएं और सामाजिक संगठन मिलकर युवाओं को जागरूक करेंगे। बच्चों और किशोरों को यह समझाना जरूरी है कि नशा कोई आधुनिकता या स्टेटस सिंबल नहीं, बल्कि विनाश का रास्ता है। माता-पिता को अपने बच्चों के व्यवहार में होने वाले बदलावों पर ध्यान देना चाहिए। यदि कोई युवा अचानक चिड़चिड़ा हो जाए, पढ़ाई से दूरी बनाने लगे या संदिग्ध मित्र मंडली में शामिल हो जाए, तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए। शिक्षण संस्थानों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूलों और कॉलेजों में नियमित रूप से नशा विरोधी अभियान चलाए जाने चाहिए। खेल, योग, सांस्कृतिक गतिविधियां और सकारात्मक वातावरण युवाओं को गलत रास्ते से बचाने में मदद कर सकते हैं। समाज में सफल और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को भी आगे आकर युवाओं को जागरूक करना चाहिए। तकनीक का उपयोग भी इस लड़ाई में प्रभावी हथियार बन सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और साइबर मॉनिटरिंग के माध्यम से ड्रग नेटवर्क की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। डिजिटल भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए होने वाले अवैध लेन-देन को ट्रैक करना भी जरूरी है। सरकार यदि आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करती है, तो ड्रग्स तस्करी पर बड़ी चोट पहुंचाई जा सकती है। भारत आज जिस तेजी से वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है, उसमें युवाओं की ऊर्जा सबसे बड़ी ताकत है।

यदि यही युवा नशे की गिरफ्त में चले गए, तो देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति पर गंभीर असर पड़ेगा। इसलिए नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल कानून की लड़ाई नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की लड़ाई है। 2047 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। इसके लिए सरकार की कठोर नीति, सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी तीनों का एक साथ चलना जरूरी है। 'ऑपरेशन रेजपिल' जैसी सफलताएं यह विश्वास दिलाती हैं कि भारत अब ड्रग्स तस्करी के खिलाफ निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार है। आवश्यकता इस बात की है कि हर नागरिक इस अभियान का सहभागी बने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए आगे आए। यदि देश की युवा शक्ति सुरक्षित रहेगी, तभी भारत का भविष्य सुरक्षित रहेगा। नशामुक्त भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध जीवन की आधारशिला है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।


## संक्षिप्त खबरें

### बिहार तस्करी को जा रही 55 पेटी अवैध शराब बरामद, स्कॉर्पियो को किया सीज




**देवरिया,** जनपद में अपराध एवं अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद की बनकटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो वाहन से 55 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस टीम ने रविवार को संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अघांव स्थित एक मुर्गी फार्म के पास बिहार ले जाई जा रही महिन्द्रा स्कॉर्पियो संख्या बी आर 31 पी ए 7000 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 55 पेटी अवैध देशी शराब बंटी बबली बरामद हुई। पुलिस के अनुसार प्रत्येक पाउच 200 एमएल का है और कुल 2475 पाउच यानी 495 लीटर शराब बरामद की गई। मामले में बनकटा थाने में आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शराब के साथ प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, कांस्टेबल विकास यादव, आरक्षी चालक शमशेर एवं महिला आरक्षी नीलम यादव शामिल रहे।

### कोतवाली क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने टीम के साथ किया पैदल गश्त



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी व थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों एवं रेलवे स्टेशन के अगल-बगल भ्रमण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। गश्त के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, महिलाओं, युवाओं एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए हर समय प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया ।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सलेमपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। सलेमपुर थाने की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धनौती राय पुल के पास से अभियुक्त बन्टी राजभर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बन्टी राजभर (22 वर्ष) पुत्र संतलाल निवासी सहेला थाना पवई जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना सलेमपुर में वर्ष 2025 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। मामले में उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबल अजीत यादव एवं कांस्टेबल अनिमेश यादव शामिल रहे।

# बाइक चोरी का 15 दिन बाद दर्ज हुआ अज्ञात चोरो के विरुद्ध मुकदमा

**●पीड़ित दंपती थाने से लेकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय तक लगाते रहे गुहार,**

**सीसीटीवी फुटेज देने के बाद भी टालती रही पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र में बाइक चोरी के मामले में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गोला उपनगर के वार्ड नंबर 4 स्थित चंद चौराहा निवासी युवक की बाइक चोरी होने के 15 दिन बाद आखिरकार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस दौरान पीड़ित दंपती लगातार थाने और क्षेत्राधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाते रहे, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिलता रहा। प्राप्त विवरण के अनुसार वार्ड नंबर 4 निवासी श्यामसुंदर चौरसिया पुत्र




प्रेमनाथ चौरसिया ने बताया कि बीते 2 मई को उन्होंने अपनी बाइक संख्या यूपी 58 एल 1141 घर के सामने खड़ी की थी। दोपहर करीब तीन बजे जब वह बाहर निकले तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला, जिसके बाद उन्होंने उसी दिन गोला थाने में लिखित तहरीर देकर चोरी की सूचना दी। पुलिस ने उन्हें जनसुनवाई की पर्ची भी दे दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित का आरोप है कि अगले दिन जब वह थाने पहुंचे तो पता चला कि अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इसके बाद वह और उनकी पत्नी खुशबू लगातार 15 दिनों तक थाने और क्षेत्राधिकारी कार्यालय के चक्कर लगाते रहे। आरोप है कि पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाय टालमटोल करती रही और कहती रही कि बाइक चाहिए या मुकदमा? श्यामसुंदर के अनुसार, घटना से पहले एक संदिग्ध युवक गली में काफी देर तक घूमता और बैठा दिखाई दिया था। दोपहर करीब 2:40 बजे वह बाइक लेकर फरार हो गया। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज भी पीड़ित ने पुलिस को उपलब्ध कराया, इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने बताया कि 16 मई को एक बार फिर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचने पर वहां से फोन जाने के बाद पुलिस हरकत में आई और अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज करते समय विवेचक द्वारा घटना की तारीख 2 मई के बजाय 16 मई दर्ज कराने का दबाव बनाया गया, लेकिन उन्होंने इससे साफ इनकार कर दिया।

# गोरखपुर :पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने दी जान, आत्महत्या के दुष्प्रेरण में पत्नी गिरफ्तार.

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** के थाना एम्स क्षेत्र में आत्महत्या के एक सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार युवक को लगातार आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया था। मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में थाना एम्स पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्यम मिश्रा और उनकी टीम ने वांछित अभियुक्ता अर्पिता यादव उर्फ ऊषा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, वादी ने



अपनी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके भाई को उसकी पत्नी अर्पिता यादव लगातार मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करती थी। आए दिन के विवाद और तनाव से परेशान होकर युवक ने 14 मई 2026 को आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया था। परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं बल्कि प्रताड़ना से मजबूर होकर उठाया गया कदम बताया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना एम्स पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या 123/2026 धारा 108 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान अर्पिता यादव उर्फ ऊषा पुत्री हरिशंकर यादव निवासी सोहग थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सत्यम मिश्रा, उपनिरीक्षक नितेश कुमार राय, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका यादव, कांस्टेबल बच्चा यादव और कांस्टेबल विकास यादव शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बहू-बेटी अभियान से महिला सशक्तिकरण को नई ताकत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया,** मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में रविवार को व्यापक स्तर पर बहू-बेटी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित एवं दहेज उत्पीड़न की शिकार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना रहा। जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा गांवों और कस्बों में चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना कोतवाली की टीम ने पंडित दीनदयाल पार्क न्यू कॉलोनी, रामपुर कारखाना टीम ने कस्बा रामपुर कारखाना, तरकुलवा टीम ने कस्बा तरकुलवा, मदनपुर टीम ने ग्राम भिटहां, बरियारपुर टीम ने ग्राम कुशहरी, श्रीरामपुर टीम ने ग्राम अहिबरन, बरहज टीम ने मिशन शक्ति केंद्र बरहज तथा सुरौली टीम ने ग्राम पाण्डेय देवकली में अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भरता से जुड़ी जानकारियां दी गई। टीमों ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध जैसी सामाजिक समस्याओं से बचाव के उपाय और कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण योजनाओं के प्रति भी जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 181, 1090, 1098, 1930 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। इसके अलावा निराश्रित महिला पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना और नारी सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी महिलाओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति टीमों ने नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की विशेष जानकारी देते हुए पीड़ित केंद्रित न्याय व्यवस्था और महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला।

# अनपरा तापीय परियोजना में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ, सीजीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**●अधिकारियों व कर्मचारियों ने आवासीय परिसर व कार्यालय में किया श्रमदान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा/ सोनभद्र**-स्थानीय अनपरा तापीय परियोजना प्रबंधन द्वारा कॉलोनी परिसर में रविवार को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत कॉलोनी परिसर की वृहद रूप से स्वच्छता का शुभारम्भ किया गया। यह अभियान सुबह सात बजे से श्री शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर श्री रामलीला मैदान तक चला।अभियान की शुरुआत परियोजना प्रमुख इं अजय कुमार कटियार ने श्रम दान कर परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभी कार्यरत कर्मियों को साफ सफाई व स्वच्छता का संदेश दिया।श्री कटियार ने सभी से अपने आवास के आस पास व अपने कार्यस्थल की स्वच्छता का संकल्प लेने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तथा सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ कार्य वातावरण की स्थापना संभव है। स्वच्छता केवल साफ सफाई तक ही सीमित नहीं है बल्कि हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।कचरा प्रबंधन और स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है।विदित हो कि परियोजना प्रमुख द्वारा विगत माह से परियोजना के कार्य स्थलों की खुद निरीक्षण कर वृहद रूप से साफ सफाई कराई जा रही है।पर्यावरण को शुद्ध बनाने के दृष्टिगत आगामी माह से आवासीय परिसर तथा प्लांट के अंदर सैकड़ों पौधों का रोपड़ कराया जाएगा और उन्हें संरक्षित रखने का कार्य किया जाएगा।मुख्य महाप्रबंधक द्वारा स्वयं सफाई अभियान में जुड़कर उत्साहित करना प्रेरणादायक है।आगामी रविवार को सीआईएसएफ ग्राउंड में स्वच्छता अभियान का कार्य निर्धारित किया गया है जिसमे सीजीएम ने लोगों से बढ़ चढ़ कर सफाई अभियान में भाग लेने का अपील किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रशासन इं सोमनाथ मिश्रा,अधीक्षण अभियंता मुख्यालय इं कर्मेंद्र सिंह,अधीक्षण अभियंता इं विमलेंद्र सिंह,इं उत्पल शंकर,इं महेंद्र सिंह,अधिशासी अभियंता इं अदालत वर्मा,इं प्रभाकर सिंह, इं ज्ञानेंद्र सिंह,इं बीआर पटेल,इं संजय महतो,इं बृजेंद्र सिंह सहायक अभियंता इं पंकज पांडेय,इं अनिल निगम,इं त्रियुगी नारायण,इं राजेश पांडेय,अशोक शुक्ला,मुख्य रसायनज्ञ दिनेश सिंह,विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों में वीके आनंद,बृज बिहारी यादव,आरएन तिवारी, अभिषेक सिंह, राकेश राय, राजकुमार यादव, सीलियम मसीह, म ुकेश जायसवाल, राकेश जायसवाल, इंद्रेश सिंह, योगेंद्र मिश्रा, सूरज गुप्ता, नीरज जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, सतीश मधुकर, अभय सिंह, प्रभाकर सिंह, राकेश चौहान, दिनेश श्रीवास्तव, सतेंद्र मौर्या, अश्विनी कुमार, मनीष सिंह, श्याम बिहारी सिंह, सतीश सिंह, सुभाष सिंह, कृष्णा जायसवाल, इंद्रजीत, विकाश कुमार, चंदन, सत्य भूषण शर्मा, शैलेन्द्र गुप्ता सहित दर्जनों कार्मिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

# दस हजार का इनामी गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे, गोतस्करी गैंग का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद की तिवारीपुर पुलिस को संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त जुल्फिकार आलम उर्फ जुल्फकार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस की नजर में था और उसके खिलाफ गोतस्करी समेत कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक तिवारीपुर पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जुल्फिकार आलम



उर्फ जुल्फकार पुत्र सुकुरुल्लाह निवासी कर्बला टोला लक्ष्मीपुर थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह के रूप में गोतस्करी जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देता था। गिरोह का उद्देश्य अवैध तरीके से आर्थिक और भौतिक लाभ अर्जित करना था। इसी मामले में थाना तिवारीपुर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जुल्फिकार का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा बताया जा रहा है। उसके खिलाफ तिवारीपुर और चिलुआताल थाने में हत्या के प्रयास, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, चोरी तथा आयुध अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक वर्ष 2022 में उसके खिलाफ कई संगीन मामले पंजीकृत हुए थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक दीनानाथ पाण्डेय, उपनिरीक्षक शशि किरण सिंह, कांस्टेबल अजीत कुमार यादव और कांस्टेबल कमलेश कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संगठित अपराध और गोतस्करी में शामिल अपराधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गोरखपुरः हत्या के आरोपी गिरीश नरायण दुबे को उम्रकैद, ऑपरेशन कनविक्शन में पुलिस को बड़ी सफलता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** में वर्ष 2022 के बहुचर्चित हत्या कांड में आखिरकार न्याय की जीत हुई। गोरखपुर की अदालत ने थाना झंगहा क्षेत्र के मीठाबेल निवासी अभियुक्त गिरीश नरायण दुबे उर्फ टुन्नू को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत के इस फैसले को 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार थाना झंगहा में वर्ष 2022 में मु0अ0सं0 429/22 के तहत धारा 302 भादवि के अंतर्गत हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विवेचना के साथ-साथ न्यायालय में मजबूत पैरवी सुनिश्चित की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना स्तर के पैरोकार और मॉनिटरिंग



सेल लगातार मामले की निगरानी करते रहे, जिसका परिणाम यह रहा कि अभियोजन पक्ष अदालत में अपराध सिद्ध कराने में सफल रहा। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट संख्या-04, गोरखपुर में हुई। अदालत ने सभी साक्ष्यों, गवाहों और प्रस्तुत तथ्यों का अवलोकन करने के बाद अभियुक्त गिरीश नरायण दुबे उर्फ टुन्नू पुत्र कृष्ण मोहन दुबे को हत्या का दोषी पाया। न्यायालय ने अपने फैसले में अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। इस पूरे प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से ष्ठत्रष्ट श्री संजीत कुमार शाही तथा स्क्क्रश्री उमेश मिश्रा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। दोनों अधिवक्ताओं ने न्यायालय में प्रभावी ढंग से पक्ष प्रस्तुत किया, जिससे दोषसिद्धि सुनिश्चित हो सकी। पुलिस अधिकारियों ने भी इसे टीमवर्क और मजबूत कानूनी पैरवी का परिणाम बताया है। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने की दिशा में लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। गोरखपुर पुलिस की इस सफलता से यह संदेश गया है कि गंभीर अपराध करने वालों को कानून के शिकंजे से बचना आसान नहीं है।

# अच्छी सोच फाउंडेशन द्वारा विशाल निशुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोंडा।** मोकलपुर स्थित अच्छी सोच फाउंडेशन के कार्यालय पर आज एक विशाल निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में हजारों की संख्या में पहुंचे जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देकर मरीजों का उपचार किया।कैंप में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गुलाम नबी (एमबीबीएस, एमडी), दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. उमैर अहमद (बीडीएस, एमडीएस), नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद हमज़ा (एमबीबीएस, एमएस), महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना यादव, जनरल फिजिशियन डॉ. मोहम्मद असजद एवं डॉ. याकूब अहमद, तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. खालिद अहमद (ऑर्थोपेडिक सर्जन) ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां




उपलब्ध कराई।मेडिकल कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर, आंख, हड्डी, दांत, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित बीमारियों की जांच की गई। दूर-दराज से आए लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गरीब एवं असहाय लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहे हैं।इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष यादव जी, तस्लीम सर, वाजिद अली जी एवं डॉ. दिव्यांशु वर्मा जी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।अच्छी सोच फाउंडेशन के अध्यक्ष नजीर मोहम्मद ने बताया कि संस्था लगातार समाजहित में कार्य कर रही है और गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी संस्था द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से जुड़े जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी पदाधिकारियों, समाजसेवियों, डॉक्टरों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कोन :सोन नदी में डूबने से दो छात्रों की दर्दनाक मौत, बरवाडीह गांव में पसरा मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/सोनभद्र**- स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवाडीह में रविवार का दिन मातम में बदल गया, जब सोननदी में डूबने से दो किशोर छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। एक साथ दो युवाओं की मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरवाडीह निवासी विमलेश पासवान (19) पुत्र अशोक पासवान तथा अवनीश कन्नौजिया पुत्र सिकंदर कन्नौजिया उम्र लगभग 18अपने साथी रामगढ़ निवासी धीरज के साथ स्कूटी से कोन ट्यूशन पढ़ने आए थे। तीनों इंटरमीडिएट के छात्र बताए जा रहे हैं। ट्यूशन समाप्त होने के बाद तीनों दोस्त घूमने के उद्देश्य से सोन नदी की ओर चले गए। बताया जा रहा है कि नदी किनारे पहुंचने के बाद विमलेश और अवनीश नहाने के लिए पानी में उतर गए, जबकि उनका साथी धीरज किनारे पर ही मौजूद




था। नहाने के दौरान अचानक दोनों छात्र गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बचाव के लिए दोनों की चीख-पुकार सुनकर धीरज घबरा गया और आसपास मौजूद लोगों को मदद के लिए आवाज लगाने लगा। शोर सुनकर ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और जान बचाने के लिए नदी में उतर गए। काफी मशक्कत के बाद दोनों छात्रों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों की सांसें थम चुकी थीं। यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही कोन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। एक साथ दो होनहार छात्रों की मौत से बरवाडीह गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों के घरों में चीख-पुकार मची हुई है। गांव के लोग इस हादसे से स्तब्ध हैं। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि आखिर कुछ ही पलों में दो परिवारों की खुशियां कैसे उजड़ गईं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सोन नदी के खतरनाक घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी बोर्ड लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## सीओ इशिका सिंह ने कराया बलवा मॉकड्रिल का अभ्यास



**तिलहर।** आगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह के नेतृत्व में प्रभारी शिक्षक प्रिंस शर्मा ने पुलिस बल को बलवा मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया। चीनी मिल में बलवा माकड्रिल का अभ्यास कराते हुए सीओ इशिका सिंह ने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल का उद्देश्य पुलिस बल को हर परिस्थिति के लिए तैयार रखना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई कर कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। उन्होंने पुलिसकर्मियों को संयम और सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को उपद्रव और पथराव जैसी परिस्थितियों से निपटने के तरीके सिखाए गए। मॉकड्रिल में पुलिसकर्मियों को दो टीमों में बांटा गया, जिसमें एक टीम ने उपद्रवियों की भूमिका निभाई जबकि दूसरी टीम ने हालात को नियंत्रित करने का अभ्यास किया। इस दौरान पुलिस ने दंगाइयों को नियंत्रित करने, भीड़ को तितर-बितर करने, बैरीकेडिंग, लाठीचार्ज तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया। पुलिस जवानों को आंसू गैस, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर और अन्य सुरक्षा संसाधनों के सही इस्तेमाल की जानकारी भी दी गई।

## मैलानी वन रेंज में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराने से बचते नजर आ रहीं डी एफ ओ नार्थ

**लखीमपुर खीरी-** भले ही सूबे की सरकार के मुखिया और जिला प्रशासन बड़े बड़े दावे और वादे कर रहे हो लकिन वन प्रभाग उत्तरी के के अंतर्गत वन रेंज मैलानी के रेंजर पर शासन के आदेशो का असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार वन बीट जटपुरा और सलेमपुर के अंतर्गत कंपार्टमेंट 08,09,10,11, में वन दरोगा, फॉरेस्ट गार्ड की मिलीभगत से जमकर सागौन की लकड़ी का कटान कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।बताया जाता है कि लकड़कट्टो और वन दरोगा, फॉरेस्ट गार्ड की साठगांठ से जंगल का दोहन किया जा रहा है जिससे वन संपदा को भारी क्षति पहुंची है।वन दरोगा राजा राम तिवारी और फॉरेस्ट गार्ड हरेन्द्र यादव द्वारा वन बीट में वाटर पूल बनवाए बगैर और उस पर बोरिंग कराए बगैर ही काग़ज़ों पर बोरिंग दिखाकर सरकार से आए धन को हजम कर लिए जाने के आरोप लगाये गये हैं सूत्रों का कहना है इस खेल में रेंजर मैलानी की भूमिका सवालों के घेरे में हैं। सरकार द्वारा वाटर पूल में पानी भरने को खरीदे गए पम्प सेट को भी कबाड़ में बेच दिए जाने के आरोप वन दरोगा राजा राम तिवारी पर लगाये जा रहे हैं।कंपार्टमेंट 08,09,10,11,में लगी मुड़ढी चीख चीख कर भ्रस्टाचार की दास्तान स्वयं बयां कर रहीं हैं। इस खेल की जानकारी रेंजर मैलानी को भी है लकिन सभी मौन साढ़े बैठे सब कुछ होते देख रहे हैं आज तक कोई कार्रवाई अमल में न लाया जाना साहब की मौन स्वीकृत होने की ओर संदेह पैदा करता है। यदि मामले की डी. एफ. ओ . नार्थ करा ले कुम्बिंग तो होगा दुध का दुध और पानी का पानी।मामले की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। जिससे हो रहे वन संपदा के क्षरण को रोका जा सके तथा सरकारी खजाने को लग रहे लाखों के राजस्व का चूना पर लगाम लग सके।अब देखना है कि मामले में डी एफ ओ . उत्तरी द्वारा क्या एक्शन लिया जाता है करवाई जाती हैं कुम्बिंग या यू ही लीपापोती कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा। फ़िलहाल मामले में सोमवार को मिलने का समय डी एफ ओ नार्थ द्वारा दिया गया है।

# लखीमपुर खीरी में दौलत के दम पर एक परिवार को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा भूमाफिया

**● गाटा संख्या 431 कृषि भूमि वासिर उर्फ नासिर से खरीदी गई साथ में गाटा संख्या 443 पट्टेदारों के मकान का स्वामी बना मनीष जैन आदि उसके बाद लिए लेखपाल से पूरा नक्शा बदलवाया गया वाद न्यायालय में डालकर नजमा परवीन के विरुद्ध आदेश कराया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी-** ग्राम पंचायत महेवा के ग्राम बुढ़नापुर निवासी शारिक हुसैन ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर गाटा संख्या 443 की 50 साल पुराने पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास और राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली की जांच की मांग की है शारिक हुसैन का आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर मनीष जैन द्वारा पास की गाटा संख्या 431 की आड़ में उनकी पट्टे की जमीन पर विवाद खड़ा किया जा रहा है उनका कहना है कि राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर नक्शे से छेड़छाड़ की गई और मृतक नजमा परवीन के नाम जमीन दर्ज दिखाई गई जबकि उनका उक्त भूमि से कोई संबंध नहीं था पीड़ित ने लेखपाल पंकज तोमर की भूमिका की भी जांच की मांग की है। शारिक हुसैन का आरोप है कि उन्होंने कई बार महेवा गंज पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई उनका कहना है कि प्रॉपर्टी डीलर बार बार पुलिस बल के साथ आकर धमकाता है और 18 05 2026 को दोबारा विवाद की आशंका है।

**सूचना के अधिकार में भी आरोप**

पीड़ित का आरोप है कि सच्चाई दबाने के लिए भू माफिया और राजस्व विभाग मिलकर काम कर रहे हैं शारिक हुसैन का कहना है कि जब भी वह सूचना के अधिकार के तहत गाटा संख्या 443 की वास्तविक स्थिति जानने के लिए आवेदन करता है तो तहसील से फोन कर गलत जानकारी दी जाती है और कहा जाता है कि उक्त सूचना किसी कार्य दिवस में प्राप्त कर लें शारिक हुसैन का सवाल है कि जब कार्य दिवस में ही सूचना लेनी हो तो सूचना का अधिकार अधिनियम क्यों बनाया गया उनका आरोप है कि आईजीआरएस और आरटीआई दोनों में मांगी गई जानकारी नहीं दी जाती जबकि आवेदन उप जिलाधिकारी के नाम से होता है।

पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल दिशाहीन जानकारी देकर भू माफियाओं को फायदा पहुंचाते हैं। शारिक हुसैन ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए दोषियों पर एफआईआर दर्ज हो भूमि पर कब्जा सुरक्षित किया जाए और उन्हें सुरक्षा दी जाए उन्होंने कहा कि अगर प्रॉपर्टी डीलर वासिर उर्फ नासिर लेखपाल और पुलिस की भूमिका की जांच हो तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

## जिलाधिकारी ने चौपला फ्लाईओवर मरम्मत के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ करी बैठक



**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज चौपला फ्लाईओवर मरम्मत के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने चौपला फ्लाईओवर मरम्मत के कार्य में लोगों को हो रही असुविधा के सम्बंध में चर्चा की और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फ्लाईओवर मरम्मत का कार्य समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियो को निर्देश दिये कि मरम्मत कार्य में लगे कार्मिकों की संख्या को बढ़ाया जाये तथा दिन और रात्रि दो शिफ्ट में कार्य को कराया जाये जिससे कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जा सके और आमजन को असुविधा ना हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी( वि/रा) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात मो0 अकमल खान, एनएचआई के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी से नाराजगी, सपा प्रवक्ता भाटी का पुतला फूंका



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी के बयान के विरोध में रविवार को नगर में राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के तमाम कार्यकर्ता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत शर्मा ने नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए नगर के पूर्वी तिराहे पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई टिप्पणी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के सम्मान के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। इस तरह की बयानबाजी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करती है। प्रदेश अध्यक्ष अजीत शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने देश और समाज के निर्माण में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले बयान किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सपा प्रवक्ता सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। महिला मोर्चा की जिला मंत्री चंद्रकांता त्रिवेदी और नगर अध्यक्ष गायत्री श्रीवास्तव ने भी बयान की निंदा करते हुए कहा कि समाज को बांटने वाली राजनीति से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। इस दौरान राजदीपक शर्मा, वीर दीक्षित सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना तिलहर में शनि जयंती महोत्सव

**● हवन पूजन एवं केक काटकर किया प्रसाद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुरेंद्र सिंघल-** तिलहर।शनिवार को शनि जयंती महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति की कामना की। नगर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी स्थित शनि देव मंदिर में सर्वप्रथम मंदिर को आकर्षक फूलों, गुब्बारों तथा रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था तथा भगवान शनि देव को नवीन वस्त्र धारण कर उनकी पूजा अर्चना की गई उसके बाद पंडित नवनीत शर्मा के सानिध्य में सुमित गुप्ता, शिल्पी, धीरज साहनी, दीपिका साहनी, सुधीर अरोड़ा , पूनम साहनी , तुषार साहनी , मनोज प्रबल ने वैदिक रीति से हवन कर पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की। पंडित नवनीत शर्मा ने बताया कि दीर्घकाल के बाद शनिवार के दिन ही बट सावित्री व्रत, शनिश्चरी अमावस्या तथा एवं शनि जयंती होना बहुत ही दुर्लभ संयोग है। इस दिन श्रद्धा भाव से पूजा करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख-शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा लंबे समय के बाद शनिवार के दिन ही बट अमावस्या एवं शनि जयंती होना बहुत बड़ा संयोग है। उसके बाद भगवान शनि देव की पूजा तथा आरती कर श्रद्धालुओं ने काले तिल, सरसों का तेल, उड़द आदि अर्पित कर शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान 'जय शनिदेव' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आरती समापन के बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख शक्ति कुमार सिंह बूटी व धीरज साहनी ने शनिदेव जन्मोत्सव पर केक काटा। अंत में शरबत, खस्ता कचौड़ी, गुजिया तथा आलू पूरी सब्जी के भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अरुण यादव चैनू , गोपी अरोड़ा, विजय गुलाटी, अजय गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, रामकुमार गुप्ता पप्पू , प्रदीप अरोरा, जय प्रकाश द्विवेदी, , प्रखर सिंघल, सुमित गुप्ता, ईश्वरचंद अरोड़ा , सुनील अरोड़ा सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। उधर हाईवे स्थित श्री शनि मंदिर पर राकेश गुप्ता , हर्षित गुप्ता ने सपरिवार हवन पूजन कर भंडारा किया गया । जिसमें तमाम भक्त मौजूद रहे।

# सरकारी जमीनों का सीमांकन कराकर अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी-** तहसील प्रशासन का संरक्षण होने के चलते अवैध कब्जा का सिलसिला कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। मामला ग्राम पंचायत पलहनापुर का है जहां पर मरघट, खलिहान, रास्ता, सामुदायिक भवन की आरक्षित जमीनों पर बन गए मकान ,और प्रशासन सोता रहा।प्रधान प्रतिनिधि ने लगाए तहसील दार और कानूनगो अरुणेश मिश्रा पर पैसा लेकर बेदखली आदेश के बाद भी कब्जा न हटवाने के आरोप लगाये हैं।जब जमीन राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग और मरघट तथा खलिहान के नाम दर्ज है और सरकार द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के स्पष्ट निर्देश है तो फिर क्यों नहीं हटाया जा रहा अवैध कब्जा, बड़ा सबाल बना हुआ है।प्रधान ग्राम पंचायत पलहनापुर के मुताबिक ग्राम पंचायत की सार्वजनिक उपयोग की आरक्षित जमीनों को खाली कराने के लिए काफी प्रार्थना पत्र दिए लकिन आज तक तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।मजेदार बात तो यह है कि अवैध तरीके से पक्का निर्माण होता रहा और शिकायतें करता रहा लकिन तहसील प्रशासन ने अवैध निर्माण रुकवाया जाना शायद उचित नहीं समझा जिसके परिणामस्वरूप आज ग्राम पंचायत की सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन पर मकान बना लिए गए और कुछ पर दबंग खेती कर रहे हैं।हालात यह है कि दबंगों ने मरघट तक को नहीं छोड़ा उस पर भी दलित समाज के दर्जनों लोगों के मकान बने देखे जा सकते है। यह सब कानूनगो अरुणेश मिश्रा के परगना का चार्ज लेने के बाद हुआ है यदि उसी समय की गई होती कार्रवाई तो शायद आज सार्वजनिक उपयोग की जमीन को अवैध कब्जा से बचाया जा सकता था।इस अवैध कब्जा के खेल में. तहसीलदार गोला की भूमिका भी सवालों के घेरे में हैं।

**बेदखली आदेश के बावजूद भी नहीं हटवाया जा रहा अवैध कब्जा आखिर क्यों?**

ग्राम पंचायत पलहनापुर के प्रधान और तहसीलदार गोला भीमचंद के मुताबिक चार लोगों के विरुद्ध धारा 67 की कार्रवाई तत्कालीन लेखपाल द्वारा की गई थी जिसमें चारों अवैध कब्जा धारको में राजेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह, शिव बालक सिंह गजेंद्र सिंह पुत्र गण हर दयाल सिंह के विरुद्ध बेदखली और अर्थदंड का आदेश पारित किया गया था।आज आदेश पारित होने को एक साल हो चुका है लकिन अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है।

ग्रामीणों के मुताबिक कानूनगो ने पैसा लेकर बेदखली करने की बजाय उल्टा बेदखली आदेश को निरस्त करने का प्रयास जारी हैं अवैध कब्जा धारक राजेंद्र सिंह व उनके लड़के का आरोप है कि कानूनगो परगना भूड ने बेदखली आदेश को खत्म कराने के लिए 60,000 रुपये लिए गए हैं जिसकी ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद हैं यह आरोप राजेंद्र सिंह द्वारा भी लगाया गया है। ऐसे में कैसे होगी सरकारी जमीनें अवैध कब्जा मुक्त और कैसे होगी सरकारी दावों की पूर्ति?जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में आ जाएंगे तो लोगों को न्याय मिलना दूर की बात सरकार की मंशा पर भी लगेगा भ्रस्टाचार का ग्रहण।बेदखली आदेश के बाद भी कोई कार्रवाई न होना प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी और हठधर्मिता को दर्शाता है।अब देखना यह है कि आखिर कब तक पैसा पहाड चढ़ाता रहेगा और सरकार के आदेशों को धता बताकर धनार्जन का खेल खेला जाता रहेगा?लोगों की माने तो ऐसे कई आदेश साहब की अलमारी में धूल फांक रहे हैं।तहसीलदार गोला और एस. डी. एम. गोला से जानकारी लेने पर उनका एक ही रटा रटाया जवाब होता है कि प्रक्रिया चल रही है कब पूरी होगी प्रक्रिया और कब रुकेगी प्रक्रिया और होगी बेदखली की कारवाई?या फिर यू ही चलती रहेगी सालों साल प्रक्रिया यक्ष प्रश्न बना हुआ है।फिलहाल अब मामला शासन स्तर पर ले जाने की बात जोर पकड़ती जा रहीं हैं।

# गर्दन फंसते देख नहीं दे रहा सूचना पी.डब्ल्यू. डी विभाग

**● मामला पी.डब्ल्यू. डी विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय प्रांतीय खंड का है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड कार्यालय में तैनात बाबु पर अपने परिवार की फर्मों को मनमाने तरीके से अधिकांश ठेके दिए जाने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।प्रांतीय खंड कार्यालय में मृतक आश्रित कोटे से नौकरी में आए बाबू की लिपिकीय कार्य शैली जन चर्चा का विषय बनी हुई हैं।एक विभागीय सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड कार्यालय में तैनात बाबू द्वारा अपने सगे भाई की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड फर्म और दूसरी अपने चाचा की पत्नी के नाम पंजीकृत फर्म पर रेवड़ी की तरह थोक के भाव टेन्डर देकर पिछले दरवाजे से खुद ठेकेदारी करने के आरोप उक्त बाबू पर लगाए गए हैं।बताया तो यहां तक जाता है कि बाबू जी ने बैक डोर से ठेकेदारी करके काफी नामी बेनामी सम्पत्ति बना डाली। क्या कारण रहा की अधिकांश कार्य योजनाओं का काम इन्हीं दोनों फर्मों को दिया गया?बड़ा सबाल तो यह है कि कोई कर्मचारी उसी विभाग में नौकरी करता हो और उसी विभाग में अपनी पत्नी के नाम फर्म रजिस्टर कराकर ठेकेदारी कैसे कर सकता है? अहम सबाल यह भी है कि अधिशासी अभियंता की नाक के नीचे खेल होता रहा और साहब को इसकी भनक तक नहीं लगी।

मामले की जानकारी लेने को जब सूचना अधिकार अधिनियम से आवेदन कर प्रान्तीय खंड में दिए गए ठेके और भुगतान की जानकारी चाही है। टेन्डर की कापी टेन्डर प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली फर्मों की सूची सहित अन्य बिन्दुओं पर जानकारी चाही गई तो सूचना देने की बजाय शहर के नामचीन लोगों से फोन कराकर दबाब बनाया जा रहा है। शायद जांच और सूचना देने में गर्दन फंसते देख सूचना देना उचित नहीं समझा जा रहा है।एक विशेष सूत्र द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार अपनी चोरी पकड़े जाने से बाबू द्वारा एक नई चाल चली गई। जिन दो फर्मों की चर्चा जोर पकड़ रहीं थीं उसकी जगह दो अन्य फर्मों को हायर कर लगा कर काम करने की चर्चा प्रकाश में आयी है।ठेकेदारी प्रथा से जुड़े आदमी ने कहा यदि उक्त दोनों फर्मों द्वारा कराए गए कार्यो की जांच करा ली जाय तो कई अनियमितता सामने आयेंगी, और उक्त बाबू समेत जिम्मेदार अधिकारी की भूमिका पर खड़े होंगे बड़े सबाल और जांच की आंच आना तय माना जा रहा है। फिलहाल मामला जांच का विषय है।अब देखना यह है कि अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड द्वारा मामले की जांच कराई जाती हैं या फिर यू ही मामले को फाइलों में दफन कर दिया जाएगा।सूचनाएं उपलब्ध न कराए जाने तथा अबतक मामले की जांच न कराए जाने से आहत होकर मामलें की शिकायत अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग और मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग से कर मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने की बात सामने आई हैं।

# मृतकों से किरायानामा, ज़िंदा लोगों पर कब्ज़ा!

**● लखीमपुर में प्रॉपर्टी डीलर का ऐसा 'कागज़ी चमत्कार' कि कानून भी चकरा जाए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** जिले की तहसील सदर के ग्राम पंचायत महेवा में जमीन का ऐसा खेल सामने आया है, जिसने 'भू-माफिया मॉडल' को भी पीछे छोड़ दिया है। यहां एक प्रॉपर्टी डीलर ने न सिर्फ़ पुराने पट्टाधारकों को कागज़ों में किराएदार बना डाला, बल्कि एक मृतक महिला को भी अदालत में 'जिंदा किराएदार' की तरह पेश कर दिया। बताया जा रहा है कि प्रॉपर्टी डीलर मनीष जैन ने गाटा संख्या 431 की कृषि भूमि वासिर उर्फ नासिर से खरीदी। इसके बाद असली खेल शुरू हुआ। गाटा संख्या 443 में करीब 50 वर्षों से रह रहे पट्टाधारकों के मकानों को कथित तौर पर अपने किराएदारों की सूची में शामिल कर दिया गया। यानी जो लोग पीढ़ियों से अपने घरों में रह रहे थे, उन्हें कागज़ों में 'किराए पर रहने वाला' बना दिया गया। हद तो तब हो गई जब नजमा परवीन नामक मृतक महिला को किराएदार दिखाकर न्यायालय में मुकदमा दायर कर दिया गया। सवाल यह उठ रहा है कि जब महिला जीवित ही नहीं थी, तो वह किराएदार कब बनी? क्या अब तहसीलों और अदालतों में आत्माओं के भी किरायानामे बनने लगे हैं? ग्रामीणों का आरोप है कि नजमा परवीन का उक्त भूमि से कोई संबंध नहीं था। वह अपने पुत्र शारिक हुसैन के साथ रहती थीं। प्रॉपर्टी डीलर के पास उनके किराएदार होने का कोई वैध दस्तावेज भी नहीं बताया जा रहा। इसके बावजूद न्यायालय से आदेश हासिल कर लिया गया। मामले में लेखपाल की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि मोटी रकम लेकर नक्शे में ऐसा खेल किया गया कि असली जमीन कहीं और और कब्जे की तैयारी कहीं और होने लगी। गांव में चर्चा है कि अब नक्शे भी 'सेवा शुल्क' देखकर दिशा बदलने लगे हैं। सबसे गंभीर आरोप यह है कि न्यायालय का आदेश मृतक महिला के नाम पर लिया गया, लेकिन कब्जा शारिक हुसैन की भूमि पर करने की कोशिश हो रही है। शारिक का कहना है कि 18 मई 2026 को दोबारा कब्जे का प्रयास किया जा सकता है। शारिक हुसैन ने आरोप लगाया कि लगातार मानसिक प्रताड़ना और विवाद के कारण उसकी मां नजमा परवीन की मौत हो गई। पत्नी की भी मृत्यु हो चुकी है और बेटी की हालत भी ठीक नहीं है। ऊपर से वर्तमान में उसकी ड्यूटी स्व गणना कार्य में लगी है, जिससे वह और अधिक तनाव में है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक खीरी से ऑनलाइन की गई है। ग्रामीणों की मांग है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो और यह पता लगाया जाए कि आखिर मृतक महिला को किराएदार बनाकर अदालत तक फाइल कैसे पहुंच गई। अब बड़ा सवाल यह है कि अगर कागज़ों में मृतक लोग किराएदार बन सकते हैं, नक्शे बदल सकते हैं और पीढ़ियों पुराने मकान किराये की संपत्ति घोषित हो सकते हैं, तो आम आदमी अपनी जमीन बचाए कैसे? लखीमपुर में यह मामला सिर्फ़ जमीन विवाद नहीं, बल्कि राजस्व व्यवस्था, कागज़ी न्याय और स्थानीय मिलीभगत पर बड़ा सवाल बनता जा रहा है।

# विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**● मामला विकास खंड पसगवा की ग्राम पंचायत महमूदपूर नाजिर का है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** विकास खंड पसगवां क्षेत्र की ग्राम पंचायत महमूदपुर नाजीर एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पंचायत में ह्यूम पाइप, नल मरम्मत, पेयजल व्यवस्था और अन्य विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये के भुगतान किए जाने की चर्चा जोरों पर है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि जिन कार्यों का भुगतान कागज़ों में पूरा दिखाया गया, उनमें से कई काम अधूरे पड़े हैं, जबकि कुछ स्थानों पर काम शुरू तक नहीं हुआ। गांव में विकास के नाम पर सिर्फ फाइलों का पेट भरा गया, जबकि जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रही है।सूत्रों के मुताबिक पंचायत में भुगतान प्रक्रिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। चर्चा यह भी है कि 25 मई 2026 को प्रशासक की देखरेख में होने वाले विकास कार्यों और भुगतानों से पहले जल्दबाजी में कागज़ी खेल तैयार किया जा रहा है, ताकि बाद में जवाबदेही से बचा जा सके।सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बिना गुणवत्ता जांच और स्थलीय सत्यापन के भुगतान कैसे कर दिए गए? क्या जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंदे बैठे हैं, या फिर इस पूरे खेल में कई चेहरे शामिल हैं?अब स्थानीय लोगों की निगाहें उच्च अधिकारियों पर टिकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार की कई परतें खुल सकती हैं। और कई इमानदार चेहरे हो सकते हैं बेनकाब। इस सम्बंध में जब खंड बिकास अधिकारी पसगवा से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है मामले की जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मिल्कियां वाले सैय्यद बाबा की मजार पर अकीदत के साथ उर्स संपन्न हुआ

**● जायरीन ने मजार-ए-पाक पर चादरपोशी कर मांगी अमन-चैन की दुआ**

**सूफियाना कव्वाली और मेले में उमड़ी भीड़, बच्चों ने उठाया झूलों का आनंद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** धर्मपुर ,रिठौरा में स्थित सैय्यद बाबा मिल्कियां वालों की मजार पर रविवार को एक रोजा उर्स का अकीदत व पारंपरिक ढंग से आयोजन किया गया। उर्स के दौरान क्षेत्र के तमाम अकीदतमंदों और जायरीन ने मजार शरीफ पर हाजिरी देकर मखमली चादर पेश की और सुख-समृद्धि की दुआएं मांगी। मजार के सज्जादानशीन अशफाक अहमद ने बताया कि यह मजार क्षेत्रवासियों के लिए गहरी आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। यह एक सिद्ध दरगाह है, जहां आने वाले हर जायरीन की मन्नत पूरी होती है। उर्स के मौके पर मजार शरीफ पर सुबह से ही चादरपोशी और न्याज का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा।

**कव्वाली के कलामों पर झूमे जायरीन**

उर्स के विशेष अवसर पर सूफियाना महफिल-ए-कव्वाली का शानदार आयोजन किया गया। कव्वालों ने अपनी बेहतरीन गायकी और रूहानी कलामों से समां बांध दिया, जिसे सुनकर कार्यक्रम में मौजूद श्रोता और अकीदतमंद झूमने पर मजबूर हो गए। मजार परिसर के आसपास सजे पारंपरिक मेले में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और खिलौने की दुकानें लगाई गई थीं, जिनका बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। इसके साथ ही उर्स की मशहूर मिठाई हलवा-पराठा की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने वाले इस उर्स में तमाम गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, कांग्रेस नगर अध्यक्ष उवैश अंसारी, पूर्व सभासद अब्दुल हलीम उर्फ गरीब अहमद, जाकिर मंसूरी, राजीव उर्फ लवकुश साहू, लोकेश कुमार गुप्ता,शमशाद अहमद, मोहम्मद आरिफ, दन्ने, इकबाल और यासानी अंसारी आदि ने मजार-ए-पाक पर संयुक्त रूप से चादरपोशी कर अकीदत के फूल पेश किए।

# रामापुर चौकी क्षेत्र में अवैध खनन का बड़ा खेल, राजस्व को लाखों की चपत

**● बसहिया गांव में रेपर मशीन से धड़ल्ले से चल रहा खनन, प्रशासनिक कार्रवाई पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिले के कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत रामापुर चौकी इलाके में अवैध खनन का कारोबार लगातार परवान चढ़ता नजर आ रहा है। बसहिया गांव में खुलेआम हो रहे अवैध खनन से सरकार के राजस्व को प्रतिदिन लाखों रुपये का नुकसान पहुंचने की चर्चा है। वहीं, पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार बसहिया गांव में खनन माफिया बेखौफ होकर रेपर मशीनों के जरिए मिट्टी खनन का कार्य कर रहे हैं। शासन द्वारा अवैध खनन पर रोक लगाने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, इसके बावजूद क्षेत्र में दिन-रात खनन जारी रहने से जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी मशीनों से किए जा रहे खनन से जहां सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं क्षेत्र की सड़कों और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोगों में चर्चा है कि बिना किसी संरक्षण के इतने बड़े स्तर पर अवैध खनन संभव नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि रामापुर चौकी क्षेत्र में खुलेआम चल रहे इस अवैध कारोबार की जानकारी आखिर स्थानीय पुलिस और प्रशासन को क्यों नहीं हो रही, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। अब देखना यह होगा कि खबर उजागर होने के बाद प्रशासन अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करता है या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### घर के बाहर लगी सोलर लाइट की बैटरी चोरी, पुलिस से शिकायत

**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र के किशुनापुर गांव में घर के बाहर लगी सोलर लाइट की बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। किशुनापुर निवासी रमेश चन्द्र उपाध्याय ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनके दरवाजे पर सोलर लाइट लगी हुई थी। आरोप है कि 14 मई की दोपहर करीब एक बजे गांव के कुछ शरारती युवक सोलर लाइट को तोड़कर उसकी बैटरी उठा ले गए। पीड़ित ने आशंका जताई है कि इस तरह की घटनाओं से आगे चलकर बड़ी वारदात भी हो सकती है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### नटवा रेलवे क्रॉसिंग के पास अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी



**भदोही।** जनपद के औराई थाना क्षेत्र अंतर्गत नटवा रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार आज दिनांक 17 मई 2026 को सुबह करीब 5:30 बजे नटवा रेलवे क्रॉसिंग के पिलर संख्या 257/22 एवं 257/24 के बीच एक अज्ञात महिला ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतका का रंग गेहुआ बताया जा रहा है तथा कद-काठी सामान्य है। महिला ने धानी रंग की सलवार-कमीज एवं दुपट्टा पहन रखा था। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। औराई पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृत महिला के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस से संपर्क कर सूचना दें, जिससे शव की शिनाख्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### भदोही महोत्सव में पहुँची विशाल साइकिल यात्रा

**युवाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**



**गोपीगंज।** भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में रविवार को आयोजित विशाल साइकिल यात्रा का भदोही महोत्सव के अभयनपुर मैदान में भव्य स्वागत किया गया। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में निकली यात्रा को कृष्णा मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी साइकिल चलाकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। साइकिल यात्रा के दौरान युवाओं ने 'साइकिल चलाएँ, ईंधन बचाएँ' एवं 'वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक किया। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों एवं खेल प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि साइकिल चलाने से न केवल स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण और ईंधन बचत में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। भदोही महोत्सव में पहुंची इस साइकिल यात्रा ने युवाओं में नई ऊर्जा और जागरूकता का संदेश दिया।

# पंचायतों के सशक्तिकरण को लेकर लखनऊ में मंथन

- ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन की कोर समिति की अहम बैठक सम्पन्न

पंचायतों को मजबूत किए बिना ग्रामीण विकास संभव नहीं : विवेकचन्द्र अवस्थी 51 जिलों के पदाधिकारियों का प्रस्ताव शासन तक पहुँचा,

55 जिलों से राज्यपाल को भेजे गए पंचायत प्रतिनिधियों के ज्ञापन भदोही से महजूदा ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय बैठक में हुए शामिल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन की राष्ट्रीय कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक राजधानी लखनऊ में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकचन्द्र अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार दिलीप लोधी के कार्यालय पर किया गया, जिसमें विभिन्न जनपदों के पदाधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भदोही जनपद से संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजमणि पांडेय की सक्रिय सहभागिता चर्चा का केंद्र रही। बैठक में पंचायतों के सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं संगठन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पंचायतों को मजबूत किए बिना ग्रामीण विकास की कल्पना अधूरी है। पंचायत स्तर पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी विवेक गंगवार एवं डॉ. ईभा पटेल ने पंचायत स्तर पर महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार दिलीप लोधी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकचन्द्र अवस्थी ने बताया कि संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश के 51 जनपदों के पदाधिकारियों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके अलावा प्रदेश के 55 जनपदों से जिलाधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों से जुड़े मुद्दों पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है और संगठन लगातार जनप्रतिनिधियों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहा है। बैठक में पंचायत चुनाव, प्रशासक व्यवस्था एवं समय पर चुनाव न होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों के कार्यकाल वृद्धि जैसे अहम विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव राजमणि पांडेय ने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधियों को प्रशासक बनाए जाने की चर्चा चल रही है, जिस पर संगठन लगातार नजर बनाए हुए है।राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक में आगरा जनपद की ग्राम पंचायत बिरहरू को देश की तृतीय एवं उत्तर प्रदेश की प्रथम सर्वश्रेष्ठ पंचायत के रूप में प्राप्त ऐतिहासिक उपलब्धि पर विशेष हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिरहरू के सम्मानित ग्राम प्रधान भूरी सिंह को राष्ट्रीय कोर कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार विवेक गंगवार, डॉ. ईभा पटेल, प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव, प्रदेश प्रभारी शौबीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मो. असलम, प्रदेश सचिव अखिलेश यादव, डॉ. अनामिका सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम सभा का बड़ा फैसला : बिना सूचना कंपनी गतिविधियों पर लगेगी रोक, 21 मई की बैठक में जुटेंगे सैकड़ों ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंड:–** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत भैंसादोन गांव स्थित दुर्गा मंडप परिसर में रविवार को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनटीपीसी एवं एनएलसी से जुड़ी कंपनी गतिविधियों, सर्वे कार्यों और प्रस्तावित जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों ने गहरा आक्रोश जताया। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनियों द्वारा गांव में की जा रही गतिविधियों में पारदर्शिता की भारी कमी है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को यह तक जानकारी नहीं दी जाती कि कब सर्वे किया जा रहा है, कितनी जमीन का मापन हुआ है और कब कंपनी प्रतिनिधि गांव में पहुंच रहे हैं। बिना पूर्व सूचना के सर्वे, बैठक और जनसुनवाई की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में किसी भी प्रकार की कंपनी गतिविधि, सर्वे, जनसुनवाई अथवा प्रवेश से पहले ग्राम सभा और स्थानीय ग्रामीणों को विधिवत सूचना देना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति और बिना सूचना किसी भी गतिविधि का ग्रामीण एकजुट होकर विरोध करेंगे। बैठक में आगामी 1 जून को प्रस्तावित जनसुनवाई का विरोध करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही 21 मई को गेरेंजा में आयोजित होने वाली बैठक में अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया, ताकि कंपनी की गतिविधियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद की जा सके। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि ग्राम सभा सर्वोच्च है और स्थानीय लोगों को विश्वास में लिए बिना किसी भी प्रक्रिया को आगे बढ़ाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनियों को ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम प्रधान को समय पर पूरी जानकारी देनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो ग्रामीणों का विरोध स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के अधिकार, जमीन और सम्मान की रक्षा के लिए वह हमेशा उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेंगी। बैठक में संजय यादव, उदय यादव, रामवृक्ष यादव, सौरव यादव, नंदकुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य बीरबल जी, भारत यादव, भोला यादव, अंबिका यादव, फुलदेव यादव, बिहारी यादव, विश्वनाथ मुंडा, ग्राम प्रधान धाधू, दशरथ यादव, सूरत यादव, निर्मल यादव, बालेश्वर यादव, बसंती उरांव, बालकिशन यादव, गोवर्धन यादव, वीरेंद्र यादव, काबिलाश यादव, विनोद यादव, जितेंद्र यादव, विनोद प्रजापति, देवनाथ उरांव, रामलाल उरांव, गेरेंजा, बिट्टू सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में ग्राम सभा के निर्णय का समर्थन करते हुए कंपनी की अपारदर्शी गतिविधियों के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## मण्डल प्रभारी बनाए जाने पर किया गया भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सीखड़ मीरजापुर, मझवा** मंडल द्वारा मंडल प्रभारी बनाए जाने पर जलालपुर सामुदायिक भवन में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आकाश सिंह ने की। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नव नियुक्त मंडल प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय एवं मनोज कुमार सिंह का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। इस दौरान विजय नारायण सिंह, मारकंडेय सिंह, दीपक उपाध्याय, राजेश जायसवाल, अवनीश तिवारी, सभासद शिव प्रसाद द्विवेदी, रणवीर प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, दिनेश मिश्रा, शिवम पांडेय, नीरज पांडेय, विनोद पांडेय एवं मिथलेश चौबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधानसभा निर्वाचन से पूर्व नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में संचार व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** जिलाधिकारी चर्चित गौड की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा निर्वाचन को सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कल बीएसएनएल, जिओ एवं एयरटेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के दूरस्थ एवं नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे सभी मतदान केंद्रों, विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों को तत्काल चिन्हित किया जाए, जहां मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में संचार व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए किसी भी मतदान केंद्र पर नेटवर्क बाधित नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने दूरसंचार कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि चिन्हित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा जहां आवश्यकता हो वहां नए मोबाइल टावर स्थापित करने की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि नेटवर्क व्यवस्था सुदृढ़ होने से मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक समन्वय बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर युद्धस्तर पर कार्य करें तथा नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करते रहें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि नेटवर्क सुधार कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनपद के प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्बाध एवं पर्याप्त नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मानदेय वृद्धि पर भदोही के अनुदेशकों का भव्य सम्मान, शिक्षा गुणवत्ता पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये किए जाने के उपलक्ष्य में रविवार को मधुवन वाटिका, ज्ञानपुर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से बड़ी संख्या में अनुदेशक शामिल हुए। आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, सांसद डॉ. विनोद बिन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राथमिक विद्यालय घरांव के बच्चों ने वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली भी चर्चा का केंद्र रही। इस दौरान मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अनुदेशकों की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा गतिविधि आधारित शिक्षा को नई दिशा मिली है। राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और अनुदेशकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए मानदेय में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। सांसद डॉ. विनोद बिन्द ने कहा कि सरकार भविष्य में भी अनुदेशकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि बेसिक शिक्षा में खेल, कला एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अनुदेशकों का योगदान सराहनीय है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने भी शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में अनुदेशकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में प्रत्येक विकास खंड से चयनित महिला एवं पुरुष अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित अनुदेशकों ने शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों एवं अनुदेशकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। उत्साह और प्रेरणा से भरे इस कार्यक्रम का समापन शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## शादी का कार्ड बांटने निकले साले-बहनोई की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** गोपीगंज थाना क्षेत्र के भदोही बॉर्डर नरऊर के पास शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार रिश्ते में साले-बहनोई की मौत हो गई। दोनों युवक शादी का निमंत्रण पत्र बांटने निकले थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों के बहनोई अख्तर अली पुत्र मुंशी रजा निवासी कटरा बाजार थाना कोइरौना ने बताया कि मुख्तार हाशमी पुत्र शहाबुद्दीन हाशमी निवासी सकलडीहा, जनपद चंदौली, उम्र लगभग 35 वर्ष तथा शाहिद हाशमी पुत्र वाहिद हाशमी निवासी मेढ़ थाना सैयदराजा, उम्र लगभग 22 वर्ष रिश्ते में साले-बहनोई थे। बताया गया कि दोनों युवक आगामी 7 जून 2026 को होने वाली शादी का निमंत्रण पत्र बांटने के लिए बाइक से मिर्जापुर गए थे। वहां से कार्ड बांटकर कटरा बाजार कोइरौना लौटते समय जैसे ही नरऊर स्थित भदोही सीमा के पास पहुंचे, तभी अनियंत्रित डंपर संख्या यूपी 64 बीटी 2568 की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

## सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन विवादों में,

- मंच पर गुटबाजी और 'विवादित चेहरे' की मौजूदगी से मचा बवाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना–** त्रिवेणीगंज अनुमंडल के लिएवेसे तो शनिवार का दिन ऐतिहासिक माना जा रहा था। वर्षों के इंतजार के बाद सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन हुआ, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने फीता काटकर कॉलेज का शुभारंभ किया, मंच से शिक्षा, विकास और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य ,ज्ञान विज्ञान की बड़ी-बड़ी बातें हुई। लेकिन समारोह खत्म होते-होते पूरा कार्यक्रम शिक्षा से ज्यादा विवाद, गुटबाजी और मंच पर विवादित चेहरों की मौजूदगी को लेकर चर्चा में आ गया। उपमुख्यमंत्रीबिजेन्द्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह सिर्फ त्रिवेणीगंज ही नहीं बल्कि पूरे इलाके के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, खासकर गरीब बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बीएनएमयू के कुलपति डॉ ने इसे विश्वविद्यालय के अंतर्गत पहला सरकारी डिग्री कॉलेज बताते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही। सांसद दिलेश्वर कामत औरविधायक सोनम रानी व एनडीए नेताओं ने भी इसे क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया। लेकिन मंच से दिए जा रहे आदर्शवादी भाषणों के समानांतर कार्यक्रम स्थल पर जो तस्वीरें सामने आई, उन्होंने पूरे आयोजन की गरिमा और सुचिता परगहरे सवाल खड़े जरूर कर दिए हैं ।

**मंच पर जगह नहीं, पूर्व विधायक लौट गई**

समारोह के दौरान जदयू की अंदरूनी गुटबाजी व बर्चस्व खुलकर सामने आ गई। क्षेत्र की पूर्व विधायकबीना भारती को मंच पर जगह तक नहीं मिली। बताया जाता है कि काफी देर तक इंतजार करने के बाद वे नाराज होकर चुपचाप कार्यक्रम स्थल से लौट गई। इस घटना ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जिस पार्टी के नेता वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय रहे, उन्हें मंच पर सम्मान नहीं मिला, जबकि दूसरे चेहरे पूरे कार्यक्रम में प्रभावशाली भूमिका में दिखे।

**सेक्स रैकेट आरोपी की मौजूदगी बनी सबसे बड़ा सवाल**

पूरे समारोह में सबसे ज्यादा चर्चा उस विवादित व्यक्ति की मौजूदगी को लेकर रही, जो अवैध सेक्स रैकेट मामले में जेल जा चुका है। जानकारी के अनुसार 18 जून 2024 को पुलिस छापेमारी में उक्त व्यक्ति को 12 बालिग व नावालिग लड़कियों के साथ गिरफ्तार किया गया था ,और मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया था,और लंबे समय तक जेल में रहने के बाद हाल ही में बाहर आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वह कार्यक्रम में आयोजकों की तरह न सिर्फ सक्रिय दिख रहा था,बल्कि उनकी सक्रियता उन्हें मुख्य आयोजक प्रदर्शित कर रही थी। मंच पर उसकी मौजूदगी, नेताओं और अधिकारियों के बीच उसकी आवाजाही ने लोगों को हैरान कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट, मीम्स और कटाक्षों की बाढ़ आ गई। लोग तंज कसते दिखे – 'शिक्षा के मंदिर के उद्घाटन में आखिर विवादित चेहरों को इतना महत्व क्यों? ' 'क्या अब सरकारी कार्यक्रमों में पहुंच और रसूख ही नई योग्यता बन चुकी है? '

**कुलपति और आयोजकों पर उठे सवाल**

इस पूरे मामले में अब बीएनएमयू प्रशासन और आयोजन समिति भी सवालों के घेरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि इतने बड़े सरकारी और शैक्षणिक कार्यक्रम में कौन मंच के आसपास रहेगा और किसे अहमियत मिलेगी, इसकी जिम्मेदारी आयोजकों और विश्वविद्यालय प्रशासन की भी बनती है। कुलपति डॉ विमलेन्दु शेखर झा से जब विवादित व्यक्ति की मौजूदगी को लेकर पत्रकारों ने सवाल पूछा तो उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। लेकिन लोगों का कहना है कि विश्वविद्यालय मंच से नैतिकता और शिक्षा की बातें करता रहा, जबकि उसी कार्यक्रम में विवादित चेहरों की सक्रियता सबके सामने दिखती रही।आखिर वह व्यक्ति किस हैसियत से मंच पर मौजूद रहे ।

**उद्घाटन से ज्यादा विवाद की चर्चा**

जिस कॉलेज उद्घाटन को इलाके के भविष्य और शिक्षा की नई शुरुआत माना जा रहा था, वह अब राजनीतिक फजीहत, गुटबाजी और विवादित मौजूदगी की वजह से चर्चा का विषय बन गया है। क्षेत्र में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या सरकारी आयोजनों में अब मर्यादा और छवि से ज्यादा राजनीतिक समीकरण और रसूख मायने रखने लगे हैं? त्रिवेणीगंज को भले पहला सरकारी डिग्री कॉलेज मिल गया हो, लेकिन उद्घाटन समारोह ने शिक्षा से ज्यादा विवादों की ऐसी इबारत लिख दी, जिसकी चर्चा अब गांव से लेकर सोशल मीडिया तक हर जगह हो रही है।

## चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र / उत्तर प्रदेश -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 17.05.2026 को समय करीब 01:30 बजे थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा अम्बेडकर प्रतिमा स्थल से लगभग 20 मीटर पहले नहर पुलिया के पास बहदग्राम मारकुण्डी टोला अवई, थाना चोपन से अभियुक्त दीपनारायण पटेल पुत्र रत्नेश सिंह निवासी ग्राम धनसीरिया थाना राजगढ़ जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 32 वर्ष* को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के सफेद झोले में 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0सं0-180/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा, थाना चोपन , उ0नि0 अतुल पटेल , का0 बृजेश कनौजिया शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरवलिया गोलीकांड का 24 घंटे में खुलासा,

**जमीन कब्जे के विवाद में चली थी गोली**



**बेतिया।** खबर बेतिया से है जहां मनुआपुल थाना क्षेत्र में हुए गुरवलिया चौक पर हुई गोली कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है 17मई रविवार को करीब तीन बजे डीएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अतनू दत्ता ने बताया कि 16 मई की सुबह करीब 5:30 बजे, लव कुमार मिश्रा के घर पर बाइक सवार तीन अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी थी। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस सहित वरीय पुलिस प्रशासन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं जांच पड़ताल किया गया, पुलिस जांच में सामने आया कि मामला करोड़ों रुपये की जमीन पर कब्जा जमाने से जुड़ा है। इस कांड में कुख्यात रवि मियां, भू-माफिया धीरज कुमार शुक्ला और राजा कुमार की संलिप्तता पाई गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी डीएसपी अतनु दत्ता ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दबाव बनाने के उद्देश्य से दरवाजे पर फायरिंग की गई थी।

### रेशमी मेटिलिक ने बढ़ाया विकास का कदम, चकला-बाना में आधुनिक फ्लाई ब्रिक्स प्लांट का शुभारंभ



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला-बाना गांव स्थित रेशमी मेटिलिक कंपनी परिसर में शनिवार को अत्याधुनिक फ्लाई ब्रिक्स निर्माण प्लांट का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट पीसी जोशी ने बताया कि इस आधुनिक प्लांट के शुरू होने से क्षेत्र के युवाओं एवं मजदूरों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि अब कंपनी को निर्माण कार्यों के लिए बाहर से ईंट मंगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्लांट में तैयार होने वाली फ्लाई ब्रिक्स का उपयोग कंपनी के विभिन्न निर्माण कार्यों में किया जाएगा। इससे लागत में कमी आने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। पीसी जोशी ने कहा कि फ्लाई ब्रिक्स पर्यावरण के अनुकूल होती है और इसके उपयोग से प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में भी क्षेत्र में विकासात्मक एवं जनहितकारी कार्यों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने भी इस पहल को क्षेत्र के विकास और रोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### बंगला बैसाख महीने की पूर्णाहुति की पुनीत बेला में धूलोट का हुआ भव्य आयोजन

**बंगाल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने हरि कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण कर आध्यात्मिक सुरभि बिखेर दी**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** बंगला महीने का श्रीगणेश होने के साथ ही विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया में बंगला संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस पुणीत एवं मंगलमयी बंगला बैसाख महीने में प्रति संध्या बेला में हरिनाम संकीर्तन करते हुए भक्तवृंद द्वारा पाकुड़िया बाजार का भ्रमण किया जाता रहा। पूरे एक महीने तक संकीर्तन संपन्न होने के उपरांत रविवार को पाकुड़िया के काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर परिसर में सामूहिक संकीर्तन किया गया। बंगाल से आई कीर्तन मंडलियों में बड़ी संख्या में महिला भक्त शामिल हुई। उन्होंने हरिनाम संकीर्तन करते हुए पाकुड़िया नगर का भ्रमण कर आध्यात्मिक आभा बिखेर दी। इस पावन बेला में बाजार के श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर भावविभोर होते रहे। इस पुणीत शुभ अवसर पर नगरवासी शर्बत एवं बताशा प्रसाद के रूप में वितरण कर आनंदित हुए।

# 43वीं जिला एथलेटिक्स मीट 6-7 जून को परसा में, तैयारियों का लिया गया जायजा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**छपरा (सारण)।** सारण जिला एथलेटिक्स संघ की 43वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी 6 और 7 जून को परसा हाई स्कूल स्थित स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसको लेकर रविवार को परसा प्रखंड परिसर स्थित स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्यामदेव सिंह ने की। संघ के सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में आयोजित 42वीं जिला एथलेटिक्स मीट के दौरान अगली प्रतियोगिता एकमा में कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं को देखते हुए सर्वसम्मति से इस बार परसा प्रखंड को मेजबानी सौंपी गई। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला संघ की टीम रविवार को परसा पहुंची। बैठक में आयोजन सचिव रोहित यादव को प्रतियोगिता से जुड़ी विभिन्न मानक संचालन प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। एथलेटिक्स के राष्ट्रीय ऑफिशियल सह कोच अमित सौरभ ने आयोजन से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। स्थल निरीक्षण और विचार-विमर्श के बाद तिथि एवं स्थान को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई। सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ के पत्रांक-5, दिनांक 27 अप्रैल के तहत परसा को मेजबानी सौंपते हुए रोहित यादव को आयोजन सचिव बनाया गया है। जल्द ही आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में खिलाड़ियों के आवासन, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा हुई। प्रतियोगिता में जिला भर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशानुसार राज्य एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16 बालक-बालिका वर्ग के साथ पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेंगे। चूंकि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ऑन-द-स्पॉट चयन होना है, इसलिए खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में राज किशोर तिवारी, कमलजीत कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज उद्घाटन में 'दागी' की एंट्री पर सियासी संग्राम

**● D4 ष्टरूके मंच पर आरोपी से स्वागत, वीडियो वायरल होते ही RJD का हमला – 'JDU पर BJP का रंग चढ़ गया '**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

बिहार के सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज में नवस्थापित डिग्री कॉलेज के उद्घाटन समारोह का विवाद अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। बिहार सरकार के डिप्टी सीएम विजेंद्र प्रसाद यादव की मौजूदगी वाले सरकारी कार्यक्रम में कथित सेक्स रैकेट मामले के आरोपी द्वारा स्वागत किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष ने सरकार पर सीधा हमला बोल दिया है। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजेंद्र यादव, सांसद दिलेश्वर कामत और बीएनएमयू के कुलपति प्रो डॉ बीएस झा मंच पर मौजूद थे। वायरल वीडियो में एक ऐसा व्यक्ति अतिथियों को फूल-माला पहनाकर स्वागत करता दिख रहा है, जिस पर पूर्व में सेक्स रैकेट संचालन का आरोप लग चुका है और जो हाल ही में बेल पर बाहर आया बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर सवालों की बाढ़ आ गई कि आखिर एक सरकारी मंच तक ऐसे विवादित व्यक्ति की पहुंच कैसे हुई। अब इस पूरे मामले को लेकर राजद ने भी मोर्चा खोल दिया है। राजद के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज से पोस्ट साझा करते हुए तंज कसा गया कि 'सुपौल के त्रिवेणीगंज में ष्4 ष्टरू विजेंद्र यादव और सांसद दिलेश्वर कामत का स्वागत कथित सेक्स रैकेट मामले के आरोपी व्यक्ति ने किया। सचमुच छ्ष्ठ पर क्ध्छ्कका रंग चढ़ ही गया। ' राजद के इस पोस्ट के बाद राजनीतिक बयानबाजी और तेज हो गई है। विपक्ष इसे सत्ता संरक्षण और राजनीतिक गिरावट का उदाहरण बता रहा है, जबकि सत्ता पक्ष की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले ने उस समय और ज्यादा तूल पकड़ लिया जब चर्चा होने लगी कि क्षेत्र का दो बार प्रतिनिधित्व कर चुकी पूर्व विधायक वीणा भारती को मंच पर जगह नहीं मिली, जबकि विवादित छवि वाला व्यक्ति मंच पर सक्रिय भूमिका निभाता नजर आया। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर भी नाराजगी और चर्चा का माहौल बना हुआ है। बीएनएमयू के कुलपति प्रो डॉ बीएस झा ने मामले पर सफाई देते हुए कहा कि यह एक सरकारी कार्यक्रम था और मंच पर मौजूद सभी लोगों की जानकारी उन्हें नहीं थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से केवल डिप्टी सीएम, स्थानीय सांसद और स्थानीय विधायक की उपस्थिति तय थी। बाकी लोगों को किस स्तर पर मंच तक पहुंच मिली, इसकी जानकारी आयोजकों को होगी।

**राजनीतिक कटाक्ष-** बिहार की राजनीति में मंच अब केवल भाषण का नहीं, बल्कि संदेश का माध्यम बन चुका है। त्रिवेणीगंज के इस मंच ने एक बार फिर दिखा दिया कि सत्ता के करीब पहुंच रखने वालों के लिए प्रोटोकॉल और छवि दोनों अक्सर पीछे छूट जाते हैं। जिस कार्यक्रम का मकसद शिक्षा और विकास का संदेश देना था, वहां अब चर्चा कॉलेज से ज्यादा मंच पर दिखे चेहरों की हो रही है। विपक्ष को बैठे-बिठाए मुद्दा मिल गया है, जबकि सत्ता पक्ष सफाई और चुप्पी – दोनों के बीच फंसा नजर आ रहा है।

# ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने सीखा हुनर, मस्ती और रचनात्मकता का अनोखा संगम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा के प्रतिष्ठित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में आयोजित चार दिवसीय समर कैंप उत्साह, रचनात्मकता और सीख से भरपूर माहौल में संपन्न हुआ। कैंप में प्री-नर्सरी से लेकर नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की आयु एवं रुचि को ध्यान में रखते हुए कैंप को तीन अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया गया, ताकि सभी को अपनी क्षमता के अनुरूप गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिल सके। विद्यालय की निर्देशिका कादंबरी सिंह ने कहा कि इस तरह के रचनात्मक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को कला, खेल और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने मोबाइल की सीमित दुनिया से बाहर निकलकर बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष बल दिया। समर कैंप की शुरुआत विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य मैजिक शो से हुई, जहां प्रसिद्ध जादूगर एन.के. सम्राट ने अपने रोमांचक जादुई करतबों से बच्चों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक, मनोरंजक और रचनात्मक गतिविधियों का विशेष आयोजन किया गया। बच्चों को पार्क एवं उद्यान भ्रमण के साथ लोहरदगा स्थित ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल भी ले जाया गया, जहां उन्होंने स्विमिंग पूल में तैराकी का आनंद लिया। प्रातःकालीन ट्रैकिंग, पॉटरी प्रशिक्षण, चित्रकला, नृत्य और संगीत जैसी गतिविधियों ने बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया। संगीत सत्र में विद्यार्थियों को गिटार, सिंथेसाइजर और कीबोर्ड जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं पॉटरी गतिविधि के माध्यम से बच्चों को मिट्टी के बर्तन निर्माण एवं शिल्पकला की जानकारी दी गई, जो नई शिक्षा नीति और सीबीएसई के व्यावसायिक प्रशिक्षण से भी जुड़ी हुई है। समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों और शिक्षकों के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें शिक्षक एकादश विजेता रही। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कैंप का समापन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य हिमांशु सिंह ने कहा कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के तनाव को कम करना, उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करना और उन्हें मोबाइल की दुनिया से बाहर निकालकर सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय पिछले 11 वर्षों से लगातार इस परंपरा को सफलतापूर्वक निभा रहा है और यह क्षेत्र का पहला विद्यालय है जिसने समर कैंप की शुरुआत की थी। इस आयोजन को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य रंजन शर्मा, प्रशासक सुमंत कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस सफलतापूर्वक संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंडः-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य परिसर में स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव कस्तूरी-2026 आखिरी दिन रंगारंग प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य एवं समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ प्रीति व्यास ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं विद्यार्थियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार की ओर से पिछले 10 वर्षों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए डॉ सीताराम शर्मा एवं एसएनके उपाध्याय को विश्वविद्यालय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में बीपीए विभाग की शालिनी कश्यप, कृषि विभाग के संगम मेहता, बीबीए विभाग की पारिणीता एवं निक्की, बीपीए विभाग के अनुज कुमार, सीएस एंड आईटी विभाग की लकी कुमारी तथा एमबीए विभाग के अंकित कश्यप की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं पॉलिटिकल साइंस विभाग की प्रिया सिंह, इंजीनियरिंग विभाग की जारा खान, सीएस एंड आईटी विभाग के समूह नृत्य एवं बीबीए विभाग के मून मेहता ग्रुप की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर कुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि कस्तूरी-2026 विद्यार्थियों की प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सांस्कृतिक उन्नयन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। समकुलपति डॉ एसआर रथ ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से लगातार शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जिले में सुशासन और जनता का राज स्थापित होने तक संघर्ष जारीः अनिल कुमार सिंह

**● जिले के टॉप-10 भ्रष्ट पदाधिकारियों' को चिन्हित कर उनके खिलाफ सीबीआई, ईडी, निगरानी एवं अपराध इकाई में शिकायत दर्ज कराई जाएगी**

**●जन सुराज का जनहित समस्या, प्रशासन का समाधान' कार्यक्रम के तहत हर दिन एक समस्या से जिला प्रशासन को कराया जाएगा अवगत**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



शहर के होटल श्री बालाजी में रविवार को जन सुराज पार्टी की नई जिला कमेटी की ओर से सम्मान सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें सबसे पहले नई कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय संगठन प्रभारी इंद्रदेव साह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तपेश्वर भारती, जिला महामंत्री ब्रजेश यादव, महिला जिलाध्यक्ष अनुराधा पासवान, सलाहकार समिति सदस्य धीरेन्द्र कुंवर, मो. दाऊद, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार, जिला कोषाध्यक्ष मदन मोहन झा को पाग माला और पार्टी का प्रतीक गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में नई कमेटी पदाधिकारियों द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने की। संचालन जिला मुख्य प्रवक्ता रीति झा ने की। नई कमेटी के कार्यो और प्राथमिकताओं की जानकारी मीडिया के समक्ष रखी गई। क्षेत्रीय प्रभारी इंद्रदेव साह ने कहा कि नई कमेटी के माध्यम से अब जन सुराज नए सिरे के काम शुरू करेगा। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नई जिला कमेटी पार्टी की मजबूती के साथ अब आमलोगों की भी आवाज बनेगी। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मीडिया के साथ नई कमेटी की यह पहली औपचारिक बैठक है। उन्होंने बताया कि जन सुराज पार्टी जनहित से जुड़े पांच प्रमुख एजेंडों पर काम करेगी। पार्टी का मूलमंत्र 'सही सोच, सही लोग और सामूहिक प्रयास' को जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन सुराज आम लोगों की आवाज बनकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कहते हुए कहा कि जिले में भ्रष्ट राजनेताओं, अधिकारियों और माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पुलिस विभाग की तर्ज पर जिले के 'टॉप-10 भ्रष्ट पदाधिकारियों' को चिन्हित कर उनके खिलाफ सीबीआई, ईडी, निगरानी एवं अपराध इकाई में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में सुशासन और जनता का राज स्थापित होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

**जनहित समस्या को ले जनसुराज चलाएगा अभियानः** जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जनहित की समस्याओं को लेकर ' जन सुराज का जनहित समस्या, प्रशासन का समाधान' कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन जिले के एक समस्या को जिला पदाधिकारी से अवगत कराया जाएगा और इसके समाधान का अनुरोध किया जाएगा। प्रत्येक माह समस्याओं की समीक्षा की जाएगी।इसका प्रतिवेदन संबंधित वरीय पदाधिकारियों को सौंपी जाएगी। मुख्य प्रवक्ता रीति झा ने कहा कि नई टीम नई ऊर्जा के साथ काम करेगी। जनहित के मुद्दों को लेकर अब जन सुराज आवाज बुलंद करेगी और विश्वास है कि हम एक दिन जरूर कामयाब होंगे। मौके पर अनिल कुमार झा, चंदन कुमार, संजय कुमार, पिंटू कुमार, मो. शुभान, शिवशंकर कामत, प्रणव सिंह, सुबोध कुमार, अभिषेक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# भीषण गर्मी में भी नहीं थमा सांसद मनीष जायसवाल का जनसंपर्क अभियान

**● खिरगांव में पैदल भ्रमण कर जानीं जनसमस्याएं, विकास कार्यों को लेकर दिया भरोसा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** भीषण गर्मी और 37 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच भी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल का जनसंवाद अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार को उन्होंने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 31 एवं 32 के विभिन्न इलाकों का पैदल भ्रमण कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान का भरोसा दिलाया। सांसद मनीष जायसवाल जैसे ही खिरगांव श्रीराम चौक पहुंचे, वहां बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय लोगों ने ढोल-ताशों, गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद वे स्थानीय नागरिकों के साथ खिरगांव माली टोला, भुइयां टोली और पाल मोहल्ला होते हुए खिरगांव देवी मंडप प्रांगण स्थित धर्मशाला पहुंचे, जहां स्थानीय समिति एवं प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। धर्मशाला में आयोजित बैठक के दौरान स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने पेयजल संकट पर कहा कि हजारीबाग में कोनार डैम से पेयजलापूर्ति की योजना लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण फिल्टर प्लांट के लिए अब तक जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही फिल्टर प्लांट का निर्माण पूरा होगा, लोगों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल बोरिंग कराना जलापूर्ति का स्थायी समाधान नहीं है, बल्कि जल संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक होना होगा। केंद्र सरकार की योजनाएं धरातल पर संचालित हो रही हैं, जबकि राज्य सरकार की कई योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं। सांसद ने बताया कि कलौदी तालाब में सामुदायिक शौचालय तथा बेलाही तालाब स्थित देवी मंडप के समीप सामुदायिक भवन एवं तालाब में गार्डवाल निर्माण की स्वीकृति उनके विधायक कार्यकाल में विधायक निधि से दी गई थी। उन्होंने संबंधित संवेदकों को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के ऊपरी तल्ले के निर्माण का विचार भी उनका ही था, ताकि क्षेत्र के लोगों को सामाजिक कार्यों के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नीचे का कार्य पूर्ण होने के बाद ही ऊपर के चार कमरों वाले हॉल का निर्माण कराया जाएगा। सांसद ने यह भी आश्वासन दिया कि पूर्व में कराई गई खराब बोरिंग की मरम्मत में वे हरसंभव सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि श्मशान घाट के आगे छठ घाट निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। खिरगांव में भव्य देवी मंडप निर्माण के लिए स्थानीय सनातन समाज के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि मंदिर निर्माण के शेष कार्यों में भी वे हरसंभव सहयोग सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर वार्ड संख्या 31 की वार्ड पार्षद सुधा देवी, भाजपा नेता अनिल साव, अधिवक्ता सुनील पाण्डेय, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, लल्लू साव, गुडन पाण्डेय, लक्ष्मण पाण्डेय, राकेश वर्मा, किशुन पाण्डेय, उदय वर्मा, पुरुषोत्तम पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, बीरबल पासवान, कृष्णा पाण्डेय, विजय पासवान, अजय वर्मा, सुनील यादव, शत्रुघ्न पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, चंद्रिका साव, अशोक साव, पारसनाथ सोनी, उमेश पाण्डेय एवं सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीसी हेमंत सती ने मैदान में दिखाया क्रिकेट का जज़्बा

**● ओमेगा कप हजारीबाग ञ्ज-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले**

**खेल युवाओं को अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा देता है : हेमंत सती**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग शहर स्थित अन्नदा कॉलेज मैदान में ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'हजारीबाग क्रिकेट प्रीमियर लीग ओमेगा कप ञ्ज-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट' का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ 15 मई को हुआ है, जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। शनिवार को दूसरे दिन खेले गए तीन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों के दौरान हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अन्नदा कॉलेज टीम की ओर से मैदान में उतरकर शानदार क्रिकेट खेला और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति की ओर से उपायुक्त हेमंत सती का मोमेंटो देकर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। खिलाड़ियों और दर्शकों ने भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया। पहला मुकाबला हेलिओस वॉरियर्स और डीएक्स 11 के बीच खेला गया। हेलिओस वॉरियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रन बनाए। जवाब में डीएक्स 11 की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 74 रन बनाकर 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरा और सबसे रोमांचक मुकाबला नूरा ओल्ड हजारीबाग और अन्नदा कॉलेज टीम के बीच खेला गया। इस मैच में उपायुक्त हेमंत सती भी अन्नदा कॉलेज टीम की ओर से मैदान में उतरे और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। नूरा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 125 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अन्नदा कॉलेज टीम 6 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। इस प्रकार नूरा टीम ने 26 रनों से शानदार जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला ब्लू वर्ल्ड गुड्डू 11 और जुम्बी 11 डब्ल्यूटीआई के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू वर्ल्ड की टीम 40 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में जुम्बी 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से आसान जीत हासिल की। मैच के दौरान उद्घोषक की भूमिका शरीफुल्ला गुड्डू और सचिन राणा ने निभाई, जबकि अंपायर की जिम्मेदारी मोहम्मद खुर्शीद, गौरव और सुजल ने सफलतापूर्वक निभाई। इस अवसर पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट के आयोजक सह ओमेगा ग्रुप ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन शादाब अंसारी ने कहा कि ओमेगा कप का उद्देश्य हजारीबाग के युवाओं और क्रिकेट प्रतिभाओं को बड़ा मंच उपलब्ध कराना है। साथ ही यह आयोजन नशा उन्मूलन अभियान से भी जुड़ा हुआ है, जिसमें अन्नदा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीलमणि मुखर्जी और झारखंड एसोसिएशन का सहयोग लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस प्रकार के खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भाई ने छुरी से हमला कर भाई को किया घायल



**कोंच(जालौन)-** शनिवार देर रात एक पारिवारिक विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया, जब दुकान के हिसाब के लेनदेन को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई पर छुरी से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोहल्ला आजाद नगर निवासी राजू पुत्र तैयब मकरानी ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह शनिवार की दोपहर अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। दुकान पर उसने अपने भाई ताहिर उर्फ धांसू से दुकान के हिसाब के रूपये मांगे जिसको लेकर वह उससे लड़ाई झगड़ा करने लगा। राजू ने पुलिस को बताया कि लड़ाई झगड़े के बाद जब वह अपने घर पहुंचा, तभी भाई ताहिर भी घर पर पहुंच गया और गुस्से में आकर उसने उसके सिर पर छुरी से वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले को लेकर पीड़ित राजू ने पुलिस से आरोपी भाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी भाई ताहिर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसका शांति भंग में चालान कर दिया है।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार




**महरौनी।** महरौनी कोतवाली पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक मो मुस्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महरौनी पुलिस ने मु0अ0सं0 204/2026 धारा 108 बीएनएस में वांछित अभियुक्त भागचन्द्र पुत्र आशाराम निवासी ग्राम छपरट को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियुक्त पर युवती को प्रताड़ित करने का आरोप है, जिससे परेशान होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सर्विलांस एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। रफ्तारी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह एवं उनकी टीम द्वारा संपन्न की गई।

### प्रोजेक्ट नई किरण के तहत तीन परिवारों का हुआ पुनर्मिलन

**आपसी समझौते से लौटी रिश्तों में मिठास**



**ललितपुर।** पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नई किरण टीम के सदस्यों ने पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सुलह कराई, जिसके परिणामस्वरूप 3 परिवारों का सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराया गया। समझौते के बाद सभी परिवार खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों में मिठास और विश्वास का संदेश दिया। वहीं 4 अन्य मामलों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। पुलिस विभाग द्वारा संचालित नई किरण प्रोजेक्ट का उद्देश्य पारिवारिक विवादों से बिखरते रिश्तों को जोड़ना और दांपत्य जीवन में नई उम्मीद एवं विश्वास कायम करना है। इस पहल के माध्यम से जनपद में टूटते परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अजय बरया, डा.एस.पी. पाठक, सुधा कुशवाहा, डा.संजीव कुमार शर्मा, सुभाष जैन, अरमान कुरैशी सहित महिला थाना प्रभारी अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन एवं रिक्रूट महिला आरक्षी अमिता कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

# मृतक बहिन के भाई ने बहनोई के भाई संग की मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** गत दिनों पूर्व पति से विवाद के बीच महिला द्वारा आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस द्वारा ससुरालीजनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मृतका के पति को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के बाद मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया है। शनिवार की देर रात मृतका के भाई ने उसकी ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि युवक ने घर में घुसकर बहनोई के बड़े भाई के साथ मारपीट की और घर में रखा सामान तोड़फोड़ कर बाहर सड़क पर फेंक दिया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला आराजीलेन निवासी महिला मुस्कान (24) ने मंगलवार/बुधवार की रात पति से हुए विवाद के बीच घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में कस्बा जालौन निवासी मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने मृतका की ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति इकबाल उर्फ इकलाख को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, पुलिस शेष आरोपियों की गिरफ्तारी में लगातार जुटी हुई है जिससे दोनों पक्षों में विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार की देर रात मृतका का भाई ऑटो से अपने बहनोई के घर पहुंचा और वहां मौजूद लोगों से विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। आरोप है कि गुस्से में आकर मृतका के भाई ने घर के अंदर रखे सामान में तोड़फोड़ कर सामान बाहर सड़क पर फेंक दिया। इसी घर में ब्याही मृतका की दूसरी बहिन के पति से मारपीट भी की गई। वहीं हंगामा होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में भी काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच माहौल तनावपूर्ण बना रहा। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझाकर स्थिति संभाली।इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें गाली गलौज, मारपीट और सड़क पर बिखरा पड़ा सामान साफ तौर पर नजर आ रहा है। मामले को लेकर कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो और मौके पर मौजूद लोगों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, दहेज हत्या के दर्ज मुकदमे में भी पुलिस जांच जारी है। जांच के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# हिला ने पड़ोसियों पर उत्पीड़न का लगाया आरोप, सीओ से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** सर्किल कोंच के एट थाना क्षेत्र के पिण्डारी गांव निवासी एक महिला ने पड़ोसियों पर उसका उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाते हुए सीओ को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। पीड़िता प्रभा देवी पत्नी हरिशरण ने रविवार को सीओ परमेश्वर प्रसाद को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव में उसके पड़ोसी पिछले करीब एक वर्ष से उसके परिवार को लगातार मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। उक्त लोग आए दिन गाली-गलौज करते हैं और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर परिवार को अपमानित करते हैं। विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़िता के अनुसार, बीती 14 मई को उसका बेटा हृदेश कुमार विद्यालय से जैसे ही घर पर आया, पड़ोसियों ने उससे विवाद करना शुरू कर दिया। शोर-शराबा होने पर परिवार के सदस्यों ने उस समय किसी तरह मामला शांत करा दिया था। उसी शाम पड़ोसियों ने घर में घुसकर उसके बाल पकड़कर घसीट कर हमला करने की कोशिश की थी जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़िता प्रभा देवी ने सीओ को बताया कि घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में भी उसे 86 लाख रुपये की चोरी के एक मामले में झूठा फंसाने का प्रयास किया गया था। पीड़िता ने थाना एट पुलिस पर भी निष्पक्ष कार्रवाई न करने और उल्टा उनके बेटों को ही धमकाने का भी आरोप लगाते हुए सीओ से पूरे मामले की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। वहीं, सीओ परमेश्वर प्रसाद ने शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन पीड़िता को दिलाया है।

## प्रेस क्लब में पं. गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**● वरिष्ठ पत्रकार अशोक गोस्वामी की माताजी के निधन पर जताया शोक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय अमर शहीद पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व.पं. गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पं.अशोक गोस्वामी की पूज्य माताजी के आकस्मिक निधन पर भी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने की। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के संरक्षक मंडल, पदाधिकारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने स्व.पं. गोपीकृष्ण तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अशोक गोस्वामी की माताजी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी पत्रकारों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) ने कहा कि पं. गोपीकृष्ण तिवारी ने अपना पूरा जीवन निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता को समर्पित किया। जनपद के विकास और समाज हित में उनकी लेखनी सदैव याद रखी जाएगी। उन्होंने अशोक गोस्वामी की माताजी को धार्मिक, संस्कारी एवं कर्तव्यनिष्ठ महिला बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पं.सुनील शर्मा, हरिशंकर अहिरवार, पं.धर्मेंद्र कृष्ण तिवारी, अजय प्रताप सिंह तोमर के अलावा अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा एड., दिनेश संज्ञा, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, अशोक गोस्वामी, अमित लखेरा, शुभम पस्तोर, विकास सोनी, अनुराग विदुआ, पंकज रैकवार, संजय नायक, अनन्त सराफ, राममूर्ति तिवारी, कृष्णकांत सोनी, राकेश श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, भगवत श्रोती, अजित जैन, अर्जुन झां, राजेश कुमार राठौर, दीपक राठौर, विनोद मिश्रा, सूरज सिंह, प्रदीप रिछारिया, सुरेन्द्र जायसवाल, अजय तोमर, यशपाल सिंह परमार, आकाश ताम्रकार, अमित राठौर के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने किया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में प्रेस क्लब की ओर से स्व.पं.गोपीकृष्ण तिवारी की स्मृति में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार एवं प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

## नेहरू महाविद्यालय में कांग्रेस का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

**● संगठन विस्तार के साथ सरकार की नीतियों पर साधा निशाना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रविवार को नेहरू महाविद्यालय स्थित तुलसी सभागार में जिला, नगर, ब्लॉक एवं बूथ कमेटियों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकुट सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई, स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। जिला प्रभारी मुकुट सिंह ने कहा कि जनता वर्तमान नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला ने छात्रों से जुड़े मुद्दों और पेपर लीक जैसे मामलों को उठाया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि आगामी विधानसभा एवं पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों से लोगों को अवगत करायें, जिससे कि लोगों को उनके अधिकार समझ आयें और वह अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकें। समारोह में राकेश रजक, रामनरेश दुबे, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, आशाराम तिवारी, राजपाल सिंह ठाकुर, विनोद अवस्थी, नाती राजा जाखलौन, पूजा सेन, रामदेवी विश्वकर्मा, अमित सिंह बुंदेला, राकेश सेन, राकेश रजक, साहब सिंह, बृजेश शांडिल, राजा रविंद्र सिंह, दीपक रैकवार, सुशील रजक, दीपक जैन, संजय जैन, राम भरोसे, संतोष राय, मुन्नालाल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आसिफ, राजीव शर्मा, गोकुल प्रसाद नामदेव, लक्ष्मी चंदेल, हीरालाल सेन, जाहर सिंह बघेल, कपूर सहरिया, रामदास, श्याम सुंदर सिरोठिया, परमानंद पाठक, पुष्पेंद्र सिंह सहित जिले भर से आए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन मोहन सिंह चंदेल ने किया। समारोह के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का उत्साह देखने को मिला।

# व्यापार मंडल ने अघोषित बिजली कटौती

**● स्मार्ट मीटर और बदहाल सड़कों के खिलाफ आंदोलन का किया ऐलानस्मार्ट मीटर और बदहाल सड़कों के खिलाफ आंदोलन का किया ऐलान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक व्यापार मंडल कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने की। बैठक में व्यापारियों एवं आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विद्युत विभाग की अघोषित कटौती, बार-बार हो रही ट्रिपिंग, स्मार्ट मीटर के नाम पर कथित रूप से की गई अतिरिक्त वसूली वापस कराने, स्मार्ट मीटर व्यवस्था बंद कराने, अधिकृत एजेंसी से मीटरों की जांच कराने, पेयजल योजना के तहत खोदी गई सड़कों का शीघ्र निर्माण, मेडिकल कॉलेज को रेफर सेंटर की स्थिति से बाहर लाने, नगर की चौड़ी नालियों व नालों को ढकने तथा अतिक्रमण हटाने से पहले छोटे व्यापारियों के पुनर्वास जैसे मुद्दों पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 19 मई, मंगलवार को सुबह 10 बजे नगर के प्रमुख चौराहों पर दोपहिया वाहनों के साथ सैकड़ों व्यापारी प्रदर्शन करेंगे और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद 21 मई, गुरुवार को शाम 7 बजे चौधरी मार्केट स्टेशन रोड से जिला पंचायत स्थित विद्युत कार्यालय तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जिला बंद करने जैसा बड़ा निर्णय लिया जा सकता है। व्यापारी नेताओं ने नगर के सभी व्यापारियों एवं आमजन से 19 मई को सुबह 10 बजे अपने-अपने दोपहिया वाहनों के साथ श्री जगदीश मार्केट पहुंचने तथा 21 मई को मशाल जुलूस में शामिल होने की अपील की। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, जिला महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक जैन अनौरा, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज अध्यक्ष मुकेश जैन, गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव जैन, प्रांतीय सदस्य अभय जैन एड., वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सराफ, मंडल उपाध्यक्ष संतोष साहू, मंडल संगठन मंत्री अवध बिहारी उपाध्याय, नगर युवा अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू, जिला युवा महामंत्री राजीव सुडेले, जिला संगठन मंत्री ज्ञान प्रकाश खंडेलवाल, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय नारायण शर्मा, पार्षद आलोक जैन मयूर, आईटी मंच अध्यक्ष अंकित सतभैया, जिला मंत्री मनोज जैन, नगर उपाध्यक्ष विनोद जैन, जिला मंत्री रामप्रकाश साहू, जिला संगठन मंत्री बृजेश रावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कैप्सन- समस्याओं को सुनते प्रोजेक्ट सदस्य

**● मां कात्यायनी माता मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शहर के नेहरू नगर स्थित रेलवे अस्पताल के पीछे गली नंबर पांच में विराजमान मां कात्यायनी माता मंदिर में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन मुख्य यजमान प्रेमलता एवं अच्छेलाल के सहयोग से किया जा रहा है। निकाली गई कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सबसे आगे डीजे पर भक्तिमय गीत बजते रहे, जिनकी धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए चल रहे थे। वहीं महिलाएं एवं युवतियां सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति गीत गाते हुए यात्रा में शामिल हुईं। मुख्य यजमान प्रेमलता एवं अच्छेलाल श्रीमद् भागवत पुराण को सिर पर धारण कर यात्रा में सम्मिलित रहे। कलश यात्रा मां कात्यायनी माता मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख स्थानों से होती हुई पुनः कथा स्थल पहुंची। यहां प्रशांत कृष्णजी महाराज ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद् भागवत पुराण की पूजा-अर्चना कराई तथा आरती संपन्न कराई। प्रथम दिवस की कथा में महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भक्त और भगवान के मिलन का सर्वोत्तम माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य की चिंताएं समाप्त होती हैं और उसका जीवन ज्ञान एवं भक्ति से प्रकाशित हो उठता है। आयोजकों ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगी। कथा के अंतर्गत महाभारत कथा, ध्रुव चरित्र, नृसिंह अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन पूजा, महारास, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, पारिक्षित मोक्ष एवं हवन जैसे प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। कथा में वाद्य यंत्रों पर रामकुमार, बब्लू सेन तथा रामकिशन कुशवाहा अपनी संगत से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर सजने लगे जिला पँचायत और विधायक के दावेदारों के पोस्टर

**● 'भावी विधायक' और 'संभावित जिला पंचायत सदस्य' की डिजिटल होर्डिंग्स छाए**

**चुनाव दूर, लेकिन दावेदारों की ऑनलाइन लॉन्चिंग शुरू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** जनपद में अभी न पंचायत चुनाव की घोषणा हुई है और न ही विधानसभा चुनाव का बिगुल बजा है, लेकिन सोशल मीडिया पर चुनावी बिसात पूरी तरह सज चुकी है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर इन दिनों 'भावी विधायक', 'जनता का लोकप्रिय चेहरा', 'युवा समाजसेवी' और 'संभावित जिला पंचायत सदस्य' जैसे पोस्टरों की बाढ़ आ गई है। दिलचस्प बात यह है कि इन पोस्टरों में केवल पुराने राजनीतिक चेहरे ही नहीं, बल्कि ऐसे लोग भी नजर आने लगे हैं जिनकी अब तक राजनीतिक गतिविधियों में खास पहचान नहीं रही। एआई तकनीक और डिजिटल डिजाइनिंग के जरिए बड़े नेताओं के साथ फोटो जोड़कर खुद को जनता के बीच स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। जनपद की सदर विधानसभा सीट से लेकर गांवों के जिला पंचायत वार्डों तक सोशल मीडिया पर दावेदारी का अनौपचारिक अभियान शुरू हो चुका है। कई लोग अपने समर्थकों, दोस्तों और रिश्तेदारों के जरिए लगातार पोस्ट डलवा रहे हैं। सुबह होते ही फेसबुक टाइमलाइन और इंस्टाग्राम रील्स पर नए-नए चेहरे दिखाई देने लगते हैं। सबसे ज्यादा हलचल जिला पंचायत चुनाव को लेकर देखी जा रही है। अलग-अलग वार्डों में संभावित दावेदार खुद को जनता का सेवक और क्षेत्र का मजबूत प्रतिनिधि बताने में जुटे हैं। कई पोस्टरों में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं की आवाज उठाने जैसे दावे किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी राजनीति में इन चेहरों की सक्रियता सीमित मानी जाती रही है। विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भी माहौल तेजी से बन रहा है। भाजपा से टिकट की उम्मीद रखने वाले कई चेहरे सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति मजबूत करने में लगे हैं। कुछ लोग बड़े नेताओं के साथ तस्वीरें साझा कर संगठन में अपनी पकड़ दिखाने का प्रयास कर रहे हैं, तो कुछ खुद को 'जनता की पसंद' बताकर माहौल बनाने में जुटे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अब चुनावी राजनीति का पहला चरण सोशल मीडिया पर ही शुरू हो जाता है। पहले जहां दावेदार गांव-गांव जाकर पहचान बनाते थे, वहीं अब फेसबुक पोस्ट, वायरल रील्स और डिजिटल पोस्टर के जरिए माहौल तैयार किया जा रहा है। खास बात यह भी है कि कुछ सोशल मीडिया एक्टिविस्ट और स्थानीय स्तर पर सक्रिय पत्रकार भी इन पोस्टरों को लगातार शेयर कर रहे हैं, जिससे दावेदारों की पहुंच तेजी से बढ़ रही है। कई छोटे स्तर के समाजसेवी भी अब खुद को विधानसभा या जिला पंचायत का संभावित प्रत्याशी बताकर माहौल बनाने में लगे हैं। चुनाव भले अभी दूर हों, लेकिन ललितपुर की राजनीति में सोशल मीडिया ने चुनावी शंखनाद समय से पहले ही कर दिया है। आने वाले महीनों में यह डिजिटल राजनीति और ज्यादा आक्रामक रूप ले सकती है।

## बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था के विरोध में बु. वि. सेना ने किया 2 घंटे का मौन सत्याग्रह

**● जनता के लाखों वोटों से जीते हुए जनप्रतिनिधि शहर की बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था पर हैं मौन - बु. वि. सेना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर ।** स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना द्वारा बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में ललितपुर शहर की बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था के विरोध में 2 घंटे का मौन सत्याग्रह किया । इस दौरान ललितपुर शहर में बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था पर जनता के लाखों वोटों से जीते हुए जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया । बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में बार बार होने वाली अघोषित कटौती तथा विद्युत उपकरणों, ट्रांसफार्मरों और तारों के उचित रखरखाव की कमी के कारण जनता कीड़े मकोड़े की तरह नारकीय जीवन जीने को विवश है। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा तो चिन्ता की बात यह है कि जनता के लाखों वोटों से जीतने वाले जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या के लिए चुप्पी साध रखी है। इन सब बातों से प्रदेश सरकार की साख को बट्टा लग रहा है । इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है। बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है वे जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का उचित तरीके से निर्वहन करें। और विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशित करें। सत्याग्रह के दौरान अमर सिंह बुन्देला,फईम शबनम, खुशाल बरार,संजू राजा,भैयन कुशवाहा, नन्दराम कुशवाहा, सुरेश झा, कामता प्रसाद भट्ट, बलराम चौहान,सुजीत धानुक,प्रमोद धानुक, आशाराम नगेले, रामप्रकाश झा, कदीर खां, टिंकू सोनी,पंकज रैकवार, हरदेव पटेल,रामू साहू,ऊदल सिंह,सतीष अहिरवार, रामराजा, राजेन्द्र,पवन झा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की घटना की रूरल बार ने न्यायिक जांच की उठायी मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लखनऊ में रविवार को अतिक्रमण के नाम पर अधिवक्ताओं के चैम्बर में तोड़फोड़ तथा लाठी चार्ज की घटना को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने लोकतंत्र में दमन की पराकाष्ठा कहा है। घटना को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने संयुक्त रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सवाल उठाया है कि जिला पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम ने तोड़फोड़ को लेकर अधिवक्ताओं अथवा लखनऊ बार एसोसिएशन को पहले आखिर कोई नोटिस क्यों नही दी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम व जिला प्रशासन की चैम्बरों के तोड़फोड़ को लेकर यह कार्यवाही तब और असंवैधानिक प्रदर्शित हो उठी जब अतिक्रमण के नाम पर तोड़फोड़ की कार्यवाही कार्य दिवस की जगह जानबूझकर अवकाश के दिन रविवार की सुबह रखा गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस घटना की न्यायिक जांच कराये जाने की भी मांग की है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल तिवारी ने सरकार से तोड़फोड़ को लेकर प्रभावित अधिवक्ताओं को समुचित मुआवजा एवं चैम्बरों के शासकीय खर्च पर पुर्ननिर्माण के साथ घायल अधिवक्ताओं के सम्पूर्ण इलाज सुनिश्चित कराने की भी आवाज उठायी है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि इस घटना के जिम्मेदार अफसरों पर सरकार ने कार्यवाही नहीं की तब उनका एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आन्दोलन शुरू करने के साथ विधानसभा का अनवरत घेराव भी करेगा।

### अज्ञात चोरों ने नकदी समेत उड़ाये जेवरात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के विश्राम का पुरवा जेवई में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर बीस हजार नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गांव के कृष्णा गुप्ता पुत्र नन्हें लाल ने रविवार को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार सहित छत पर सो रहा था। बदमाशों ने बाक्स के ताले तोड़कर उसमें रखा घर की महिलाओं का सोने चांदी का जेवरात व बीस हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। रविवार की सुबह परिजन सो कर उठे तब घर में बिखरे सामान व खुले बाक्स देखकर आवाक रह गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।


### विधायक ने किया नवनिर्मित बरामदा निर्माण कार्य का लोकार्पण




**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विधायक निधि से नवनिर्मित बरामदा निर्माण कार्य का लोकार्पण रविवार को शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अभी 17.51 लाख रुपये से विधायक निधि से बरामदा निर्माण कार्य हुआ है। इससे बच्चों को कमरे से निकलने के बाद भी धूप व बारिश जैसी समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क समेत सभी बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। जिसके लिए वह हमेशा प्रयासरत भी रहते हैं। इस दौरान प्रबंधक अनुपम शुक्ल, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्य,विनय शुक्ल,सुभाष तिवारी,संजय पाठक,अजय यादव,जगदंबा चौबे, आशाराम, धनंजय पाठक आदि मौजूद रहे।

# महंगाई और बेरोजगारी पर मोदी सरकार ले आये श्वेतपत्र-प्रमोद तिवारी

● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने पेपर लीक पर शिक्षामंत्री से मांगा इस्तीफा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार द्वारा डीजल व पेट्रोल के साथ सीएनजी के भी दामों में बढ़ोत्तरी को बढ़ती महंगाई का लगातार पीड़ाजनक कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा की केन्द्र सरकार को लगातार निरंकुश महंगाई और बेरोजगारी तथा पेपरलीक की श्रृंखला पर देश के सामने बिना विलम्ब के श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि 2014 में जब यूपीए की जगह भाजपा सत्ता में आयी तब उसे 2026 के इस दौर में महंगाई को लेकर सच्चाई के साथ आकड़े को जनता के सामने रखना चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि नीट की परीक्षा का पेपर लीक का मामला गम्भीर आपराधिक कृत्य है। उन्होंने कहा कि अब तक मोदी सरकार के कार्यकाल में विभिन्न परीक्षाओं के अस्सी पेपर लीक हो चुके हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री पर सीधा कटाक्ष किया कि क्या वह पेपरलीक का शतक पूरा कर अपने पद से इस्तीफा देंगे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी वैश्विक ऊर्जा संकट का हवाला देकर सीमित संसाधनों का राग अलाप चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का साढ़े आठ हजार करोड़ के महंगे विमान से विदेश यात्रा के लिए निकलना उनके उपदेश की असलियत बयां कर गया है। पेट्रोलियम पदार्थो के मूल्य वृद्धि पर भाजपा की घेराबंदी करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब दुनिया की बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम हुई थी तब सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम कम नहीं किये। उन्होंने कहा कि सिर्फ तीन चार पूंजीपति मित्रों की कमाई के लिए मोदी सरकार जनता को इन कम्पनियों के जरिये लूटने का लगातार खुला अवसर प्रदान कर रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का सोना न खरीदने का भी बयान सीधे तौर पर महिलाओं और बेटियों का अपमान है।

## धन्धरा ने एकता क्लब टूर्नामेंट का खिताब जीता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र में नक्थर देवरिया मे रविवार को आयोजित एकता क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला परसा और धन्धरा टीम के बीच बेहद रोमांचक ढंग से खेला गया। शानदार प्रदर्शन करते हुए धन्धरा टीम ने परसा को 33 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि प्रदीप कसौधन ने विजेता टीम धन्धरा को ट्रॉफी के साथ ?8001 नकद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम परसा को ?4001 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को बधाई देते हुए आयोजकों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान शाहबुद्दीन, रिंकू शुक्ला, मेराज, माफ़ूज,रामजी मौर्य, इरफान आदि मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड भनवापुर के ग्राम हसुडी औसानपुर नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ स्थल से होते हुए, सुकालाजोत, गड़ावर,भनवापुर बदलिया चौराहा होते हुए डुमरियागंज राप्ती नदी तट पर पहुंची। जहां आचार्य अनिरुद्ध मिश्र और पं उदय नारायण त्रिपाठी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के भक्तिमय माहौल में कलश में जल भरा गया।तत्पश्चात वहां वापस आकर कलश को ज्ञान यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान यशोदा गुप्ता ,त्रियुगी प्रसाद गुप्ता,रामदीन गुप्ता,राम अजोरे गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।कार्यक्रम आयोजक रामपाल गुप्ता ने बताया कि अयोध्याधाम से पधारे कथा व्यास राहुल त्रिपाठी जी महाराज के द्वारा आज से नौ दिनों तक प्रत्येक दिन शाम को छः बजे से हरि इच्छा तक संगीत मय कथा का श्रवण किया जाएगा।

## आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

●250 से अधिक महिलाओं एवं बच्चों ने उठाया लाभ, हर रविवार लगेगा स्वास्थ्य शिविर

स्वस्थ और जागरूक समाज निर्माण की दिशा में अस्पताल की पहल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** शहर के खिरगांव स्थित मोमिन उर्दू गर्ल्स स्कूल परिसर में रविवार को आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क स्त्री रोग एवं बाल रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजन में वार्ड संख्या 32 के वार्ड पार्षद एमडी मुस्तकीम उर्फ मांदुल का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक महिलाओं एवं बच्चों ने पहुंचकर मुफ्त स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर लोगों में उत्साह एवं सकारात्मक माहौल देखने को मिला। अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अब प्रत्येक रविवार को शहर के विभिन्न इलाकों में इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक उनके आसपास बेहतर चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाना, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत बनाना है। शिविर में नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश चंद्र ने बच्चों की स्वास्थ्य जांच करते हुए अभिभावकों को सही पोषण, समय पर टीकाकरण, साफ-सफाई तथा मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद आवश्यक है। वहीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रीमा वर्मा ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, संतुलित भोजन, नियमित जांच तथा महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद एमडी मुस्तकीम उर्फ मांदुल ने कहा कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविरों को महत्वपूर्ण बताया तथा अस्पताल की इस पहल की सराहना की। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। अस्पताल लगातार स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से शहरवासियों को स्वस्थ एवं समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल द्वारा लोगों के बीच जाकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है, जिससे आम लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर उचित सलाह एवं इलाज मिल पा रहा है। शिविर को सफल बनाने में फहीमुद्दीन, सहायक सचिव ताज्जुशरिया मस्जिद, एजाज आलम, अबराक हसन, सहायक सचिव शमा लाइब्रेरी, एमडी साहबान, परवेज आलम, सुनील स्टोर, एमडी इशाक, कैशियर मस्जिद ताजुस्सरिया, मोहसिन रजा, इस्तियाक अंसारी, साहाबुद्दीन, मोबास्सिर एवं सोहायेब का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर के दौरान लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, बच्चों की बेहतर देखभाल करने तथा महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं बकरीद पर्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** आगामी बकरीद पर्व को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को मोहाना थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव ने की। बैठक में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही शासन, उच्चाधिकारियों एवं न्यायालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका पालन सुनिश्चित करने को कहा। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि बकरीद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव ने कहा कि शासन की गाइडलाइन के अनुरूप त्योहार मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी को कानून का पालन करना होगा। इस अवसर पर संतोष पाण्डेय, अमित पाण्डेय, सब्लू सहानी, ग्राम प्रधान अमजद अली, भवानी शंकर शुक्ला, सुग्रीम कुमार, शम्भू जयसवाल, फूलचंद कन्नौजिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर थाना परिसर में रविवार को आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने की। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों के साथ बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने निर्देश दिया कि पर्व के दौरान सार्वजनिक स्थलों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष साफ-सफाई बनाए रखी जाए, जिससे किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पुलिस लगातार गश्त करती रहेगी। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान उपनिरीक्षक शिवाकांत राय, शिव नारायण सिंह,गणेश कुमार, कृष्ण कुमार पाण्डेय, विशेश्वर प्रसाद हेड कांस्टेबल, मानसिंह ,सत्यवेदी ,रामसागर जायसवाल, नितिन पाठक, एहतेशाम अहमद, समसुल्लाह खान, हमीदुल्लाह, सुधीर त्रिपाठी, मार्कण्डेय पाण्डेय, राम नरेश पासवान, विकास सिंह, पंकज कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

### न दुकान न सामान, पर लेते करोड़ों का भुगतानन दुकान न सामान, पर लेते करोड़ों का भुगतान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** न दुकान है और न सामान, लेकिन वह करोड़ों का भुगतान लेते हैं। ग्राम पंचायतों में सामान आपूर्ति के नाम पर यह खेल फर्मे कर रही है। वह गिट्टी से लेकर मोरंग तक, आरसीसी बेंच से लेकर इंटरलॉकिंग ईट तक की आपूर्ति करते हैं। जिले के कई सचिव अपने परिजनों, रिस्तेदारों एवं चहेतों के नाम पर फर्म बनाकर करोड़ों का भुगतान लेते हैं। ग्राम पंचायतों से भुगतान लेने में फर्मो द्वारा लाखों की जीएसटी चोरी की जा रही है। नौगढ़ ब्लाक के कई ग्राम पंचायतों में विभिन्न सामानों की आपूर्ति के नाम पर बिना सामान की सप्लाई दिए ही लाखों का भुगतान किया है। सिद्धार्थनगर जिले के नौगढ़ और शोहरतगढ़ विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए के कथित वित्तीय घोटाले की जांच शुरू हो गई है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर पांच ग्राम पंचायतों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समितियां गठित की गई हैं। नौगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत सेमरियांव, हरदासपुर और रसूलपुर की जांच महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को सौंपी गई है। वहीं रामगढ़ और रामपुर पंचायत की जांच अधिशासी अभियंता नलकूप खंड करेंगे। इन समितियों में संबंधित बीडीओ और एडीओ पंचायत को भी शामिल किया गया है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक फर्जी बिल-वाउचर, कागजों पर कार्य दिखाकर भुगतान और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं।शिकायत में स्ट्रीट लाइट, डस्टबिन, आरसीसी बेंच, ईट सप्लाई और साफ-सफाई कार्यों के लिए खरीद की गई सामग्री में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप है। आरोप है कि स्ट्रीट लाइट की खरीदारी में बाजार दर से अधिक का भुगतान दिखाया गया, जबकि कई जगह एक ही कार्य को बार-बार दिखाकर भुगतान लेने और मौके पर कार्य नहीं कराया गया है। आरोप है कि इन फर्मो ने नौगढ़, शोहरतगढ़, बढ़नी और उसका बाजार समेत जिले के कई विकास खंडों में बिना सामग्री सप्लाई किए फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपए के भुगतान और पंचायत स्तर पर संगठित तरीके से सरकारी धन निकासी के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जांच केवल कागजों तक सीमित न रहे। मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए, भुगतान और बिलों की जरिए लिए गए सामग्रियों की मौके पर जांच हो तथा संबंधित फर्मो के बैंकिंग और जीएसटी लेनदेन की भी पड़ताल की जाए।

## रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ एसपीएल सीजन-3, श्रीदस थंडर और रानी लक्ष्मीबाई टीम बनी चैंपियन

●फ्लड लाइट में रातभर चला डे-नाइट नॉकआउट टूर्नामेंट, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित श्रीदस प्रीमियर लीग (एसपीएल) सीजन-3 का समापन शनिवार देर रात रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। एक दिवसीय डे-नाइट नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट की शुरुआत शनिवार दोपहर 3 बजे मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं विद्यालय के मोटिवेटर रहे स्वर्गीय दशरथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी एवं स्थानीय मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। फ्लड लाइट की रोशनी में रातभर चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में विद्यालय की विभिन्न टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। बॉयज वर्ग का फाइनल मुकाबला श्रीदस थंडर और सुपर स्ट्राइकर टीम के बीच खेला गया। 8 ओवर के इस फाइनल मुकाबले में श्रीदस थंडर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, जो टीम के लिए सही साबित हुआ। शानदार गेंदबाजी के दम पर सुपर स्ट्राइकर टीम को 5 विकेट पर मात्र 61 रन पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीदस थंडर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 1 विकेट खोकर आसानी से मुकाबला जीत लिया और एसपीएल सीजन-3 की चैंपियन बन गई। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए रंजन कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सौरभ कुमार को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। गर्ल्स वर्ग के फाइनल में रानी लक्ष्मीबाई और बाउंड्री ब्रेकर टीम आमने-सामने हुई। रानी लक्ष्मीबाई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और शानदार प्रदर्शन करते हुए बाउंड्री ब्रेकर टीम को मात्र 27 रन पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद रानी लक्ष्मीबाई टीम ने छोटे लक्ष्य को आसानी से हासिल कर इस सीजन की चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली प्रिया को वुमन ऑफ द सीरीज चुना गया। टूर्नामेंट के दौरान श्रीदस टीचर्स 11 और मीडिया 11 के बीच एक मैत्री मैच भी खेला गया, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। इस मुकाबले में श्रीदस टीचर्स 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत हासिल कर ली। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करता है। एसपीएल जैसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है। एसपीएल का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और खेल भावना का माहौल बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### शंकरगढ़ के कपारी गांव निवासी विकास यादव की हादसे में गई जान, परिवार में मचा कोहराम



**शंकरगढ़/प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कपारी गांव निवासी एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कपारी गांव निवासी विकास यादव पुत्र राम मिलन यादव किसी कार्य से रेलवे ट्रैक के पास गया था। इसी दौरान वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस और रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक की पहचान विकास यादव के रूप में कर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। बेटे की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर यह हादसा माना जा रहा है, हालांकि सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

### IPL मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले लखनऊ के तीन युवक गिरफ्तार



**लखनऊ।** आईपीएल मैच में आन लाइन सट्टा लगाने वाले गिरोह का नाका पुलिस व पश्चिमी जोन की सर्विलांस टीम ने खुलासा किया है। गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने शनिवार देर रात को गिरफ्तार किया है। आरोपी उस वक्त कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटन्स के मैच में सट्टा लगा रहे थे। आरोपियों के पास से 1.28 लाख रुपये नकद, लैपटॉप, डायरी, दो फीचर फोन, छह स्मार्ट फोन मिला। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। वहीं, डायरी में कई बड़े नाम भी मिले हैं। जिनकी कुंडली खंगाली जा रही है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में हुसैनगंज कुर्मी टोला का सौरभ कुमार, जय नारायन रोड का प्रेम शंकर व नाका रानीगंज दुगावां का रिशु सोनकर शामिल है। आरोपियों को बिरहाना पार्क से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आईपीएल मैच में ऑन लाइन सट्टा लगवाते हैं। इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि मोबाइल फोन और ऑनलाइन एप के जरिए आईपीएल मैचों पर हार-जीत की रकम लगवाते थे। आरोपितों से पूछताछ के दौरान सामने आया कि उनके कई और साथी हैं। जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगी है। हर वर्ष होने वाले आईपीएल मैच में यह गिरोह लाखों रुपये का सट्टा लगवाता है। आरोपितों के पास से हिसाब-किताब की एक डायरी मिली है। जिसमें कई कारोबारी, रियल एस्टेट से जुड़े और सफेदपोशों के नाम मिले हैं। जिन लोगों ने लाखों रुपये सट्टे पर लगाया है। पुलिस डायरी में दर्ज लोगों से पूछताछ के लिए सूची तैयार कर रही है।

# बेंगलुरु ने जीत के साथ प्लेऑफ का टिकट किया पक्का, पंजाब को मिली लगातार छठी हार

**● पंजाब किंग्स के खिलाफ धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीत हासिल की है। इसी के साथ बेंगलुरु ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** पंजाब किंग्स के खिलाफ धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 23 रनों से जीत हासिल की। इसी के साथ उन्होंने प्लेऑफ के लिए टिकट पक्का कर लिया है। बेंगलुरु आईपीएल 2026 की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। बेंगलुरु के लिए विराट कोहली और वेंकटेश अय्यर ने अर्धशतक लगाया था। बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 222 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में पंजाब की टीम 199 रन बना सकी और उन्हें लगातार 6 हार का सामना करना पड़ा। पंजाब के लिए अब प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिए दूसरी टीमों पर निर्भर रहना होगा लेकिन उन्हें अपना अगला मैच जीतना होगा।

**विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल की बल्लेबाजी**

पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बेंगलुरु ने 21 रनों के स्कोर पर जैकब बेथेल के रूप में पहला विकेट गंवाया। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी हुई। विराट कोहली ने आईपीएल में अपने करियर का 67वां अर्धशतक लगाया। वे 37 गेंदों पर 58 रन बनाकर आउट हुए। पडिक्कल अर्धशतक लगाने से चूक गए और 45 रन बनाकर आउट हुए।

**वेंकटेश अय्यर ने वापसी कर मचाया गदर**

आईपीएल 2026 में वेंकटेश अय्यर को पंजाब के खिलाफ मुकाबले से पहले सिर्फ 3 मैचों में मौका मिला था। हालांकि, वे निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए आ रहे थे और इसी वजह से बड़ी पारी नहीं खेल सके थे। हालांकि, पंजाब के खिलाफ बैटिंग क्रम में उनका प्रमोशन किया गया और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए। पहली 10 गेंदों पर उन्होंने समय लिया लेकिन एक बार आंखें जमने के बाद उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। अय्यर ने 40 गेंदों पर नाबाद 73 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 8 चौके और 4 छक्के निकले। टिम डेविड ने भी अंतिम ओवर में अपनी पावर दिखाई और 12 गेंदों पर 28 रन बनाए। अय्यर के अर्धशतक के दम पर आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 222 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया।

**भुवनेश्वर कुमार की कहर बरपाती गेंदबाजी**

भुवनेश्वर कुमार ने आईपीएल 2026 में कमाल की गेंदबाजी की है। उन्होंने धर्मशाला में भी नई गेंद के साथ जादू दिखाया और शुरुआत में 2 विकेट झटककर पंजाब को मुश्किल में डाल दिया। पंजाब की टीम ऐसी है, जिसने इस सीजन 265 रनों का विशाल स्कोर भी चेज किया था। ऐसे में बेंगलुरु को शुरुआत में ही विकेट की तलाश थी। भुवी ने वही किया और प्रियांश आर्या (0) और प्रभसिमरन सिंह (2) दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

**श्रेयस अय्यर का भी नहीं चला बल्ला**

कप्तान श्रेयस अय्यर टूर्नामेंट की शुरुआत में शानदार फॉर्म में थे लेकिन दूसरे हॉफ में फॉर्म ने उनका साथ छोड़ दिया है। अय्यर को रासिख सलाम डार ने 1 रन के स्कोर पर मैदान से बाहर भेजा। इसी के साथ पंजाब ने 19 रनों पर ही 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यांश शेडगे और कूपर कोनोली ने मोर्चा संभाला। कोनोली बड़े शॉट्स खेलकर दबाव को कम करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उन्हें रोमारियो शेफर्ड ने अपना शिकार बनाया और 37 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। शेडगे भी बड़ी पारी नहीं खेल सके और 35 रन बनाकर आउट हो गए।

**मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह की साझेदारी**

पंजाब ने 5 विकेट गंवाने के बाद मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 32 गेंदों पर 67 रनों की साझेदारी हुई। जब ये दोनों खेल रहे थे, तो ऐसा लग रहा था कि पंजाब मुकाबले में वापसी कर रही है लेकिन 17वें ओवर में गेंदबाजी करने के लिए आए जोश हेजलवुड ने पहली गेंद पर स्टोइनिस को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। वे 37 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ दोनों की साझेदारी टूट गई। शशांक क्रीज पर डटे रहे और 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया।

## यूक्रेन का रूस पर बड़ा अटैक, मॉस्को पर 600 ड्रोन से किया हमला; एक भारतीय मजदूर की मौत

**● रूस के मॉस्को क्षेत्र में हुए बड़े ड्रोन हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इसे रूस के खिलाफ जायज कार्रवाई बताया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** रूस के मॉस्को क्षेत्र में रविवार को हुए बड़े ड्रोन हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य भारतीय घायल हो गए। इस घटना की जानकारी भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। दूतावास ने बताया कि हमले के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल में भर्ती घायल भारतीय कर्मचारियों से मुलाकात की।

दूतावास ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताई है और स्थानीय प्रशासन व कंपनी प्रबंधन के साथ मिलकर घायलों को जरूरी सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है।

**जेलेंस्की ने हमले को बताया जायज**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस पर किया गया यह हमला पूरी तरह जायज था। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के शहरों और नागरिक इलाकों पर हमले कर रहा है, इसलिए यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई उचित है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन मॉस्को क्षेत्र तक पहुंचे हैं और यह रूस के लिए साफ संदेश है कि उसे युद्ध खत्म करना चाहिए। कुछ दिन पहले रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए थे, जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई थी।

**रूस का दावा- 600 से ज्यादा ड्रोन रोके गए**

रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यूक्रेन ने रातभर में करीब 600 ड्रोन से हमला किया।

रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने 556 ड्रोन को मार गिराया, जबकि सुबह के बाद 30 और ड्रोन रोके गए। रूस ने दावा किया कि ड्रोन हमले 14 अलग-अलग क्षेत्रों में किए गए। इसके अलावा क्रीमिया, ब्लैक सी और आजोव सागर के ऊपर भी ड्रोन इंटरसेप्ट किए गए। रूसी अधिकारियों के अनुसार, इस बड़े हमले में कुल चार लोगों की मौत हुई है। इसे अब तक के सबसे बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमलों में से एक माना जा रहा है।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने बदली दिल्लीवालों की चाल, कारपूलिंग और स्मार्ट ड्राइविंग का बढ़ा चलन

**● पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की बढ़ती कीमतों के कारण दिल्ली के लोग अब ईंधन की खपत को लेकर अधिक जागरूक और सतर्क हो गए हैं। वे किफायती जीवनशैली अपना रहे हैं और ईंधन बचाने के लिए नए तरीके जैसे कारपूलिंग और रूट प्लानर ऐप का उपयोग कर रहे हैं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी से दिल्ली वालों में जागरूकता और सतर्कता बढ़ी है। वैश्विक बाजार और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए लोग अब ईंधन की अनुशासित खपत की ओर बढ़ रहे हैं। वर्तमान माहौल को चुनौती की जगह किफायती जीवनशैली अपनाने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। जिसमें ईंधन के सही और सीमित उपयोग पर जोर है। बाजारों, पेट्रोल पंपों और सीएनजी स्टेशनों समेत हर जगह चर्चा ईंधन संकट की है। बातचीत में उपभोक्ताओं ने बताया कि वह इस स्थिति को लेकर नए- नए तरीके अपना रहे हैं। ताकि, ईंधन की कम खपत हो।

**वैश्विक परिस्थितियों को समझकर रणनीति बना रहे लोग**

ईंधन प्रबंधन को लेकर लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के समीकरणों का असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है। ऐसे में लोग पैनिक खरीदारी करने के बजाय अपनी प्लानिंग मजबूत कर रहे हैं। लोग अब अपनी गाड़ी निकालने से पहले उसकी जरूरत का सही मूल्यांकन कर रहे हैं। इसके अलावा एक ही दिशा में जाने वाले पड़ोसी और सहकर्मी अब मिलकर गाड़ियां साझा कर रहे हैं। इससे न केवल व्यक्तिगत स्तर पर खपत घट रही है, बल्कि सड़कों पर गाड़ियों का दबाव भी कम हो रहा है।

**क्या बोले लोग**

वैश्विक माहौल को देखते हुए यह साफ है कि हमें संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना होगा। मैंने अब अपने स्मार्टफोन में रूट प्लानर एप्स का उपयोग बढ़ा दिया है, ताकि कम से कम दूरी और कम ट्रैफिक वाले रास्तों से आफिस पहुंच सकूं। इससे ईंधन की बर्बादी रुकती है और गाड़ी का माइलेज भी बेहतर होता है।

## लखनऊ यूनिवर्सिटी: 37 केंद्रों पर होंगी एलएलबी की परीक्षाएं, परीक्षा नियंत्रक ने जारी की लिस्ट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय) पाठ्यक्रम की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। यह परीक्षाएं लखनऊ सहित संबद्ध पांच जिलों में बनाए गए 37 केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के व्यवस्थित संचालन के लिए 17 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं। 37 परीक्षा केंद्रों पर 54 कालेजों के एलएलबी के छात्र-छात्राओं का केंद्र आवंटित किया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी केंद्रों की सूची के अनुसार हरदोई में छह, लखीमपुर खीरी चार, रायबरेली दो, सीतापुर पांच और लखनऊ में 20 महाविद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। एलएलबी तीन वर्षीय छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 मई से 13 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई से 16 जून तक होंगी। वहीं, एलएलबी इंटीग्रेटेड चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 मई से 15 जून, छठे सेमेस्टर की 26 मई से 16 जून, इसके आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 मई से 16 जून और 10वें सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 मई से तीन जून तक होंगी।

## राजधानी एक्सप्रेस अग्निकांड: 15 मिनट में सभी यात्रियों को निकाला बाहर?

**● मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के एक,ष्ट कोच में आग लग गई। इस हादसे के 15 मिनट के अंदर सभी 68 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के एक,ष्ट कोच में आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कोटा रेलवे डिवीजन के तहत विक्रमगढ़ आलोट और लुनीरिछा स्टेशनों के बीच, ट्रेन नंबर 12431 के क्र-1 कोच में सुबह करीब 5.15 बजे आग लगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जिस कोच में आग लगी थी, उसमें 68 यात्री सवार थे। आग का पता चलते ही 15 मिनट के अंदर कोच को खाली करा लिया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

**कैसे पाया आग पर काबू?**

पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने PTI को बताया कि आग लगने से पहले ट्रेन सुबह करीब 3:45 बजे रतलाम जंक्शन से रवाना हुई थी। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के एक,ष्ट कोच में आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कोटा रेलवे डिवीजन के तहत विक्रमगढ़ आलोट और लुनीरिछा स्टेशनों के बीच, ट्रेन नंबर 12431 के B-1 कोच में सुबह करीब 5.15 बजे आग लगी। श्रीवास्तव ने कहा, 'जिस कोच में आग लगी थी, उसे ट्रेन से अलग कर दिया गया और आग बुझाने का काम शुरू करने से पहले सुरक्षा उपाय के तौर पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक सप्लाई (OHE) को तुरंत बंद कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों की मदद करने और स्थिति पर नजर रखने के लिए मौके पर मेडिकल टीमें और आपातकालीन कर्मियों को भी भेजा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया, 'तत्काल कार्रवाई से सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। आग पर लगभग पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। दमकल की तीन गाड़ियां, एंबुलेंस और सिविल प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और मिलकर काम कर रही हैं।'

**बचाव कार्य में पांच रेलवे कर्मचारी घायल**



बचाव कार्यों से जुड़ी एक अलग घटना में, पांच रेलवे कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। ये हादसा तब हुआ, जब रतलाम जिले में मरम्मत का सामान ले जा रही एक वैन पलट गई। अधिकारियों के मुताबिक, दुर्घटना के समय वाहन श्याम नगर से आलोट तक ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन की मरम्मत और अन्य बहाली कार्यों के लिए जरूरी उपकरण ले जा रहा था। CPRO हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क पर अचानक एक गाय के आ जाने से वैन पलट गई। घायल रेलवे कर्मचारियों को तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया, जबकि मौके पर बहाली का काम जारी रहा।

## आयुष्मान की रोमांटिक कॉमेडी का हुआ कमबैक, संडे को हुई धुआंधार कमाई

**● अभिनेता आयुष्मान खुराना की लेटेस्ट फिल्म पति पत्नी और वो दो ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई में कमबैक कर लिया है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना अपनी नई फिल्म पति पत्नी और वो दो के साथ सिनेमाघरों में वापसे कर चुके हैं। रोमांटिक कॉमेडी जॉनर वाली इस फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में कमर्शियल तौर पर सफल रही हैं, लेकिन आयुष्मान की पति पत्नी और वो दो को शुरुआती दिनों में अच्छी शुरुआत नहीं मिली। लेकिन रविवार को पति पत्नी और वो दो ने बॉक्स ऑफिस पर कमबैक किया है और धुआंधार कमाई कर के दिखाई है। ऐसे में आइए जानते हैं कि रिलीज के तीसरे दिन इस मूवी का कारोबार कितना हुआ है।

**पति पत्नी और वो दो की तीसरे दिन की कमाई**

15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली पति पत्नी और वो दो को ओपनिंग डे पर कुछ खास अच्छी शुरुआत नहीं मिली। दूसरा दिन भी कमर्शियल तौर पर मूवी के लिए उम्मीद के मुताबिक नहीं गुजरा। लेकिन अब रिलीज के तीसरे दिन पति पत्नी और वो दो ने वापसी कर ली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार पति पत्नी और वो दो ने रिलीज के तीसरे दिन करीब 6 करोड़ का कारोबार कर लिया है, जो पिछले तीन दिनों में सबसे अधिक है। इस तरह से रविवार को सही मायनों में पति पत्नी और वो दो ने सफलता हासिल की है और बॉक्स ऑफिस पर अपनी छाप छोड़ी है। गौर किया जाए अब पति पत्नी और वो दो के टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो पहले तीन दिन के भीतर आयुष्मान खुराना की इस मूवी ने 17 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है। हालांकि, ओपनिग वीकेंड के लिहाज से फिल्म की कुल कमाई औसतन रही है। बता



दें कि अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म खेल खेल में के बाद एक बार फिर से निर्देशक मुदस्सर अजीज पति पत्नी और वो दो के जरिए लोगों को फिर से हंसाने के लिए आ गए हैं।

**मल्टी स्टारर फिल्म पति पत्नी और वो दो**

फिल्म पति पत्नी और वो दो कई फिल्मी सितारों से सजी हुई मूवी है। जिसमें आयुष्मान खुराना के अलावा सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी जैसी अदाकाराएं अहम भूमिका में मौजूद हैं। बता दें कि आयुष्मान की पिछली फिल्म थामा भी बॉक्स ऑफिस पर एवरेज मूवी साबित हुई थी।

## नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची सीबीआई , आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंढारे की मांगेगी रिमांड

**● नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंढारे को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची है। सीबीआई आज कोर्ट से उसकी रिमांड की मांग करेगी, जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम आज रविवार को राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची। शुक्रवार को गिरफ्तार की गई आरोपी मनीषा गुरुनाथ मंढारे को आज राउस एवेन्यू कोर्ट में पेश किया जा रहा है। सीबीआई कोर्ट से उसकी रिमांड मांगेगी। नीट यूजी पेपर लीक मामले में केमिस्ट्री का पेपर लीक करने वाले लेक्चरर पीवी कुलकर्णी के बाद सीबीआई ने बायोलाजी का पेपर लीक करने वाली लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मंढारे को भी गिरफ्तार किया था। दोनों पुणे के रहने वाले हैं। कुलकर्णी की तरह बोटनी (वनस्पति विज्ञान) की लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ ने भी पूर्व में गिरफ्तार आरोपी मनीषा बाघमारे के घर पर स्पेशल क्लास में छात्रों को बोटनी और जूलाजी दोनों के प्रश्नपत्र व उत्तर बताए थे, जोकि बाद में नीट परीक्षा में हूबहू आए। वहीं, इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की जांच नीट परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के शीर्ष अधिकारियों पर टिक गई है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कुलकर्णी व मंढारे की गिरफ्तारी के बाद नीट का पेपर पुणे, नासिक, गुरुग्राम होते हुए जयपुर तक पहुंचने और बाद में वाट्सएप, टेलीग्राम चैनल तक पहुंचने की कड़ियां खुल गई हैं और उनमें शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अब इस बात का पता लगाया जा रहा है कि कुलकर्णी और मंढारे को ये पेपर किसने दिए? सीबीएसई, जेईई, नीट समेत तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सभी विषयों के प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए पूरे देश से शिक्षकों के पैनल बनाने का प्रोटोकाल है। हर विषय के 100-150 शिक्षकों द्वारा अलग-अलग तैयार प्रश्नों को मिलाकर अंतिम प्रश्न पत्र तैयार किया जाता है। यानी किसी भी शिक्षक को यह नहीं पता होता है कि उसका कौन सा प्रश्न अंतिम प्रश्नपत्र में शामिल होगा। लेकिन कुलकर्णी व मंढारे के पास केमेस्ट्री, बायोलाजी के सारे प्रश्न थे, जिन्हें उन दोनों ने मनीषा बाघमारे के घर पर छात्रों को बताया।

## पति से विवाद के बाद युवती पानी की टंकी पर चढ़ी, आत्महत्या की धमकी दी, पुलिस ने उतारा

**लखनऊ।** गोमती नगर के विनीत खंड पांच में रविवार को एक युवती पानी की टंकी पर चढ़ गई। टंकी पर चढ़ी युवती नीचे कूद कर आत्महत्या की धमकी देने लगी। आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को समझाने का प्रयास किया। काफी देर समझाने के बाद पुलिस ने उसे नीचे उतारा। गोमती नगर इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि अयोध्या के एक गांव निवासी युवती का लखीमपुर निवासी युवक से प्रेम विवाह हुआ था। दोनों लखनऊ में रहते थे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। रविवार सुबह युवती विनीत खंड पांच स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। उसने टंकी पर चढ़कर शोर मचाते हुए आत्महत्या करने की बात कही। यह सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। उनकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक पुलिस युवती को समझाने का प्रयास करती रही। मान-मनौव्वल के बाद महिला पुलिसकर्मियों ने किसी तरह उसे नीचे उतारा। इसके बाद उसे गोमती नगर थाने ले जाया गया। पुलिस युवती से पूछताछ कर रही है।

## पूर्व विधायकों की पेंशन और सुविधाओं को चुनौती देने वाली याचिका की खारिज-हाई कोर्ट

**● इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की पेंशन व अन्य सुविधाओं को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों को पेंशन, पारिवारिक पेंशन तथा अन्य सुविधाएं दिए जाने संबंधी प्रविधानों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि पेंशन और अन्य सुविधाओं से जुड़े प्रविधान विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और इन्हें केवल नीति संबंधी असहमति के आधार पर असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की पीठ ने लोक प्रहरी संस्था के महासचिव एस.एन. शुक्ला की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में उत्तर प्रदेश राज्य विधानमंडल (सदस्यों के वेतन, भत्ते एवं पेंशन) अधिनियम, 1980 की विभिन्न धाराओं को असंवैधानिक घोषित किए जाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि पूर्व विधायकों, विधान परिषद सदस्यों तथा उनके परिजनों को पेंशन, चिकित्सा, यात्रा और अन्य सुविधाएं देना संविधान की मूल भावना के विपरीत है। साथ ही सरकार को ऐसी सुविधाओं का भुगतान तत्काल रोकने का निर्देश देने की भी




मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि विधायकों को दी जाने वाली पेंशन कोई दान या अनुग्रह नहीं बल्कि विधायी कार्यों के दौरान दी गई सार्वजनिक सेवा के बदले निर्धारित वैधानिक सुविधा है। यह भी कहा गया कि ऐसे प्रावधान विधानमंडल द्वारा बनाए गए कानून के तहत लागू हैं और इन्हें मनमाना नहीं कहा जा सकता। पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलों सुनने और अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद याचिका में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

## 'महंगाई मैन मोदी का फिर चला चाबुक', CNG के दाम बढ़ने पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर कसा तंज

**दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार सीएनजी (CNG) की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसा है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर अपने ऑफिशियल एक्स (X) अकाउंट पर भी पोस्ट शेयर की है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी पोस्ट में लिखा, ''महंगाई मैन' मोदी का चाबुक फिर चला है, सीएनजी के दाम आज फिर बढ़ गए हैं। अब तक मोदी ने CNG 3 रुपये महंगी कर दी है। चुनाव खत्म होते ही मोदी का वसूली अभियान शुरू हो गया।' कांग्रेस ने अपनी एक्स पोस्ट में सीएनजी के दाम बढ़ने वाली दोनों तारीखों का भी जिक्र किया है। कांग्रेस ने अपनी पोस्ट में बताया कि पहले 15 मई को सीएनजी के दाम में 2 रुपये बढ़ाए गए और अब 17 मई को दाम में एक रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है।

## स्वगणना के लिए बचे सिर्फ 4 दिन, करें ऑनलाइन पंजीकरण

**लखनऊ।** जनगणना 2027 के तहत प्रदेश में स्वगणना की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए अब केवल चार दिन शेष बचे हैं और लोग 22 मई तक आनलाइन स्वगणना फार्म भर सकते हैं। जनगणना कार्य निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि यदि मानचित्र पर किसी व्यक्ति का घर सही तरीके से दिखाई नहीं दे रहा है, तो वह अपने घर से 100 मीटर के दायरे में किसी भी नजदीकी स्थान को लोकेशन के रूप में पिन कर सकता है। हालांकि, यह दूरी 100 मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति तकनीकी कारणों से स्वगणना नहीं कर पाता है, तो उसे परेशान होने की जरूरत नहीं है। 22 मई से गणनाकर्मी घर-घर जाकर सभी परिवारों का डाटा एकत्र करेंगे। प्रदेश में कुल 14,983 वार्ड, 276 जनगणना नगर और 1.04 लाख गांव हैं। इनके लिए 3.90 लाख मकान सूचीकरण ब्लाक (एचएलबी) बनाए गए हैं। एक एचएलबी में 120 से 180 घर शामिल किए गए हैं। इसी आधार पर उनकी भौगोलिक सीमा तय की गई है। वेब मैप पोर्टल के जरिये एचएलबी तैयार किए गए हैं।प्रत्येक एचएलबी में करीब 700 से 800 की आबादी रखी गई है। जनगणना के दौरान डेटा संग्रह के लिए मकान सूचीकरण ब्लाक (एचएलबी) को ही प्राथमिक इकाई माना गया है।